✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



मोतिहारी में जीविका से जुड़ी महिलाओं को चेक देते सीएम सम्राट चौधरी

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 98 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 2 सितम्बर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

### मुख्यमंत्री ने किया 300 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास

# बिहार के हर क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना सरकार का लक्ष्य : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** ऐतिहासिक पूर्वी चंपारण की धरती पर मंगलवार को विकास और संस्कृति का संगम देखने को मिला। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मोतिहारी के गांधी मैदान में आयोजित बापूधाम महोत्सव-2026 का उद्घाटन करने के साथ जिले को करीब 300 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने कई योजनाओं का उद्घाटन जबकि कई नई परियोजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर गांधी मैदान में भव्य आयोजन किया गया। सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर लोगों की भीड़ जुटने लगी थी। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मुख्यमंत्री के आगमन के साथ ही पूरा गांधी मैदान उत्साह से भर गया। विकास योजनाओं में सड़क, पुल, नगर निगम की परियोजनाओं, तारामंडल, मोतीझील के विकास समेत कई महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में विकास कार्यों को गति देने और योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य बिहार के हर क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना है। पूर्वी चंपारण जैसे ऐतिहासिक जिले में विकास परियोजनाओं को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने सहयोग शिविर में आमजनों की समस्याएं सुनीं और आवेदनों का 30 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मोतिहारी के प्रेक्षागृह में आयोजित किसान समृद्धि सम्मेलन एवं बुद्धिजीवी, श्रमजीवी एवं समाजसेवी सम्मान समारोह को भी संबोधित किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय मंत्री सतीशचंद्र दूबे, सांसद राधामोहन सिंह जी समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी रही। सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को सशक्त बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देने के साथ मोतिहारी में नई चीनी मिल की स्थापना, डेयरी क्षेत्र को मजबूत करने एवं मत्स्य समृद्धि क्लस्टर विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसान समृद्ध होगा तभी बिहार समृद्ध होगा।





## नीट प्रदर्शनकारियों पर दर्ज सभी एफआइआर रद्द, पीड़ितों को मिलेगा मुआवजा : सुप्रीम कोर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** नीट-यूजी पेपर लीक के खिलाफ हुए प्रदर्शन में शामिल छात्रों पर दर्ज एफआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने आर्टिकल 142 के तहत मिले अपने विशेष अधिकार का इस्तेमाल करते हुए दिल्ली और चार राज्यों में दर्ज एफआईआर रद्द करने का आदेश दिया। साथ ही सीजेपी ने केंद्र के कदम और कोर्ट के आदेश को देखते हुए पांच सितंबर को प्रस्तावित मार्च वापस ले लिया। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के अलावा असम, महाराष्ट्र, बंगाल और बिहार में नीट प्रदर्शन से जुड़ी एफआईआर रद्द करने का आदेश दिया। ये मामले 20 से 25 जुलाई के बीच हुए प्रदर्शन से जुड़े थे। दिल्ली पुलिस और चार राज्य सरकारों ने कोर्ट से आर्टिकल 142 के तहत इन मामलों को खत्म करने की मांग की थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने मामले पर सुनवाई की और एफआईआर रद्द करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार प्रदर्शनकारियों से बातचीत में दिए गए भरोसे पर कायम है। उन्होंने बताया कि नीट प्रदर्शन के दौरान आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को मुआवजा दिया जाएगा। केंद्र ने इसके लिए तीन महीने का समय मांगा है। मुआवजे का तरीका तय करने के लिए अलग-अलग राज्य सरकारों और संबंधित पक्षों से बातचीत की जाएगी। कोर्ट ने प्रदर्शन से जुड़े मामलों में राहत दी है लेकिन केंद्र को 2873 ऐसे लोगों के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज करने की अनुमति दी है जिनके बारे में आपराधिक इतिहास होने की बात कही गई है। सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट को बताया कि इन लोगों का आपराधिक रिकॉर्ड है।



## संक्षिप्त समाचार

### गंगा में समाया सौ साल पुराना चैती दुर्गा मंदिर

**भागलपुर(नबिटा ब्यूरो)।** नवगछिया के राघोपुर जमींदारी तटबंध पर मंगलवार सुबह गंगा का कटाव और भयावह हो गया। तेज धारा और लगातार हो रहे कटाव की चपेट में करीब सौ वर्ष पुराना चैती दुर्गा मंदिर भी आ गया। देखते ही देखते मंदिर का बड़ा हिस्सा गंगा की तेज धार में समा गया। मंदिर के गंगा में समाने की खबर फैलते ही आसपास के इलाके में दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति आक्रोश भी देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि तटबंध पर लगातार कटाव हो रहा था और समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए जाने से स्थिति गंभीर होती चली गई।

### चिराग पासवान को फिर मिली जान से मारने की धमकी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रा.) के प्रमुख चिराग पासवान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। उन्हें डाक के जरिए भेजे गए पत्र में जल्द हत्या किए जाने की चेतावनी दी गई है। पत्र में लिखा है कि आपको जल्द ही हार्डकोर आतंकियों द्वारा मार दिया जाएगा। धमकी सामने आने के बाद मामला सुरक्षा एजेंसियों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है। चिराग पासवान को भेजे गए धमकी भरे पत्र में सीधे उनकी हत्या की चेतावनी दी गई है। पत्र भेजने वाले ने दावा किया है कि उन्हें जल्द ही हार्डकोर आतंकियों के हाथों मार दिया जाएगा।

### हाइवा ने बाइक सवार महिला-पुरुष को कुचला

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** मगध विश्वविद्यालय के समीप तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार एक महिला और पुरुष को कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस उनकी पहचान करने में जुटी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### युवक की गोली मारकर हत्या

**नवादा(नबिटा ब्यूरो)।** हिसुआ में टीएस कॉलेज के पास बाइक सटने को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक को गोली मार दी गई। गंभीर हालत में नवादा ले जाने के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पियूष कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार हिसुआ के टीएस कॉलेज के समीप पीयूष कुमार बाइक से एडमिशन लेने जा रहा था। इसी दौरान बाइक एक कार से सट गया। इसको लेकर विवाद हो गया। घटना की सूचना मिलते ही हिसुआ थाना की पुलिस मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने घटनास्थल से एक कार और एक बुलेट बाइक जब्त किया है।

## सरकारी काम में लापरवाही के मामलों में 13 अधिकारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में जमीन से जुड़े काम को लेकर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने सख्ती दिखाई है। दाखिल-खारिज, परिमार्जन और दूसरे सरकारी काम में लापरवाही के मामलों में 13 अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई आगे बढ़ाई गई है। इन मामलों को 1 सितंबर को विभागीय मंत्री ने मंजूरी दी है। कार्रवाई की जद में नवादा के भूमि सुधार उप समाहर्ता यानी डीसीएलआर गौरव शंकर, लखीसराय की तत्कालीन सीओ सुप्रिया आनंद, फुलवारीशरीफ के तत्कालीन सीओ चंदन कुमार और मानपुर के तत्कालीन सीओ सुबोध कुमार समेत कई अधिकारी हैं। नवादा के डीसीएलआर गौरव शंकर पर आरोप है कि टाइटल सूट का मामला कोर्ट में चल रहा था, इसके बावजूद उन्होंने अपील करने वाले पक्ष के पक्ष में फैसला दिया। इस मामले में उनके खिलाफ तैयार आरोप पत्र सामान्य प्रशासन विभाग को भेज दिया गया है। लखीसराय की तत्कालीन सीओ सुप्रिया आनंद पर बिना बताए दफ्तर से गायब रहने का आरोप है। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों के साथ गलत व्यवहार और बिचौलियों के जरिए दाखिल-खारिज व परिमार्जन कराने के आरोप भी लगाए गए हैं। पटना के फुलवारीशरीफ की तत्कालीन सीओ चंदन कुमार पर जमीन के असली रकबे से ज्यादा दाखिल-खारिज करने का आरोप है। गया के मानपुर के तत्कालीन सीओ सुबोध कुमार पर पार्टीशन सूट का मामला चलने के बाद भी गलत तरीके से दाखिल-खारिज करने का आरोप है।

# सड़क हादसे में दंपति समेत चार की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को सड़क दुर्घटनाओं में दंपति समेत चार लोगों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजमार्ग संख्या - 19 पर अंजनवा मोड़ के समीप सड़क पार करते समय बाइक सवार दंपति को एक अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी जिसमें मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मृत दंपति की पहचान सलैया थाना क्षेत्र के ग्राम जोगड़ी निवासी प्रहलाद पाल और उनकी पत्नी उर्मिला देवी के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार शिक्षिका उर्मिला देवी अपने पति प्रहलाद पाल के साथ बाइक पर सवार होकर अंजनवा स्थित मध्य विद्यालय जा रही थीं। जैसे ही वे अंजनवा मोड़ के पास पहुंची तभी विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। घटना के तुरंत बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने शवों को सड़क पर रखकर राष्ट्रीय राजमार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया। सड़क जाम होने के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों छोरों पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं जिससे यात्रियों को भारी फजीहत का सामना करना पड़ा। हादसे की सूचना प्राप्त होते ही पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, जिला पार्षद शंकर यादवेंदु, एसडीओ गौरव सिंह, मदनपुर के अंचलाधिकारी अकबर हुसैन, प्रभारी बीडीओ दीपक कुमार, मदनपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार, सलैया थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा आदि मौके पर पहुंचे। सभी ने आक्रोशित ग्रामीणों से वार्ता कर उन्हें सरकारी प्रावधानों के तहत उचित मुआवजा दिलाने और कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम समाप्त कराया। तत्पश्चात पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया है। दूसरी घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के ही पड़रिया गांव में हुई जहां तेज रफ्तार कार ने घर के दरवाजे पर बैठी दो बुजुर्ग महिलाओं को कुचल दिया जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते पूरे इलाके में मातम पसर गया। मृतकों में पड़रिया गांव निवासी स्व. यमुना महतो की 62 वर्षीय पत्नी बरती देवी और तपसी महतो की 83 वर्षीय पत्नी प्यारी कुंवर शामिल है। सूचना पर मदनपुर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मदनपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि हादसे के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## 75 हजार रुपये रिश्वत लेते बीडीओ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बांका।** जिले में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फुल्लीडूमर के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अमित प्रताप सिंह को 75 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। पटना से पहुंची निगरानी टीम ने मंगलवार को बांका शहर के नेहरू कॉलोनी स्थित बीडीओ के निजी आवास पर ट्रैप की कार्रवाई की। इस दौरान बीडीओ के मामा बच्चन प्रसाद सिंह को भी हिरासत में लिया गया है। दोनों को पूछताछ के लिए बांका परिसदन ले जाया गया। निगरानी विभाग के मुताबिक फुल्लीडूमर प्रखंड प्रमुख गौतम प्रकाश ने बीडीओ के खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायत की थी। आरोप था कि पंचायती राज विभाग से जुड़ी विभिन्न विकास योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति और राशि की निकासी के एवज में 75 हजार रुपये की मांग की जा रही थी। शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग ने पहले आरोपों का सत्यापन कराया। सत्यापन में रिश्वत मांगने की पुष्टि होने के बाद टीम ने बीडीओ को रंगे हाथ पकड़ने की योजना बनाई। मंगलवार को डीएसपी स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में निगरानी की टीम पटना से बांका पहुंची। टीम ने नेहरू कॉलोनी स्थित बीडीओ के निजी आवास के आसपास निगरानी शुरू कर दी। शिकायतकर्ता को तय रकम के साथ बीडीओ के आवास पर भेजा गया। बताया जा रहा है कि जैसे ही 75 हजार रुपये का लेन-देन हुआ, निगरानी टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए बीडीओ अमित प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उनके मामा बच्चन प्रसाद सिंह को भी हिरासत में लिया गया। दोनों से बांका परिसदन में पूछताछ की जा रही है।



## बिहार में खुलेगा एनएसडी का कैंपस, कलाकारों को मिलेगा पेशेवर प्रशिक्षण : सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के युवा कलाकारों और रंगकर्मियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। राज्य में अब राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय यानी नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) का नया कैंपस खुलेगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अनुरोध पर केंद्र सरकार ने बिहार में एनएसडी कैंपस की स्थापना को सहमति दे दी है। मुख्यमंत्री ने इस फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के प्रति आभार जताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनएसडी कैंपस की स्थापना बिहार की समृद्ध नाट्य और प्रदर्शन कला परंपरा को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान और नई संभावनाएं प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की सांस्कृतिक विरासत बेहद समृद्ध रही है और राज्य की पहचान साहित्य, लोक कला, नाटक और प्रदर्शन कलाओं से जुड़ी रही है। यह कालिदास, रामवृक्ष बेनीपुरी और भिखारी ठाकुर जैसी महान विभूतियों की भूमि है। बिहार के लोक नाट्य और प्रदर्शन कलाओं की अपनी विशिष्ट और गौरवशाली परंपरा रही है। ऐसे में राज्य में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय का कैंपस खुलने से इस सांस्कृतिक विरासत को संस्थागत मजबूती मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री के अनुसार बिहार में एनएसडी कैंपस की स्थापना होने के बाद राज्य के युवा कलाकारों को पेशेवर नाट्य प्रशिक्षण के लिए दूसरे राज्यों में जाने की मजबूरी कम होगी। उन्हें अपने ही राज्य में अभिनय, स्टेजक्राफ्ट, प्रदर्शन कला और रंगमंच से जुड़े विभिन्न विषयों का पेशेवर प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही नाट्य और प्रदर्शन कला के क्षेत्र में उन्नत शोध के लिए भी बेहतर संस्थागत सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि एनएसडी कैंपस बिहार के प्रतिभाशाली युवा कलाकारों के लिए नए अवसरों का द्वार खोलेगा। राज्य में बड़ी संख्या में ऐसे युवा हैं जो अभिनय, रंगमंच और प्रदर्शन कला के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं लेकिन बेहतर और पेशेवर प्रशिक्षण के लिए उन्हें दिल्ली या देश के दूसरे बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। बिहार में एनएसडी कैंपस खुलने के बाद इन कलाकारों को राज्य में ही गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिलने की संभावना बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि बिहार सरकार ने पहले से ही नाट्य कलाओं के संरक्षण, संवर्धन और समन्वय के उद्देश्य से बिहार संगीत नाट्य अकादमी की स्थापना की है। ऐसे में एनएसडी का नया कैंपस राज्य में रंगमंच और प्रदर्शन कला के क्षेत्र में चल रहे प्रयासों को और मजबूती देगा। सरकार का मानना है कि राष्ट्रीय स्तर के इस संस्थान की मौजूदगी से बिहार में थिएटर की नई पीढ़ी तैयार होगी और स्थानीय कलाकारों को पेशेवर मंच तक पहुंचने में मदद मिलेगी। एनएसडी कैंपस की स्थापना के लिए बिहार सरकार भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार संस्थान के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराएगी। इसके साथ ही भवन निर्माण की स्वीकृत लागत का 50 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार वहन करेगी। कैंपस की स्थापना से जुड़े अन्य प्रशासनिक कार्यों में भी राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग दिया जाएगा ताकि संस्थान की स्थापना की प्रक्रिया जल्द पूरी हो सके।

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

बिहारभूमि पोर्टल-जमीन से जुड़ी हर जानकारी, हर सेवा, एक ही पोर्टल पर
https://biharbhumi.bihar.gov.in/

भू-अभिलेख पोर्टल के माध्यम से अब घर बैठे पाएं डिजिटल अभिलेखों की अभिप्रमाणित प्रति



जमीन से जुड़े राजस्व अभिलेखों की डिजिटल अभिप्रमाणित प्रति प्राप्त करने के लिए कार्यालय का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। नागरिक अब घर बैठे ही राजस्व अभिलेखों की डिजिटल अभिप्रमाणित प्रति प्राप्त कर सकते हैं।

डिजिटल अभिप्रमाणित प्रति पाने के आसान चरण :

- बिहारभूमि पोर्टल पर जाकर भू-अभिलेख पोर्टल https://bhuabhilekh.bihar.gov.in/ पर क्लिक करें। अपने मोबाइल नंबर से लॉगिन करें। नए उपयोगकर्ता पहले अपना पंजीकरण करें।
- अभिलेख का प्रकार चुनें। जिला, अंचल, मौजा, वाद संख्या, वर्ष, खाता, खेसरा आदि का उपलब्ध विवरण दर्ज कर **Search** पर क्लिक करें।
- संबंधित अभिलेख के सामने **View** पर क्लिक कर उसकी स्कैन कॉपी देखें।
- डिजिटल अभिप्रमाणित प्रति प्राप्त करने के लिए **Apply for Download Copy** पर क्लिक करें।
- यदि इच्छित भूमि के रिकार्ड का डिजिटल प्रति उपलब्ध नहीं है तो **Rise Request /अनुरोध दर्ज करें** विकल्प पर क्लिक कर अनुरोध करें।
- आवश्यक पृष्ठों का चयन करें। देय राशि की जानकारी देखें और **Send Application** के बाद **Make Payment** के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करें।
- भुगतान के बाद प्राप्त रसीद को सुरक्षित रखें। अपने आवेदन की स्थिति जानने के लिए **Track Application** विकल्प का उपयोग करें।

ध्यान दें: भौतिक रुप से दस्तावेज प्राप्त करने की व्यवस्था अब समाप्त कर दी गई है। नागरिक केवल ऑनलाइन माध्यम से ही इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

स्पष्ट भू संपदा, सुशासन, समृद्धि से शांति सर्वदा

शिकायत एवं सुझाव के लिए जन शिकायत पोर्टल https://biharbhumi.bihar.gov.in पर जायें।

बिहारभूमि वेबसाइट पर जाने के लिए QR कोड स्कैन करें।

PR No.- 010974 (Revenue)D. 2026-27

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार द्वारा जनहित में जारी। Follow Us #BiharRevenueAndLandReformsDept

# जीविका से संवर रहा बिहार : तंगी और कर्ज के अंधेरे से निकल कर ग्रामीण महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कभी आर्थिक तंगी, सीमित संसाधन, साहूकारों के कर्ज और परिवार की बढ़ती जिम्मेदारियों के बीच जीवन गुजारने को मजबूर ग्रामीण महिलाओं ने जब जीविका स्वयं सहायता समूह का हाथ थामा तो उनके जीवन में बदलाव की एक नई शुरुआत हुई। छोटी-छोटी बचत से शुरू हुई यह यात्रा आज स्वरोजगार, उद्यमिता, सम्मान और आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुकी है। जीविका समूहों ने महिलाओं को न केवल बचत और ऋण की सुविधा दी, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास, प्रशिक्षण, वित्तीय अनुशासन और अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर भी दिया। समूह के माध्यम से ऋण लेकर महिलाओं ने अपनी रुचि और स्थानीय बाजार की जरूरत के अनुसार मसाला उत्पादन, खाद्य प्रसंस्करण, आटा पिसाई और मशरूम उत्पादन जैसे उद्यम शुरू किए और आज वह सालाना लाखों की आमदनी कर रही हैं। भागलपुर की नूतन देवी ने समूह से ऋण लेकर आटा-चक्की स्थापित की और बाद में मसाला उत्पादन शुरू कर अपने व्यवसाय का विस्तार किया। आज उनकी मासिक आय लगभग 20-25 हजार रुपये तक पहुंच गई है। इसी जिले की सविता देवी और नीलम देवी ने भी समूह से ऋण लेकर मसाला उत्पादन शुरू किया और अपने उत्पादों को स्थानीय बाजार तक पहुंचाकर अपनी पहचान बनाई। किशनगंज की असीना खातून की कहानी ग्रामीण उद्यमिता की बड़ी मिसाल है। उन्होंने घर से हस्तनिर्मित मसाला उत्पादन शुरू किया और धीरे-धीरे अपने उत्पादों की बिक्री आसपास के जिलों के साथ-साथ पश्चिम बंगाल तक पहुंचाई। उनके उद्यम से लगभग 40 जीविका दीदियों को रोजगार मिला और उनकी मासिक आय आज लगभग 60 हजार रुपये तक पहुंच चुकी है। विभिन्न मेलों और एक्सपो में भागीदारी व पुरस्कार ने उनके उद्यम को नई पहचान दी है। नालंदा की बीबी तराना बताती हैं कि जीविका के सहयोग और प्रशिक्षण से मसाला उत्पादन को व्यवस्थित रूप दिया गया। गुणवत्ता और शुद्धता को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने अपने उत्पादों के लिए ग्राहकों का विश्वास बनाया। आज उनका वार्षिक कारोबार लगभग 3.40 लाख रुपये से अधिक है। इसी जिले की मंजुला कुमारी ने भी जीविका से जुड़कर मशरूम उत्पादन से अपनी उद्यमिता की शुरुआत की।




बिहार की ग्रामीण महिलाएं आज स्वावलंबन और महिला सशक्तिकरण की नई मिसाल पेश कर रही हैं। स्वावलंबी दीदियां बिहार को आर्थिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कभी आर्थिक तंगी, सीमित संसाधन और कर्ज के बोझ तले जीने को मजबूर हमारी बहनों के जीवन में जीविका स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने के बाद एक अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। उनकी छोटी-छोटी बचत से शुरू हुआ यह सफर आज स्वरोजगार, उद्यमिता और सम्मानजनक जीवन का पर्याय बन चुका है।

**श्रवण कुमार**
**(ग्रामीण विकास और जन सम्पर्क मंत्री)**

## केपटाउन में जलवायु अनुकूलन पर संसदीय नेतृत्व की भूमिका रखेंगे डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना ।** दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में 13 से 19 सितंबर 2026 तक आयोजित होने वाले 69वें कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सीपीए) सम्मेलन में बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार जलवायु परिवर्तन की चुनौती के बीच संसदीय नेतृत्व की भूमिका पर भारत का पक्ष रखेंगे। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की बैठक हुई जिसमें डॉ. प्रेम कुमार सहित प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक में सम्मेलन के दौरान होने वाले विभिन्न सत्रों, प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले विषयों और भारत की कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा हुई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल के प्रत्येक सदस्य को अलग-अलग महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार



रखने हैं। डॉ. प्रेम कुमार 'जलवायु अनुकूलन और लचीलापन बढ़ाने में संसदीय नेतृत्व की भूमिका' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। बैठक में भारत सरकार के विदेश सचिव सहित विभिन्न विभागों के सचिवों ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को सम्मेलन के लिए निर्धारित छह विषयों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न सत्रों में भारत का पक्ष प्रभावी और मजबूती से रखने की रणनीति से भी प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराया। 69वें सीपीए सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश करेंगे। सम्मेलन में राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के प्रतिनिधियों के बीच जलवायु परिवर्तन, लोकतांत्रिक संस्थाओं और संसदीय कार्यप्रणाली सहित विभिन्न वैश्विक विषयों पर विचार-विमर्श होगा। सम्मेलन में डॉ. प्रेम कुमार का जलवायु अनुकूलन और आपदा के प्रति लचीलापन बढ़ाने में संसदों की भूमिका पर विचार रखना बिहार के संदर्भ में भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जहां बाढ़, सूखा और बदलते मौसम का प्रभाव लगातार विकास की चुनौती बन रहा है।

## डिम्पी गर्ग बने पूर्व मध्य रेल के नए महाप्रबंधक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हाजीपुर।** डिम्पी गर्ग ने पूर्व मध्य रेल के नए महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया। इसके पूर्व उत्तर रेलवे, नई दिल्ली में प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता के पद पर पदस्थापित थे। डिम्पी गर्ग 'भारतीय रेल यांत्रिक इंजीनियरिंग सेवा' के 1990 बैच के एक ख्याति प्राप्त अधिकारी हैं। श्री गर्ग स्पेशल क्लास रेलवे अप्रेंटिसशिप के द्वारा भारतीय रेल सेवा में आए। वे अपने बैच के टॉपर और गोल्ड मेडलिस्ट थे। 32 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ श्री गर्ग ने भारतीय रेलवे के बुनियादी ढांचे के निर्माण, रोलिंग स्टॉक, परिचालन, संरक्षा, प्लानिंग एवं पॉलिसी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तत्कालीन पश्चिम रेलवे के आबू रोड में एएमई/डीजल के रूप में अपनी रेलसेवा शुरू की और उसके बाद उत्तर रेलवे तथा रेलवे बोर्ड में विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए अपनी महत्वपूर्ण सेवा दे चुके हैं। उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर, अपर मंडल रेल प्रबंधक तथा मंडल रेल प्रबंधक के साथ ही उत्तर रेलवे, मुख्यालय में प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी तथा प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर के रूप में भी कार्य किया है। आरवीएनएल में अपर महाप्रबंधक तथा रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक/कोचिंग तथा कार्यकारी निदेशक/संरक्षा जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे चुके हैं। परियोजना निष्पादन और रेलवे इंजीनियरिंग में उत्कृष्टता के लिए विभिन्न स्तरों पर कई पुरस्कार प्राप्त करने का गौरव हासिल है। वर्ष 2001 में सीडीओ/मुंबई सेंट्रल के तौर पर कार्य करते हुए आपने मुंबई सेंट्रल कोचिंग डिपो को पूरी तरह से बेहतर बनाने और आईएसओ 9002 सर्टिफिकेशन प्राप्त करने वाला भारतीय रेलवे का पहला कोचिंग डिपो बनाने में आपके उल्लेखनीय योगदान के लिए जीएम एवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही वर्ष 2007 में, रेलवे बोर्ड में डायरेक्टर प्लानिंग (एमई) के तौर पर काम करते हुए रोलिंग स्टॉक की जरूरतों के असेसमेंट और वार्षिक योजना बनाने में उत्कृष्ट योगदान के लिए रेल मंत्री द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## संजय कुमार सिंह ने किया प्रभारी सचिव का पदभार ग्रहण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पूनम सिन्हा, निदेशक-सह-प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा की सेवानिवृत्ति के पश्चात संजय कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक, बिहार विधान सभा सचिवालय को 01.09.2026 के पूर्वा. से प्रभारी सचिव के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत किया है। वर्तमान में वे सभा सचिवालय में वरिष्ठतम पदाधिकारी हैं। उन्होंने वर्ष 1993 में जनसंपर्क पदाधिकारी (राजपत्रित पदाधिकारी) के रूप सभा सचिवालय में अपना योगदान दिया था। उन्होंने आज मुख्य भवन स्थित सचिव के कार्यालय कक्ष में प्रभारी सचिव का पदभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर सभा सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण ने भेंट कर उन्हें आगामी कार्यकाल के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## भारतीय सभ्यता, संस्कृति और संस्कार संस्कृत से ही संभव : डॉ. मुकेश कुमार ओझा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजकीय महिला महाविद्यालय, गुलजारबाग के संस्कृत विभाग के तत्वावधान में 'संस्कृत सप्ताह समारोह' का भव्य आयोजन अत्यंत उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मुकेश कुमार ओझा, महाविद्यालय की प्राचार्या श्रुति तेतरवे एवं दिल्ली स्थित लेडी श्री राम महाविद्यालय की संस्कृत की छात्रा मोनिका झा की गरिमामयी उपस्थिति रही। तत्पश्चात वैदिक मंगलाचरण मोनिका झा तथा लौकिक मंगलाचरण डॉ. पूनम द्वारा प्रस्तुत किया गया। अतिथियों के औपचारिक स्वागत के उपरांत छात्रा राधा एवं खुशी ने मधुर स्वर में स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिताओं में न केवल संस्कृत विभाग, बल्कि अंग्रेजी,



सामाजिक विज्ञान तथा इतिहास आदि अन्य विभागों की छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में खुशी, ज्योति, शीतल, स्नेहा, मीनाक्षी, प्रज्ञा, राधा, आरती, सिमरन, सत्यम, सृष्टि एवं शमा आदि छात्राओं ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महाविद्यालय की प्राचार्या श्रुति तेतरवे ने अपने उद्बोधन में संस्कृत को समस्त भाषाओं की जननी बताते हुए कई रोचक उदाहरण प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने अपने ओजस्वी वक्तव्य में संस्कृत दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी को दैनंदिन जीवन में संस्कृत संभाषण हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा 'भारतीय सभ्यता, संस्कृति और संस्कारों का संरक्षण एवं संवर्धन केवल संस्कृत के माध्यम से ही संभव है।' लेडी श्री राम महाविद्यालय, दिल्ली की छात्रा मोनिका झा ने अपनी सुमधुर आवाज में आधुनिक संस्कृत गीत प्रस्तुत कर संपूर्ण सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का सफल एवं कुशल संचालन संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. रंजू कुमारी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. कुमारी मणि द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## दलितों को ज्ञान देने से पहले तेजस्वी यादव अपने राजनीतिक प्रतिनिधित्व का हिसाब दें : डॉ. संतोष कुमार सुमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सरकार के मंत्री एवं हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने तेजस्वी यादव की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आरक्षण और सामाजिक न्याय पर लंबा भाषण देने से पहले तेजस्वी यादव को समाज के सबसे वंचित दलितों के सवालों का जवाब देना चाहिए। हम आरक्षण समाप्त करने की नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करने की बात कर रहे हैं कि उसका लाभ समाज के सबसे पीछे खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। केवल आरक्षण का प्रतिशत बढ़ा देना ही सामाजिक न्याय नहीं है। असली सवाल यह है कि आरक्षण का लाभ किन लोगों तक पहुंच रहा है और जो जातियां व समुदाय आज भी शिक्षा, नौकरी और राजनीतिक प्रतिनिधित्व में सबसे पीछे हैं उन्हें उनका उचित हिस्सा कब मिलेगा। तेजस्वी यादव पहले यह बताएं कि उनकी पार्टी ने आज तक सामान्य सीटों पर कितने दलितों को टिकट दिया है। कितने दलित नेताओं को गैर-आरक्षित सीटों से चुनाव लड़कर विधानसभा और लोकसभा में भेजा है। अगर सामान्य सीटों पर दलितों को अवसर नहीं दिया गया, तो क्यों नहीं दिया गया।

## सार्वजनिक जल संचयन संरचनाओं को अतिक्रमण मुक्त कराना विभाग की प्राथमिकता : जायसवाल

### तालाब, पोखर, आहर और पइन की पहचान कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई होगी तेज : जय सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की तरफ से मंगलवार को राजस्व सर्वे (प्रशिक्षण) संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना में 'जल-जीवन-हरियाली दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 'सार्वजनिक जल संचयन संरचनाओं यथा-तालाबों, पोखरों, आहरों एवं पईनों को चिन्हित कर अतिक्रमण मुक्त कराना' विषय पर विस्तृत परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य में



सार्वजनिक जल संचयन संरचनाओं की पहचान कर उन्हें अतिक्रमण मुक्त कराना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि तालाब, पोखर, आहर और पइन जैसी महत्वपूर्ण सार्वजनिक जल संरचनाएं पर्यावरण संरक्षण, भू-जल स्तर को बनाए रखने तथा आम लोगों की जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। राजस्व मंत्री ने कहा कि जल स्रोतों और सार्वजनिक जल संचयन संरचनाओं पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण गंभीर विषय है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ऐसे मामलों में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करेगा और चिन्हित अतिक्रमणों को हटाने की प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लगे सभी 15 विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों को और बेहतर तरीके से करने के लिए टीम के अन्य सदस्यों से उनके विचार जाना। मंत्री ने कहा कि इस दिशा में हम सभी को आगे की सोच के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी सोच से ये अभियान धरती पर उतरा। इसका परिणाम भी सामने है। आज हरित पट्टी और जल संरचनाओं को अतिक्रमण मुक्त कराने में सकारात्मक परिणाम मिला है।

## एम्स पटना के एनेस्थिसियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष बने प्रो. डॉ. निशांत सहाय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना के एनेस्थिसियोलॉजी, पेन मेडिसिन एवं क्रिटिकल केयर विभाग के नए विभागाध्यक्ष का दायित्व प्रो. डॉ. निशांत सहाय ने संभाला। उन्होंने यह जिम्मेदारी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. उमेश कुमार भदानी के सेवानिवृत्त होने के पश्चात ग्रहण की है। प्रो. डॉ. उमेश कुमार भदानी और प्रो. डॉ. निशांत सहाय दोनों मार्च 2013 में एम्स पटना से जुड़े थे। प्रो. डॉ. निशांत सहाय एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद् एवं चिकित्सक हैं। वे विभिन्न चिकित्सा जर्नलों में संपादक, परीक्षक तथा अकादमिक गतिविधियों में सक्रिय योगदानकर्ता के रूप में अपनी भूमिका निभाते रहे हैं। उनके शैक्षणिक, चिकित्सकीय एवं प्रशासनिक अनुभव से विभाग को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। वे वर्तमान में एम्स पटना में चीफ वार्डन, ब्वॉयज हॉस्टल की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं।

## केवाइपी बचाओ महाआंदोलन के आठवें दिन उग्र हुआ आंदोलन, सामूहिक भूख हड़ताल शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में करीब दस वर्षों से संचालित कुशल युवा कार्यक्रम केंद्रों के रिन्यूवल, नामांकन एवं प्रशिक्षण तत्काल शुरू करने तथा लंबित भुगतान की मांग को लेकर चल रहा केवाईपी बचाओ महाआंदोलन मंगलवार को आठवें दिन और अधिक उग्र हो गया। राज्य के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में केवाईपी केंद्र संचालक पटना पहुंचे और नियोजन भवन, भाजपा कार्यालय एवं जदयू कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कई जिलों से केवाईपी में नामांकित छात्र-छात्राओं ने भी आंदोलन में शामिल होकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के दौरान केंद्र संचालकों ने सरकार एवं विभाग से केवाईपी केंद्रों



का तत्काल रिन्यूवल कर नामांकन एवं प्रशिक्षण शुरू करने तथा महीनों से लंबित बिलों का भुगतान करने की मांग की। प्रदर्शन के बावजूद विभाग अथवा सरकार की ओर से कोई ठोस जवाब या सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर आंदोलनकारी वापस धरना स्थल गर्दनीबाग पहुंचे। इसके बाद केंद्र संचालकों ने पूर्व घोषणा के अनुसार सामूहिक भूख हड़ताल शुरू कर दी। भूख हड़ताल पर बैठे केंद्र संचालकों ने स्पष्ट कहा कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका अनशन जारी रहेगा। इसी बीच पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव धरना स्थल पर पहुंचे और आंदोलनरत केवाईपी केंद्र संचालकों को संबोधित किया। उन्होंने केवाईपी केंद्र संचालकों की मांगों का जोरदार समर्थन करते हुए उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।

## भारत बना दुनिया का संकटमोचक, प्रो.रणबीर नंदन ने गिनाए ऐतिहासिक काम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया के लिए सबसे भरोसेमंद संकटमोचक बनकर उभरा है। अगस्त 2026 में नेपाल की भोट कोशी और त्रिशूली नदी में आई विनाशकारी बाढ़ के दौरान भारत ने 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर' यानी सबसे पहले मदद पहुंचाने वाले देश की भूमिका निभाई है। भारतीय वायुसेना के विमानों ने काठमांडू में अब तक 68.5 टन राहत और मानवीय सहायता सामग्री पहुंचाई है। भाजपा की 'सेवा ही संगठन' नीति के तहत भारत बिना किसी स्वार्थ के यह ऐतिहासिक मदद कर



रहा है। प्रो. नंदन ने बताया कि नेपाल को दी गई इस त्वरित मदद में भारी मात्रा में खाद्य सामग्री, खाने के पैकेट, जरूरी दवाइयां और पानी साफ करने वाली क्लोरीन टैबलेट शामिल हैं। इसके अलावा बेघर हुए प्रभावित परिवारों के सुरक्षित आवास और स्वच्छता के लिए तिरपाल, प्लास्टिक शीट, टेंट, कंबल, स्लीपिंग बैग, मच्छरदानी तथा हाइजीन व डिग्निटी किट भी भेजी गई हैं।

## बिहार की शिक्षा व्यवस्था बदहाल, वित्तरहित शिक्षकों की तुरंत सुध ले सरकार : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने सदाकत आश्रम में आयोजित विशेष प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राज्य की बदहाल शिक्षा व्यवस्था और हजारों वित्तरहित शिक्षकों की लगातार हो रही अनदेखी को लेकर बिहार सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार की उदासीनता के कारण बिहार की शिक्षा व्यवस्था गंभीर संकट से गुजर रही है और वित्तरहित शिक्षक वर्षों से अपनी जायज मांगों के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं। राजेश राम ने कहा कि 1982 में तत्कालीन मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्रा के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने



दूरदृष्टि और दृढ़ संकल्प के साथ बिहार के दूर-दराज और ग्रामीण इलाकों तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए वित्तरहित शिक्षकों एवं कर्मचारियों की समायोजन और बहाली की ऐतिहासिक पहल की थी। कांग्रेस सरकार की उस सोच का उद्देश्य था कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे भी अपने गांव और आसपास के क्षेत्रों में बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि आज भी हजारों वित्तरहित शिक्षक विपरीत परिस्थितियों में शिक्षा की ज्योति जलाए हुए हैं, लेकिन वर्तमान सरकार उनके योगदान और समस्याओं के प्रति पूरी तरह उदासीन बनी हुई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में पर्याप्त कॉलेज नहीं होने के कारण गरीब, एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के हजारों छात्र उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं।

## त्योहारी सीजन में लगभग 150 अंतर्राज्यीय बसों का होगा परिचालन

### 73 नॉन-एसी और 3 एसी डीलक्स बसें पहुंचीं पटना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** आने वाले महीनों में त्योहारों की भरमार है। इसका ध्यान रखते हुए बिहार राज्य पथ परिवहन निगम ने प्रवासी बिहारियों, छात्रों और यात्रियों की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। निगम अन्य राज्यों से बिहार आने वाले यात्रियों के लिए करीब 150 अंतर्राज्यीय बसों का संचालन करेगा। इनमें डीलक्स एसी और नॉन एसी बसें शामिल हैं। ये त्योहारी बसें मुख्य रूप से दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और झारखंड के प्रमुख रूटों पर संचालित होंगी। निगम के अनुसार अब तक 73 नॉन-एसी और 3 एसी बसें पटना पहुंच गई हैं। त्योहारी बसों को टाटा मोटर्स कंपनी से लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत पर खरीदा गया है। प्रत्येक बस में 50 यात्रियों के बैठने के लिए आरामदायक पुशबैक सीटें, सीसीटीवी कैमरे और मोबाइल चार्जिंग पॉइंट जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। एसी बसों को प्राथमिकता देते हुए प्रमुख अंतर्राज्यीय मार्गों पर चलाने की योजना है। दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा और अन्य राज्यों में रहने वाले लाखों बिहारी त्योहारों के दौरान घर लौटने के लिए अक्सर ट्रेनों की भारी भीड़ और टिकट की कमी का सामना करते हैं। ये नई बसें उन्हें आरामदायक और सुरक्षित यात्रा का विकल्प प्रदान करेंगी।

## रैयाम और सकरी में नई सहकारी चीनी मिलों के स्थापना कार्य को तय समय सीमा में पूरा करें : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में बंद पड़ी चीनी मिलों को पुनर्जीवित कर गन्ना किसानों, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि-आधारित उद्योगों को नई गति देने की दिशा में राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण पहल की है। सात निश्चय-3 के अंतर्गत 'समृद्ध उद्योग-सशक्त बिहार' के लक्ष्य के तहत दरभंगा के रैयाम और मधुबनी के सकरी में नई सहकारी चीनी मिलों की स्थापना की दिशा में चल रही तैयारियों की सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने उच्चस्तरीय समीक्षा की। समीक्षा बैठक में दोनों प्रस्तावित चीनी मिलों की स्थापना, विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन, वित्तीय



प्रावधान, किसान सदस्यता अभियान, इंडियन पोटाश लिमिटेड के साथ प्रस्तावित समझौता ज्ञापन तथा परियोजना के आगामी चरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री ने सभी संबंधित कार्यों को समयबद्ध एवं समन्वित तरीके से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। विदित है कि राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा रैयाम एवं सकरी में बंद चीनी मिलों की भूमि पर नई सहकारी चीनी मिलों की स्थापना का निर्णय लिया गया है। दोनों परियोजनाओं के लिए संभाव्यता प्रतिवेदन एवं विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने की स्वीकृति प्राप्त है तथा इंडियन पोटाश लिमिटेड के माध्यम से नई सहकारी चीनी मिलों की स्थापना की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। प्राथमिक चीनी मिल सहकारी समितियों के गठन को भी स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।

## भारत में नौकरी बाजार ने पकड़ी रफ्तार, तीन महीने की गिरावट थमी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जुलाई 2026 में इनडीड पर भारत में जॉब पोस्टिंग 1.2 प्रतिशत बढ़ीं जिससे लगातार तीन महीनों से जारी गिरावट थम गई। पिछले साल जुलाई की तुलना में जॉब पोस्टिंग 8.3 प्रतिशत अधिक रहीं। महामारी से पहले के स्तर की तुलना में भारत की जॉब पोस्टिंग 84 प्रतिशत ज्यादा है। इनडीड एपीएसी के सीनियर इकोनॉमिस्ट कैलम पिकरिंग ने कहा कि जुलाई में भारत में नौकरी के अवसरों में थोड़ी बढ़ोतरी हुई और लगातार तीन महीनों से जारी गिरावट रुक गई। यह बढ़ोतरी भले ही धीरे हुई है, लेकिन देश में नौकरी के अवसर अभी भी महामारी से पहले के समय की तुलना में काफी ज्यादा है।

## स्टार्टअप बिहार ने रिकॉर्ड 31 दिनों में पूरी की मूल्यांकन एवं फंडिंग प्रक्रिया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मार्गदर्शन एवं उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह के नेतृत्व में एक तेज, पारदर्शी स्टार्टअप इकोसिस्टम के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, उद्योग विभाग, बिहार सरकार ने जुलाई माह में प्राप्त 1,228 स्टार्टअप आवेदनों की संपूर्ण मूल्यांकन एवं चयन प्रक्रिया को रिकॉर्ड 31 दिनों में पूरा किया है। एआई बेस्ड आवेदन मूल्यांकन से लेकर विशेषज्ञों द्वारा आकलन, लिखित मूल्यांकन, व्यक्तिगत संवाद और अंतिम चयन प्रक्रिया तक प्रत्येक चरण को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा किया गया। प्रक्रिया की शुरुआत 1 अगस्त को एआई आधारित मूल्यांकन से हुई। इसके बाद 3 अगस्त को स्टार्टअप सपोर्ट यूनिट द्वारा मूल्यांकन तथा 6 अगस्त को विषय विशेषज्ञों द्वारा आकलन किया गया। लिखित मूल्यांकन परीक्षा 12, 13 और 14 अगस्त को आयोजित की गई, जिसके परिणाम 19 अगस्त को जारी किए गए। इसके बाद शॉर्टलिस्ट किए गए स्टार्टअप्स के लिए 27 और 31 अगस्त को पर्सनल इंटरैक्शन राउंड आयोजित किए गए। अंतिम परिणाम 31 अगस्त 2026 को घोषित किए गए। इस त्वरित प्रक्रिया के परिणामस्वरूप 74 स्टार्टअप्स को कुल 3.48 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान करने की अनुशंसा की गई है। इनमें 59 स्टार्टअप्स को ?4 लाख की पहली किस्त, जबकि 12 स्टार्टअप्स को 6 लाख की दूसरी किस्त के लिए अनुशंसित किया गया है।

# सोन नदी का रौद्र रूप : सरैया के 100 घरों में घुसा बाढ़ का पानी, हजारों लोग घरों में कैद

## 5 से 10 फीट तक पानी का स्तर, जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त, 24 घंटे पानी नहीं उतरा तो भोजन-पानी का बढ़ेगा बड़ा संकट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**तिलौथू/सरैया।** इंद्रपुरी बराज से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के बाद सोन नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से तिलौथू प्रखंड के निचले और तटीय इलाकों में बाढ़ का खतरा गंभीर होता जा रहा है। सरैया पंचायत के करीब 100 घरों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर जाने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। कई स्थानों पर घरों के बाहर 5 से 10 फीट तक पानी जमा होने की सूचना है। हालात ऐसे हैं कि बड़ी संख्या में लोग अपने घरों में ही फंसे हुए हैं और सामान्य जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि अगले 24 घंटे में जलस्तर कम नहीं हुआ और पानी की निकासी नहीं हुई तो प्रभावित परिवारों के सामने भोजन, पीने के पानी और आवश्यक राशन का गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। ऐसी स्थिति में प्रशासन को प्रभावित घरों तक भोजन, पेयजल, राशन, दवा और अन्य आवश्यक राहत सामग्री पहुंचाने की तत्काल व्यवस्था करनी होगी।

**पांच प्रखंड हाई अलर्ट पर**

सोन नदी में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए नौहट्टा, रोहतास, तिलौथू, डिहरी और नासरीगंज प्रखंडों के तटीय एवं निचले इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। नदी किनारे रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने तथा मवेशियों को भी सुरक्षित जगह पहुंचाने की अपील की गई है। बाढ़ का पानी लगातार आबादी की ओर बढ़ने से ग्रामीणों में भय का माहौल है। कई परिवारों के लिए घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। पानी के कारण आवागमन प्रभावित होने के साथ-साथ रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना भी चुनौती बन गया है।

**ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति नाराजगी**

प्रभावित ग्रामीणों का आरोप है कि बाढ़ की स्थिति गंभीर होने के बावजूद समय रहते राहत और बचाव की पर्याप्त व्यवस्था नजर नहीं आ रही है। लोगों का कहना है कि यदि पानी और बढ़ा तो हालात बेहद गंभीर हो सकते हैं। ग्रामीण प्रशासन से तत्काल नाव, राहत सामग्री, पेयजल, भोजन और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों की सबसे बड़ी चिंता बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और बीमार लोगों को लेकर है। पानी यदि लंबे समय तक घरों के आसपास जमा रहा तो बीमारी फैलने और पीने के पानी के दूषित होने का खतरा भी बढ़ सकता है।

**सोन के बढ़ते जलस्तर ने बढ़ाई चिंता**

इंद्रपुरी बराज से लगातार पानी छोड़े जाने के बाद सोन नदी का जलस्तर बढ़ना आसपास के इलाकों के लिए चिंता का विषय बन गया है। प्रशासन द्वारा लोगों को नदी से दूर रहने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है। फिलहाल सबसे जरूरी है कि प्रशासन प्रभावित इलाकों में राहत एवं बचाव दल को सक्रिय करे और घर-घर स्थिति का जायजा लेकर जरूरतमंद परिवारों तक तत्काल भोजन, पानी और राशन पहुंचाए। यदि जलस्तर इसी तरह बढ़ता रहा तो आने वाले घंटों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## रमा रानी जैन बालिका +2 विद्यालय डिहरी में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** रमा रानी जैन बालिका +2 विद्यालय, डिहरी में नारायण स्कूल आफ ला के तत्वावधान में आज मंगलवार को एक विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'गुड टच और बैड टच के प्रति जागरूकता' था। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. सैयद कलीम अख्तर, विधिक साक्षरता क्लब नारायण स्कूल आफ ला के समन्वयक के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर संकाय की विधि छात्राओं द्वारा विद्यालय की छात्राओं को 'गुड टच एवं बैड टच' के संबंध में महत्वपूर्ण एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। विधि छात्राओं ने छात्राओं को दोनों के बीच अंतर, सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श की पहचान, व्यक्तिगत सुरक्षा तथा अनुचित व्यवहार से बचाव के बारे में सरल एवं प्रभावी तरीके से समझाया। उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी छात्रा को किसी व्यक्ति के व्यवहार या स्पर्श से असहज महसूस हो तो उसे चुप नहीं रहना चाहिए और तुरंत किसी माता-पिता, शिक्षक अथवा विश्वसनीय व्यक्ति को इसकी जानकारी देनी चाहिए।

## डीएम ने इंद्रपुरी बराज सहित सोन उच्च स्तरीय मुख्य नहर का किया निरीक्षण

### सोन नदी के तटीय और निचले इलाकों के लिए हाई अलर्ट जारी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा द्वारा मंगलवार को इंद्रपुरी बराज सहित सोन उच्च स्तरीय नहर प्रमंडल के मुख्य नहर का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग के अभियंताओं से बाणसागर से आने वाले जल के इंद्रपुरी बराज तक पहुंचने की व्यवस्था, वर्तमान जल प्रवाह तथा नहर प्रणाली के संचालन की विस्तृत जानकारी ली। जिलाधिकारी ने इंद्रपुरी बराज से विभिन्न नहरों एवं सोन नदी में छोड़े जा रहे पानी की पूरी प्रक्रिया की भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जल प्रवाह एवं नहर प्रणाली के संचालन की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अभियंताओं को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सोन नदी में संभावित जल वृद्धि को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सोन तटीय क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों में माइकिंग के माध्यम से लोगों को लगातार जागरूक एवं सतर्क किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सोन नदी एवं इसके आसपास के क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से न जाएं तथा नदी से पर्याप्त दूरी बनाए रखें। विशेष रूप से अभिभावकों से अपने बच्चों को नदी के किनारे जाने से रोकने की अपील की। साथ ही पशुपालकों को अपने मवेशियों को नदी के किनारे नहीं ले जाने तथा जलस्तर में संभावित वृद्धि को देखते हुए उन्हें सुरक्षित स्थानों पर रखने की सलाह दी गई। जिला प्रशासन द्वारा सोन नदी के जलस्तर एवं जल प्रवाह की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## काव नदी में बढ़ते जलस्तर का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढी गोला (रोहतास)।** जिले के अकोढी गोला प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही पहाड़ों पर बारिश और सोन नदी में बढ़ते जलस्तर के कारण क्षेत्र के काव नदी में इसका असर दिखने लगा है। काव नदी का जलस्तर बढ़ने से प्रखंड क्षेत्र के बुधुआ, महुअरी, चाप, जदवा आदि गांव प्रभावित होने लगे हैं। इसी क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ रवि रंजन कुमार प्रभारी सीओ प्रशांत कुमार, थानाध्यक्ष राकेश गोसाई मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ रवि रंजन कुमार ने बताया कि क्षेत्र में माइक के द्वारा लोगों को सतर्कता और सुरक्षा को लेकर जागरूक किया जा रहा है तथा उक्त संवेदनशील इलाकों में अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है।

## सहयोग शिविर आयोजित, अधिकारियों ने लाभ लेने का किया आह्वान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** प्रखंड के मानी पंचायत भवन में मंगलवार को पंचायत सहयोग शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। शिविर को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी बिक्रमगंज सुनील कुमार गौतम ने कहा कि सरकार आपके दरवाजे पर आई है, यदि आप किसी भी सरकारी योजना के पात्र हैं तो उसका लाभ आपको अवश्य मिलना चाहिए, उन्होंने लोगों से सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया लवजी गौतम ने की, उन्होंने सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए उपस्थित कर्मचारियों से तन-मन-धन से जनता की सेवा करने का निवेदन किया। इस अवसर पर जिला बीस सूत्री सदस्य रोहतास नवीन चंद्र शाह ने पंचायत विकास दिवस, सहयोग शिविर, दलित शिविर और विद्यार्थी सहयोग शिविर की विस्तार से चर्चा की और बताया कि इन शिविरों के माध्यम से सरकार जनता की समस्याओं का समाधान तय समय-सीमा में करना चाहती है, उन्होंने बताया कि सहयोग पोर्टल का उपयोग करें और विशेष सहयोग के लिए 1100 नंबर पर संपर्क करें।

## सोन नदी के तटीय और निचले इलाकों में हाई अलर्ट, प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** सोन नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से रोहतास जिले के तटीय और निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा गहरा गया है। इंद्रपुरी बैराज से सोन नदी में 4,25,854 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है और जलस्तर लगातार बढ़ने की प्रवृत्ति में है। स्थिति को देखते हुए रोहतास जिला प्रशासन ने नौहट्टा, रोहतास, तिलौथू, डिहरी और नासरीगंज प्रखंडों के नदी किनारे तथा निचले इलाकों के लोगों के लिए हाई अलर्ट जारी करते हुए सतर्कता बरतने की अपील की है। प्रशासन ने लोगों से सोन नदी के घाटों, तटीय क्षेत्रों और तेज बहाव वाले स्थानों से पूरी तरह दूर रहने को कहा है। विशेष रूप से निचले इलाकों में रहने वाले परिवारों को स्थिति बिगड़ने से पहले सुरक्षित और ऊंचे स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए किसी भी तरह का जोखिम न उठाएं और स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। जिला प्रशासन ने पशुपालकों को भी विशेष सावधानी बरतने को कहा है। निचले इलाकों में मौजूद मवेशियों को तत्काल सुरक्षित और ऊंचे स्थानों पर पहुंचाने की अपील की गई है। वहीं बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। बच्चों को नदी, घाट या किसी अन्य जलस्रोत के आसपास जाने और खेलने से रोकने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने कहा है कि नदी के समीप निचले इलाकों में रहने वाले लोग आवश्यकता पड़ने पर तत्काल राहत शिविरों या अन्य सुरक्षित ऊंचे स्थानों पर चले जाएं। किसी भी आपात स्थिति में जिला आपदा प्रबंधन या स्थानीय प्रशासन से संपर्क किया जा सकता है। सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 06184-226093 जारी किया गया है। जलस्तर में वृद्धि को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और केवल आधिकारिक निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

## रोहतास के सुजीत कुमार सिंह बने कश्मीर जोन के नए आईजी, खुशी की लहर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सासाराम।** रोहतास की मिट्टी से निकले एक और प्रतिभाशाली अधिकारी ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का मान बढ़ाया है। सासाराम के शिवसागर प्रखंड के ग्राम नाद निवासी वर्ष 2007 बैच के एजीएमयूटी कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुजीत कुमार सिंह को कश्मीर जोन का नया पुलिस महानिरीक्षक नियुक्त किया गया है। उन्होंने निवर्तमान आईजी वी.के. बिरदी से विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। देश के सबसे संवेदनशील और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पुलिस जोन की जिम्मेदारी मिलने की खबर से उनके पैतृक गांव नाद सहित पूरे रोहतास जिले में खुशी का माहौल है। सुजीत कुमार सिंह का अब तक का सेवा काल चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारियों और उल्लेखनीय उपलब्धियों से भरा रहा है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के कई संवेदनशील जिलों में पुलिस अधीक्षक के रूप में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को संभाला। उनकी कार्यकुशलता, नेतृत्व क्षमता और मैदानी अनुभव के आधार पर उन्हें समय-समय पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिलती रहीं। जम्मू-कश्मीर की विभिन्न महत्वपूर्ण रेंजों में उप महानिरीक्षक के रूप में भी उन्होंने सुरक्षा प्रबंधन और कानून-व्यवस्था में अहम भूमिका निभाई।

## सहयोग शिविर का आयोजन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला(रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र के तेतराढ़ और बाघाखोह पंचायत में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन के नेतृत्व में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाना और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना था। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। इस दौरान मुख्य रूप से वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा जॉब कार्ड और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। डॉ. रवि रंजन ने खुद एक-एक मामले को सुना और संबंधित कर्मियों को तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने लोगों को सरकार की नई योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि कैसे वे इसका लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर हर पंचायत में लगाए जाएंगे ताकि लोगों को प्रखंड कार्यालय के चक्कर न काटने पड़े और उनका काम गांव में ही हो जाए। इस मौके पर पंचायत के मुखिया धर्मेन्द्र चौधरी, पंचायत सचिव, आवास सहायक, रोजगार सेवक सहित प्रखंड के कई कर्मी मौजूद थे।

## प्रतिनिधियों ने नहीं सुनी तो किसान मजदूर ने खुद के पैसे से लगवाया चापाकल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज/दावथ (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र दावथ के दावथ गांव में किसान मजदूरों ने मानवता और परिश्रम की मिसाल पेश की है। बरसों से पेयजल की समस्या से जूझ रहे खेतिहर मजदूरों और किसानों के लिए जब जनप्रतिनिधियों द्वारा चापाकल की व्यवस्था नहीं की गई तो इन किसान मजदूरों ने किसी का इंतजार किए बिना अपने निजी परिश्रम और खुद के पैसे से मंगलवार को भोले के बाग स्थित नामक बागीचे में चापाकल लगवा दिया। बताया जाता है कि इस नेक कार्य में उन्होंने किसी भी सरकारी या राजनीतिक व्यक्ति से सहायता लेने से साफ इनकार कर दिया और पूरे खर्च का वहन स्वयं किया। अब इस चापाकल के लग जाने से खेतों में काम करने वाले दर्जनों किसान और मजदूरों को भीषण गर्मी और काम के दौरान पीने के लिए स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सकेगा।

## पीएमश्री अशोक कुमार जैन उच्च विद्यालय में शुरू हुई कन्या मध्य विद्यालय के बच्चों की पढ़ाई



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला(रोहतास)।** डिहरी प्रखंड क्षेत्र के दरिहट स्थित पीएम श्री अशोक कुमार जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार से स्थानीय कन्या मध्य विद्यालय के वर्ग 6, 7 और 8 के छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन विधिवत रूप से शुरू हो गया है। इस संबंध में प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने बताया कि कन्या मध्य विद्यालय से कुल 110 छात्र-छात्राओं को इस विद्यालय में शिफ्ट किया गया है। बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए कन्या मध्य विद्यालय के तीन शिक्षकों को भी इसी विद्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया है। इनमें शिक्षक इसरार अहमद, शिक्षिका दीपा कुमारी और ममता मौर्या शामिल हैं जो आज से ही विद्यालय में योगदान देकर कक्षाएं लेना शुरू कर दिया है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि अंग्रेजी विषय के शिक्षक सचिन कुमार पाठक वर्तमान में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में डेपुटेशन पर हैं जबकि विद्यालय में अंग्रेजी शिक्षक की सबसे अधिक आवश्यकता है। उन्होंने बीईओ से उन्हें जल्द विद्यालय में वापस भेजने का आग्रह किया है। बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन एनजीओ द्वारा भोजन बनाकर विद्यालय तक पहुंचाया जाएगा। ताकि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ पोषण भी मिल सके।

## जूता पॉलिश कामगारों को सफाई कर्मचारी का दर्जा देने की मांग

### सांसद पप्पू यादव ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को लिखा पत्र



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** सांसद पप्पू यादव ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़े देशभर के लाखों जूता पॉलिश कामगारों को 'सफाई कर्मचारी' की श्रेणी में शामिल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ये कामगार वर्षों से रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कठिन परिस्थितियों में काम कर अपनी आजीविका चला रहे हैं और समाज की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सांसद ने पत्र में कहा है कि बिहार सहित देश के विभिन्न राज्यों में जूता पॉलिश का काम करने वाले अधिकांश कामगार अनुसूचित जाति समुदाय से आते हैं। उनका कार्य केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वच्छता, स्वास्थ्य और नागरिक सुविधा से भी प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा है। इसके बावजूद इन्हें अब तक सफाई कर्मचारी अथवा स्वच्छता संबंधी कार्यबल के रूप में समुचित संस्थागत और प्रशासनिक मान्यता नहीं मिल सकी है। उन्होंने कहा कि मान्यता और पंजीकरण के अभाव में इन कामगारों तथा उनके परिवारों को सरकार की कई सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं का पर्याप्त लाभ नहीं मिल पाता।

सांसद पप्पू यादव ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि जूता पॉलिश कार्य में लगे कामगारों को 'सफाई कर्मचारी' के रूप में मान्यता दी जाए। साथ ही उनका राष्ट्रीय स्तर पर पंजीकरण कर सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ाया जाए। उन्होंने इनके और इनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य बीमा, छात्रवृत्ति, कौशल विकास, आवास, पेंशन, स्वरोजगार सहित अन्य सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक नीति बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया रेलवे शू-शाइन वर्क्स यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राम, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वासुकीनाथ साह और राष्ट्रीय सचिव विनोद जूता पॉलिश करने वाले कामगारों को उनका हक और अधिकार दिलाने तथा उन्हें सफाई कर्मचारी की श्रेणी में शामिल कराने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

## एसडीएम ने किया पीएचसी का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार के द्वारा आज मंगलवार को अनुमंडल क्षेत्र के दो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया गया जिसमें राजपुर और काराकाट पीएचसी शामिल हैं। सुबह में किए गए पहले औचक निरीक्षण के दौरान पीएचसी राजपुर में भारी अनियमितता सामने आई, जहां हेल्थ मैनेजर सहित कई स्वास्थ्यकर्मी ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए और अस्पताल की प्रयोगशाला भी बंद पड़ी मिली, जिससे मरीजों को जांच सुविधा नहीं मिल पा रही थी, इस स्थिति पर एसडीएम ने गहरी नाराजगी जताते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को सभी डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने और बंद लैब को तत्काल चालू कराने का सख्त निर्देश दिया और कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में सभी सेवाएं समय पर सुचारू रूप से चलें और मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो क्योंकि सरकारी अस्पतालों में समय पर उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रशासन की प्राथमिकता है।

## एसडीएम बिक्रमगंज ने नदी और बालू घाट का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा नासरीगंज अंतर्गत सोन नदी और अनुमंडल क्षेत्र के बालू घाटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सोन नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ पाया गया जिसके बाद एसडीएम ने आम लोगों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी अनुमंडलवासी अनावश्यक रूप से नदी के किनारे या आसपास जाने से बचें, विशेषकर बच्चों और युवाओं को नदी की ओर न जाने दें।


**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।**

(जिला बाल संरक्षण इकाई) ( सामाजिक सुरक्षा कोषांग )

Email ID – dcpspalamu2024@gmail.com (Office-06562-299971)

**बाल कल्याण समिति, पलामू के आदेशानुसार**

**आम सूचनाः– विज्ञापन सं–04/2026**

| | | |
|---|---|---|
| नाम : रानी कुमारी<br>लिंग : स्त्री0<br>माता का नाम : अज्ञात<br>पिता का नाम : अज्ञात<br>उम्र : 06 माह 16 दिन<br>वजन : 4.00 कि0ग्रा0<br>बालिका का रंग : सावला | नाम :रुपम कुमारी<br>लिंग : स्त्री0<br>माता का नाम : अज्ञात<br>पिता का नाम : अज्ञात<br>उम्र :03 वर्ष 02 माह 23 दिन<br>वजन : 14.00 कि0ग्रा0<br>बालिका का रंग : गोरा | नामः सुमन कुमार<br>लिंग : पु0<br>माता का नाम : अज्ञात<br>पिता का नाम : अज्ञात<br>उम्र :02 वर्ष 26 दिन<br>वजन : 11.500 कि0ग्रा0<br>बालक का रंग : सावला |
|  |  |  |

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त बालक/बालिका पलामू जिला के, अंतर्गत प्राप्त हुए है। बालक/बालिका बाल कल्याण समिति, पलामू में उपस्थापन के पश्चात् मिशनरीज ऑफ चैरिटी, पलामू में संरक्षित है। बालक/बालिका के जैविक माता–पिता एवं विधिक संरक्षक का पता ज्ञात करने हेतु राज्य स्तरीय एवं स्थानीय सभी समाचार पत्रों में यह विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है। सूचना प्रकाशित होने के 60 (साठ) दिनों के अंदर यदि कोई बालक के जैविक माता–पिता/विधिक संरक्षक होने का दावा प्रस्तुत करना चाहते हैं तो बाल कल्याण समिति, पलामू/जिला बाल संरक्षण इकाई, पलामू/जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, पलामू में सम्पर्क कर बालक/बालिका से संबंधित दस्तावेज/साक्ष्य के साथ अपना दावा प्रस्तुत कर सकते है। दावा प्रस्तुत करने हेतु दिये गये समय सीमा की समाप्ति के पश्चात् उक्त बालक/बालिका से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा एवं दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका–2022 के नियम–6 के उपनियम–13 के अंतर्गत उक्त शिशु को दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, पलामू द्वारा विधिक रूप से स्वतंत्र घोषित कर दिया जाएगा।

**कार्यालय पताः–** जिला बाल संरक्षण इकाई, पलामू/बाल कल्याण समिति,पलामू (निचला तल्ला पुराना आयुक्त कार्यालय, छः मुहान चौक के पास पलामू) । जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नया समाहरणालय भवन ब्लॉक A पलामू।

सम्पर्क नम्बर :– 7209569088, 9199629611, 9304731946

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, पलामू।

PR 388808 District(26-27)D


## जहां झरनों की गूंज में सुनाई देती है गुरु तेग बहादुर की स्मृति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना/सासाराम।** कैमूर की पहाड़ियों पर जब बादलों की छाया उतरती है और चट्टानों को चीरती जलधारा सैकड़ों फीट नीचे गिरकर धुंध की चादर बुनती है, तब मांझर कुंड केवल एक जलप्रपात नहीं रह जाता। यहां प्रकृति की आवाज में इतिहास की प्रतिध्वनि सुनाई देती है और झरने के शोर के बीच सदियों पुरानी आस्था का स्वर महसूस होता है। हरियाली से घिरी इस पहाड़ी धरती पर सिख परंपरा की स्मृतियां भी जुड़ी हैं जो मांझर कुंड को बिहार के दूसरे प्राकृतिक पर्यटन स्थलों से अलग पहचान देती हैं। रोहतास जिले में सासाराम से दक्षिण दिशा में कैमूर की पहाड़ियों के बीच स्थित मांझर कुंड और निकटवर्ती धुआं कुंड मानसून में अपने सबसे आकर्षक रूप में दिखाई देते हैं। पहाड़ी रास्तों से गुजरते हुए जब पर्यटक इन जलप्रपातों तक पहुंचते हैं तो सामने चट्टानों के बीच गिरती जलधारा, चारों ओर फैली हरियाली और बारिश से धुला प्राकृतिक परिवेश उन्हें लंबे समय तक बांधे रखता है। मांझर कुंड में नदी का पानी करीब 300 फीट नीचे गिरता है, जबकि धुआं कुंड भी अपनी तेज जलधारा और धुंध जैसी बनती जलवाष्प के कारण आकर्षण का केंद्र है।

**गुरु तेग बहादुर के प्रवास से जुड़ी मान्यता**

मांझर कुंड की पहचान केवल प्राकृतिक सौंदर्य तक सीमित नहीं है। सिख समुदाय की आस्था के अनुसार नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर जी के इस क्षेत्र में प्रवास की स्मृति से यह स्थल जुड़ा हुआ है। इसी ऐतिहासिक परंपरा के कारण यहां लंबे समय से सिख श्रद्धालुओं के आने और धार्मिक आयोजन करने की परंपरा चली आ रही है। स्थानीय परंपराओं के अनुसार श्रद्धालु गुरु ग्रंथ साहिब के साथ मांझर कुंड पहुंचते रहे और यहां कई दिनों तक ठहरकर धार्मिक अनुष्ठान, प्रार्थना और कीर्तन करते रहे। समय के साथ यह परंपरा धार्मिक आयोजन के साथ सामाजिक मेल-मिलाप का अवसर भी बन गई।

**सावन पूर्णिमा के बाद लगता है पहाड़ मेला**

रक्षाबंधन अथवा सावन पूर्णिमा के बाद पड़ने वाले पहले रविवार को मांझर कुंड में पहाड़ मेला लगने की परंपरा है। मेले में बिहार के विभिन्न क्षेत्रों के साथ दूसरे स्थानों से भी श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। कई श्रद्धालु शनिवार की रात ही यहां पहुंच जाते हैं। इसके बाद शबद-कीर्तन, पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला शुरू होता है। इस अवसर पर श्रद्धालु जलधारा में स्नान करते हैं और प्रकृति की गोद में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करते हैं। मान्यता है कि मांझर कुंड के पानी में प्राकृतिक खनिज तत्व पाए जाते हैं और इसका जल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है।

**गुरु के बाग से निकलती है पहाड़ मेले की यात्रा**

मांझर कुंड मेले की एक महत्वपूर्ण परंपरा ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु के बाग से निकलने वाली यात्रा है। हर वर्ष श्रद्धालुओं का जत्था यहां से पहाड़ मेले के लिए रवाना होता है और धार्मिक वातावरण के बीच मांझर कुंड पहुंचता है। गुरु बाग के प्रबंधक सह अध्यक्ष महंत बजरंगी दास के अनुसार सैकड़ों वर्षों से चली आ रही परंपरा को इस वर्ष भी श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा के साथ निभाया। उन्होंने कहा कि यहां पूजा-पाठ और प्रार्थना के माध्यम से देश, राज्य और समाज की प्रगति के साथ आपसी भाईचारे और सद्भाव की कामना की जाती है।

# नालंदा विश्वविद्यालय में बायोआर्कियोलॉजी के अनुप्रयोगों पर राष्ट्रीय कार्यशाला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगीर**। नालंदा विश्वविद्यालय के पुरातत्व विभाग की ओर से भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में बायोआर्कियोलॉजी के अनुप्रयोगों पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य आधुनिक विज्ञान, आनुवंशिकी और बायोआर्कियोलॉजी के माध्यम से मानव अतीत और प्राचीन इतिहास के विभिन्न पहलुओं को वैज्ञानिक तरीके से समझना रहा।कार्यशाला का उद्घाटन नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने किया। उन्होंने कहा कि मानव अतीत के सटीक पुनर्निर्माण के लिए वैज्ञानिक एवं अंतर-विषयक दृष्टिकोण को मजबूत करना आवश्यक है। उन्होंने पुरातत्व के क्षेत्र में जीनोमिक इतिहास और आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों की बढ़ती उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने डीएनए निष्कर्षण एवं शोधन, आइसोटोपिक विश्लेषण, कालानुक्रमिक पुनर्निर्माण तथा सांख्यिकीय पद्धतियों के उपयोग के लिए प्रयोगशाला सुविधाओं के विकास पर जोर दिया। कुलपति ने मानव जीनोम अध्ययन के क्षेत्र में ऑस्ट्रेलियाई अनुसंधान दल के साथ विश्वविद्यालय के सहयोग का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ऐसे सहयोग से मानव जैविक विविधता, जनसांख्यिकीय इतिहास और प्रवास जैसी प्रक्रियाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी। उन्होंने भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण जैसे संस्थानों के साथ साझेदारी को पुरातात्विक, जीनोमिक, आइसोटोपिक और मानवशास्त्रीय आंकड़ों के समन्वित अध्ययन के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यशाला में विदेश मंत्रालय के पूर्व सचिव जयदीप मजूमदार की विशेष उपस्थिति रही। मुख्य प्लेनरी सत्र की अध्यक्षता प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने की। आयोजन अध्यक्ष प्रो. वसंत शिंदे भी मौजूद रहे। भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण के निदेशक प्रो. बी.वी. शर्मा ने ऐतिहासिक समुदायों के अनुकूलन और स्वास्थ्य को समझने में जैविक मानवविज्ञान की भूमिका बताई। बीएचयू के प्रो. ज्ञानेश्वर चैबे ने दक्षिण एशियाई आबादी के इतिहास के पुनर्निर्माण में उन्नत जीनोमिक्स और प्राचीन डीएनए अनुसंधान के महत्व को रेखांकित किया। तकनीकी सत्रों में डॉ. अभिशिक्ता घोष रॉय, डॉ. प्रज्ज्वल प्रताप सिंह, डॉ. मंजुलिका गौतम और डॉ. निंगोंबम समरजीत सिंह ने वैज्ञानिक विचार साझा किए। कार्यक्रम में प्रो. गोदाबरीश मिश्र और कार्यशाला की संयोजक डॉ. एलोरा त्रिवेदी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सहयोग शिविर में 24 आवेदनों का ऑन-द-स्पॉट समाधान, ग्रामीणों को मिली योजनाओं की सुविधा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से बिहारशरीफ प्रखंड की मुरौरा और तिउरी पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की संयुक्त अध्यक्षता उप विकास आयुक्त नालंदा सारा अशरफ और नगर आयुक्त बिहारशरीफ कृत्यानंद रंजन ने की। शिविर में उप विकास आयुक्त ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मामलों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं और योजनाओं की जानकारी ली। अधिकारियों को आमजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ सरल और सुगम तरीके से उपलब्ध कराने को कहा।तिउरी पंचायत में 24 आवेदनों का मौके पर समाधान किया गया। इनमें ग्रामीण विकास विभाग के मनरेगा से संबंधित 3, मनरेगा के 5, कृषि विभाग के 3, सामाजिक सुरक्षा के 3, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के 2, सांख्यिकी विभाग के 4 तथा सीडीपीओ ग्रामीण से संबंधित 3 आवेदन शामिल थे। सभी आवेदनों का संबंधित विभागों द्वारा शिविर स्थल पर ही निष्पादन किया गया।वहीं मुरौरा पंचायत में भी विभिन्न विभागों से प्राप्त आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया। इनमें ग्रामीण विकास, मनरेगा, कृषि, सामाजिक सुरक्षा, पंचायती राज और लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान से जुड़े आवेदन शामिल रहे। लाभुकों को जन्म प्रमाण-पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्रमाण-पत्र एवं स्वीकृति दस्तावेज भी उपलब्ध कराए गए।शिविर में महिलाओं, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्रामीणों ने पंचायत स्तर पर एक ही स्थान पर कई विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराने की पहल की सराहना की। अधिकारियों ने लंबित आवेदनों का भी शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया।

## एक नजर

### किसान खेत पाठशाला का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा** । प्रखंड की कैला पंचायत के गढ़ियापर गांव में भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, पटना के तत्वावधान में किसान खेत पाठशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वनस्पति संरक्षण अधिकारी विवेक कांत गुप्ता की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित कर किया गया।अधिकारियों ने बताया कि किसान खेत पाठशाला का आयोजन लगातार 14 सप्ताह तक किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन (आईपीएम) के महत्व, सिद्धांत और विभिन्न विधियों की जानकारी दी जाएगी। किसानों को गर्मी में गहरी जुताई, बीज उपचार, मिट्टी उपचार और फसल चक्र अपनाने की व्यवहारिक जानकारी दी जाएगी।यांत्रिक विधियों के तहत फेरोमोन ट्रैप, पीला व नीला ट्रैप, फल मक्खी जाल और लाइट ट्रैप के उपयोग के बारे में बताया जाएगा। वहीं जैविक विधि में मित्र कीटों की पहचान, वानस्पतिक कीटनाशकों के महत्व एवं उपयोग तथा रासायनिक कीटनाशकों के सुरक्षित और संतुलित इस्तेमाल का प्रशिक्षण दिया जाएगा।इसके अलावा किसानों को कीटनाशकों के मनुष्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव, फसलों में लगने वाले विभिन्न कीट एवं व्याधियों की पहचान और उनके आईपीएम प्रबंधन की जानकारी दी जाएगी। मौके पर सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी एस.ए. सज्जाद, रश्मि शंकर, वैज्ञानिक सहायक डॉ. मोहन कुमार, विजय भारती, मुखिया शंभू कुमार, उपमुखिया जितेंद्र प्रसाद समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

### ऑक्सीजन प्लांट में लाखों के उपकरण की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगीर**। अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में लगे ऑक्सीजन प्लांट को चोरों ने निशाना बनाते हुए खिड़की तोड़कर ऑक्सीजन से जुड़े कई महत्वपूर्ण उपकरणों की चोरी कर ली। घटना शनिवार की देर रात की बताई जा रही है। थाना से महज कुछ दूरी पर हुई चोरी की इस घटना ने पुलिस की रात्रि गश्ती व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।चोरी की सूचना मिलने के बाद राजगीर थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. गौरव कुमार ने राजगीर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि ऑक्सीजन प्लांट से स्टेबलाइजर का पूरा सेट, ऑक्सीजन पाइप, तीन-फेज केबल, एयर कंप्रेसर मशीन का सामान, करीब 20 फ्लो मीटर तथा बड़ी मात्रा में जनरेटर के तार चोरी किए गए हैं। राजगीर थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार सिंह ने बताया कि ऑक्सीजन प्लांट से उपकरण चोरी होने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और चोरों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।बताया जाता है कि घटना से दो दिन पहले ही आईजी जितेंद्र राणा और नालंदा एसपी हृदय कांत ने राजगीर थाने का निरीक्षण किया था। इस दौरान अधिकारियों ने शहर में पुलिस गश्ती और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। इसके बावजूद थाना से कुछ ही दूरी पर अस्पताल परिसर में चोरी की घटना होने से पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

### टेंपो पलटने से बालक समेत दो घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा**। नगर परिषद क्षेत्र स्थित हिंदुस्तान ऑप्टिकल के पास मंगलवार को टेंपो पलटने से दो लोग घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है।घायलों की पहचान हिलसा थाना क्षेत्र के वाराडीह गांव निवासी महावीर मांझी के आठ वर्षीय पुत्र डोरकी मांझी और रामचरित्र मांझी के पुत्र लखन मांझी के रूप में हुई है। घायलों ने बताया कि दोनों हिलसा आने के लिए टेंपो रिजर्व कर यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान टेंपो अचानक अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा में पलट गया, जिससे दोनों घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।

# नालंदा का बेटा बजरंगी कुमार भारतीय रग्बी टीम में चयनित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा के होनहार रग्बी खिलाड़ी बजरंगी कुमार का चयन भारतीय अंडर-18 रग्बी टीम में हुआ है। वह चीन में 5 और 6 सितंबर को आयोजित होने वाली एशियन अंडर-18 रग्बी चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगिता के लिए बिहार से चार पुरुष खिलाड़ियों का चयन भारतीय



टीम में हुआ है। इनमें नालंदा के बजरंगी कुमार के अलावा नवादा के पवन कुमार, मुजफ्फरपुर के शुभम कुमार और पटना के रोहित कुमार शामिल हैं। रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ नालंदा के महासचिव रेंशी राकेश राज ने बजरंगी के चयन पर खुशी जताते हुए इसे नालंदा और पूरे बिहार के लिए गौरव की बात बताया। उन्होंने कहा कि बजरंगी ने विपरीत परिस्थितियों में मेहनत और प्रतिभा के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ नालंदा और बिहार ने उन्हें प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिताओं में अवसर उपलब्ध कराया। बजरंगी की उपलब्धि पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, खेल मंत्री श्रेयसी सिंह, संघ के अध्यक्ष संजय मयूख, महासचिव डॉ. पंकज ज्योति सहित खेल जगत से जुड़े लोगों ने बधाई दी।

# बारिश के लिए सुंदरकांड पाठ में गूंजा हनुमान नाम, सुख-समृद्धि की मांगी मन्नत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। बारिश की कमी से परेशान लोगों ने अब भगवान की शरण में जाकर अच्छी बारिश की कामना शुरू कर दी है। इसी कड़ी में सर्वोदय नगर में मंगलवार को आरएन पांडेय के परिवार की ओर से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान हनुमान की आराधना की और क्षेत्र में पर्याप्त बारिश के साथ सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। सामूहिक पाठ और



भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।शेखपुरा जिले के गवय गांव से पहुंचे कथा वाचक के नेतृत्व में श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड की चैपाइयों का सामूहिक पाठ किया। बारिश की कमी के बीच आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में लोगों ने श्रद्धा और आस्था के साथ हिस्सा लिया। पाठ के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान के जयकारे लगाए। कार्यक्रम की व्यवस्था पंडित राजकुमार पांडेय, पंडित नंद कुमार पांडेय, पंडित गोपाल मिश्रा, जय और विजय सहित अन्य लोगों ने संभाली। आयोजन को सफल बनाने में अजीत कुमार पांडेय, सुजीत, संजीत, राजन और दीपक समेत परिवार के सदस्यों एवं स्थानीय लोगों ने सहयोग किया।सुंदरकांड पाठ के दौरान भक्ति गीतों और जयकारों से परिसर गूंजता रहा। पाठ के समापन पर विधिवत आरती की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

# कर्मचारियों ने मनाया ब्लैक डे, ओपीएस बहाली की उठी मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हरनौत**। हरनौत बाजार स्थित सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना परिसर में मंगलवार को कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग को लेकर ब्लैक-डे मनाया। इस दौरान कर्मचारियों ने नई पेंशन योजना और यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) का विरोध किया। कर्मचारियों ने बाजू पर काली पट्टी बांधकर और जेब के ऊपर बैज लगाकर अपनी मांगों के समर्थन में विरोध दर्ज कराया।ईस्ट सेंट्रल रेलवे एम्प्लाइज यूनियन की सडिमका शाखा के अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बताया कि सुबह करीब 7रू45 बजे संयुक्त संघो की टीमों ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार से पुरानी पेंशन योजना को पुनः बहाल करने की मांग की।कर्मचारियों ने कहा कि एनपीएस और यूपीएस से कर्मचारियों का भविष्य पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। पुरानी पेंशन योजना कर्मचारियों के सामाजिक एवं आर्थिक भविष्य की सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है। उन्होंने सरकार से कर्मचारियों की मांग पर गंभीरता से विचार करते हुए ओपीएस को फिर से लागू करने की अपील की। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने एकजुटता के साथ अपनी आवाज बुलंद की। कार्यक्रम में एफएएनपीएसआर के अध्यक्ष रमेश कुमार, सचिव समीर कुमार, संयोजक रवि रंजन कुमार सहित अखिलेश कुमार, रंजीत कुमार, मुकेश मालाकार, राजेश वर्मा, कौसलेन्द्र कुमार, शशि रंजन कुमार, कमला प्रसाद, राजनंदन कुमार समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

## नवादा

# युवक की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र में मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। बाइक सटने को लेकर हुए विवाद के बाद दर्जनों हथियारबंद अपराधियों ने पांचू गढ़ मुहल्ले में घुसकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस गोलीबारी में 22 वर्षीय युवक प्रणय कुमार भारती की मौत हो गई, जबकि इलाके में दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार घटना हिसुआ के टीएस कॉलेज के समीप की है। बताया जा रहा है कि वहां किसी वाहन में बाइक सटने को लेकर कहासुनी हुई थी। विवाद इतना बढ़ा कि कुछ ही देर बाद बगोदर ग्राम के बताए जा रहे दो दर्जन से अधिक युवक हथियारों से लैस होकर चार पहिया वाहनों से पांचू गढ़ मुहल्ले पहुंचे और उत्पात मचाने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों ने मुहल्ले में पहुंचते ही ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान पांचू गढ़ निवासी मनीष भारती के 22 वर्षीय पुत्र प्रणय कुमार भारती को गोली लग गई। परिजन आनन-फानन में उसे लेकर नवादा ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। तीन वाहन जब्त, **आक्रोशित लोगों ने किया क्षतिग्रस्त** : घटना की सूचना मिलते ही हिसुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से एक स्कॉर्पियो, एक ब्रेजा कार और एक बुलेट बाइक को जब्त किया है। बताया जा रहा है कि ये सभी वाहन हमलावरों के ही हैं। जब्ती के दौरान आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सभी वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद पूरे हिसुआ बाजार में अफरा-तफरी मच गई और दुकानें धड़ाधड़ बंद हो गईं। आक्रोशित लोगों ने हिसुआ में पीएनबी बैंक के समीप हिसुआ-नवादा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। काफी देर तक आवागमन बाधित रहा। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है और स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। मृतक के चाचा जैकी कुमार ने आरोप लगाया है कि बगोदर ग्राम के नीरज कुमार उर्फ कारू डॉन एवं पोचाड़ी डॉन समेत उनके गैंग के दो दर्जन से अधिक लोग हथियार लेकर मुहल्ले में आए थे और फायरिंग की। इस संबंध में हिसुआ थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। फिलहाल इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस आरोपियों की पहचान कर छापेमारी कर रही है।

# उर्वरक विक्रेताओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। सोखोदेवरा जेपी आश्रम परिसर स्थित राजेन्द्र भवन में मंगलवार को उर्वरक विक्रेताओं के लिए समेकित पोषक तत्व प्रबंधन विषय पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह सहित अन्य ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने कहा कि उर्वरक विक्रेता केवल विक्रेता की भूमिका तक सीमित न रहें,बल्कि किसानों के कृषि तकनीकी सलाहकार के रूप में भी अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि समेकित पोषक तत्व प्रबंधन को अपनाकर मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के साथ कृषि उत्पादन को टिकाऊ बनाया जा सकता है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण में प्राप्त तकनीकी जानकारी को किसानों तक पहुंचाने की अपील की। कोर्स संचालक डॉ. शशांक शेखर ने कहा कि उर्वरक विक्रेता किसानों के प्रथम संपर्क बिंदु होते हैं। इसलिए उनका तकनीकी रूप से दक्ष



होना जरूरी है, ताकि वे किसानों को फसल एवं मिट्टी की जरूरत के अनुसार उर्वरकों के संतुलित उपयोग की सलाह दे सकें। प्रसार वैज्ञानिक अंगद कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में नालंदा,नवादा, गया, शेखपुरा, जमुई, अररिया एवं पूर्णिया जिलों के कुल 60 प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को समेकित पोषक तत्व प्रबंधन, उर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ० रजत रंजन, फार्म प्रबंधक सुमिताप रंजन,अनिल कुमार, पिंटू पासवान, श्रवण कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### आइजी विकास वैभव ने किया सोखोदेवरा सर्वोदय आश्रम का दौरा



**कौआकोल**। मगध प्रक्षेत्र के आइजी विकास वैभव ने मंगलवार को कौआकोल प्रखंड के ऐतिहासिक धरोहर सोखोदेवरा जेपी सर्वोदय आश्रम का दौरा किया। लोकनायक जयप्रकाश नारायण द्वारा स्थापित इस आश्रम में पहुंचने पर ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार के नेतृत्व में आईजी विकास वैभव का स्वागत किया गया। इस दौरान आइजी ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर खादी सूत से बने माला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने जेपी निवास सहित आश्रम परिसर में संचालित एवं स्थापित अन्य इकाइयों का अवलोकन किया तथा आश्रम के इतिहास और उसकी गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। मौके पर नवादा एसपी अभिनव धीमान,पकरीबरावां एसडीपीओ सुजय विद्यार्थी,कौआकोल थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह सहित जिले के विभिन्न थानों के पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य लोग मौजूद थे।

### सहयोग शिविर में विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का मिला लाभ



**नवादा**। सदर प्रखंड अंतर्गत झुनाठी पंचायत में आयोजित 'सहयोग शिविर' का शुभारंभ जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा संचालित 'सहयोग शिविर' आम नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराने की दिशा में एक प्रभावी पहल है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को जिले के पंचायतों एवं नगर निकायों के वार्डों में सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिला पदाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 'सहयोग शिविर' पोर्टल भी प्रारंभ किया गया है, जिसके माध्यम से नागरिक अपनी शिकायत अथवा आवेदन ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का अधिकतम 30 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि वे पूरी संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ आमजनों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।

### रजौली में धनार्जय नदी उफान पर

**रजौली**। बीते सोमवार की रात से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण धनार्जय नदी उफान पर है। नदी में तेज बहाव के चलते चितरकोली पंचायत के सिल्ली-दिबौर गांव के लोगों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। गांव की लाइफलाइन कही जाने वाली यह नदी पहाड़ी क्षेत्र से होकर आती है, इसलिए थोड़ी सी बारिश में ही इसका बहाव खतरनाक रूप ले लेता है। ग्रामीण अशोक यादव, राजकुमार यादव, विकास कुमार, संतोष यादव, दिलीप यादव, रौशन यादव और पिंटू यादव समेत दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि हर बारिश में उन्हें जान हथेली पर रखकर नदी पार करनी पड़ती है। युवा और वयस्क किसी तरह कमर भर पानी में घुसकर दैनिक जरूरतों के लिए बाजार और प्रखंड मुख्यालय पहुंच जाते हैं, लेकिन महिलाओं, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों के लिए नदी पार करना नामुमकिन हो जाता है। उनका आवागमन पूरी तरह ठप हो जाता है, जिससे बच्चों की पढ़ाई और बीमारों का इलाज भी बाधित हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 10 वर्ष पहले इस नदी पर पुल निर्माण का काम एक ठेकेदार द्वारा शुरू किया गया था, लेकिन ठेकेदार के परिवार में किसी की मौत हो जाने के कारण काम बीच में ही रोक दिया गया।

# ग्रामीणों ने की प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर शिकायत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

नारदीगंज,नवादा। प्रखंड के हंड़िया गांव के ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों का आरोप है कि हंड़िया पंचायत के मुखिया पिछले एक वर्ष से पंचायत में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। मुखिया की नियमित अनुपस्थिति के कारण पंचायत के विकास कार्य पूरी तरह से ठप्प पड़ गए हैं और आम जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। आवेदन पत्र में पुरुषोत्तम कुमार, विकेंद्र कुमार, सन्नी कुमार, रोशन कुमार, संतोष कुमार, अभिषेक कुमार, गोलू कुमार, अनुज सिंह एवं तुलसी कुमार सहित कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं। ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन से इस मामले पर संज्ञान लेते हुए शीघ्र उचित कानूनी व प्रशासनिक कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों के आरोपों पर अपना पक्ष रखते हुए मुखिया अजय पंडित ने कहा कि सहयोग शिविर का आयोजन सदैव जनहित के लिए किया जाता है। उन्होंने पंचायत के सर्वांगीण विकास में हमेशा योगदान दिया है। जनता ही सर्वोपरि है और वे जनता की भावनाओं का पूरा सम्मान करते हैं। हालांकि, उन्होंने प्रशासनिक उपेक्षा पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि कहने को मुखिया पंचायत का सर्वेसर्वा होता है, लेकिन अधिकारी मुखिया की बातों को कोई अहमियत नहीं देते और न ही उचित सम्मान करते हैं। अधिकारियों के ऐसे रवैये के कारण ही उन्होंने कार्यक्रमों में शामिल होना उचित नहीं समझा।

# आइजी ने की पकरीबरावां में विधि-व्यवस्था व लंबित कांडों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पकरीबरावां**। मगध क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव ने मंगलवार को पकरीबरावां पुलिस अनुमंडल कार्यालय का निरीक्षण किया। कार्यालय पहुंचने पर पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद एसडीपीओ सुजय विद्यार्थी ने बुके देकर उनका स्वागत किया। आईजी ने कार्यालय में पुलिस अधिकारियों के साथ विधि-व्यवस्था, लंबित कांडों एवं साइबर अपराध की स्थिति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान आईजी ने पुलिस अधिकारियों से विभिन्न मामलों की प्रगति की जानकारी ली और लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए पुलिस गश्ती बढ़ाने, संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नजर रखने तथा किसी भी घटना की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करने को कहा। आईजी ने कहा कि क्षेत्र में साइबर क्राइम की समस्या है। इस पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। भाजपा नेता आशो पासवान तथा बीस सूत्री अध्यक्ष संजीव कुमार ने एक मामले में रोड जाम करते लोगों पर प्राथमिकी दर्ज किए जाने को लेकर एवं बाजार में जाम की समस्या का आवाज उठाते हुए समाधान करने की मांग की। जाम की समस्या पर हर संभव कार्रवाई का आश्वासन दिया। पकरीबरावां बाजार में आए दिन लगने वाले जाम की समस्या के संबंध में पूछे गए सवाल पर आईजी ने कहा कि इसकी भी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेकर जाम की समस्या के समाधान के लिए हर संभव कार्रवाई करने की बात कही।

# जिलाधिकारी ने विभिन्न मामलों में की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई की। आज द्वितीय अपील के तहत कुल 05 परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से एक मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण कर दिया गया। प्रस्तुत द्वितीय अपीलवादों में राजेन्द्र प्रसाद द्वारा पड़ोसी के द्वारा प्लास्टर नहीं करने देने के संबंध में, बेबी देवी द्वारा अतिक्रमण हटाने के संबंध में, गायत्री पाण्डेय द्वारा मापी के आलोक में विपक्षी द्वारा कब्जा नहीं करने देने से संबंधित मामलों में ऑनलाइन द्वितीय अपील दायर की गई थी। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा जांच प्रतिवेदन भेजे जाने के उपरांत आज शिकायतों का सुनवाई किया गया। प्रखंड स्तर पर पंचायतों से संबंधित विवादों एवं समस्याओं के समाधान हेतु अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकता है, जबकि जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा



का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर स्थित लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। विवादों की सुनवाई एवं निवारण दोनों पक्षों को बुलाकर किया जाता है तथा इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध है और आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क अपील दायर की जा सकती है। आप भी बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएं और निश्चित समय-सीमा के भीतर समाधान प्राप्त करें।

# लाभुकों के बीच बांटे राशन कार्ड सहित अन्य योजनाओं के स्वीकृति पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखंड के कौआकोल पंचायत अंतर्गत पंचायत भवन में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार ने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर राशन कार्ड,सामाजिक सुरक्षा पेंशन,आवास योजना, आय, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं से संबंधित आवेदन बनाये गए अलग अलग 20 काउंटरों पर जमा किए। संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों ने प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन करते हुए कई मामलों का तत्काल समाधान किया,जबकि शेष आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर प्रखण्ड के वरीय पदाधिकारी सह जिला योजना पदाधिकारी विनय कुमार ने निष्पादित आवेदनों से संबंधित स्वीकृति पत्र तथा नए राशन कार्ड पात्र लाभुकों के बीच वितरित किए। साथ ही उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन करना सुनिश्चित करें तथा किसी भी पात्र लाभुक को सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने दें। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए सही एवं पूर्ण जानकारी के साथ आवेदन करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर प्रशासन से संपर्क करें।

# पितृपक्ष मेला 2026 की तैयारियों को लेकर डीएम ने किया मेला क्षेत्र की सड़कों एवं नालियों का पैदल निरीक्षण

## सड़कों के गड्ढों का 5 दिनों में समतलीकरण, नालियों की सफाई एवं जल निकासी सुनिश्चित करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** पितृपक्ष मेला 2026 के अवसर पर देश-विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने एवं मेला क्षेत्र में सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सड़कों, नालियों एवं जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। पितृपक्ष मेला इस वर्ष 25 सितंबर से 10 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होगा। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने आज नादरगंज, रामसागर होते हुए चांद चौरा तक पैदल भ्रमण कर मेला क्षेत्र की सड़कों, नालियों, जल निकासी एवं साफ-सफाई व्यवस्था का स्थल निरीक्षण किया



तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान समाहरणालय के समीप जिला स्कूल के पास सड़क पर बिखरे पत्थरों को तत्काल हटवाने का निर्देश नगर आयुक्त को दिया गया। डीएम ने नगर आयुक्त एवं बुडको के अभियंताओं को निर्देश दिया कि पितृपक्ष मेला को देखते हुए सड़कों पर अनावश्यक रूप से गड्ढा नहीं किया जाए। मेला क्षेत्र में पूर्व से जहां भी सड़क पर गड्ढा खोदा गया है उसका अगले 5 दिनों के भीतर समतलीकरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने मेला क्षेत्र में स्थित नालियों की सफाई पर विशेष जोर देते हुए कहा कि जिन नालियों में कहीं भी पानी जमा हुआ दिखाई दे, वहां पुनः सफाई कराकर जल निकासी सुचारू कराई जाए, ताकि तीर्थयात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। डीएम ने कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग को समाहरणालय से नादरगंज होते हुए रामसागर तक पूर्वी एवं पश्चिमी तरफ की सड़कों का समतलीकरण कराने तथा आवश्यकतानुसार कालीकरण कार्य कराने का निर्देश दिया। रामसागर सूर्य मंदिर के समीप बारिश का पानी जमा होने पर जिला पदाधिकारी ने नगर आयुक्त को समुचित जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। वहीं, नादरगंज नाला की सफाई जेसीबी एवं सुपर सक्शन मशीन के माध्यम से अगले 4 दिनों में कराने का निर्देश भी दिया गया। चांद चौरा स्थित सुधा पार्लर के पास निर्माणाधीन नाली का कार्य 10 सितंबर 2026 तक पूर्ण कराने का निर्देश नगर आयुक्त को दिया गया।

## अमृतसर में सड़क हादसे में कोंच के नवीन की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** अमृतसर में सोमवार सुबह हुए सड़क हादसे में कोंच थाना क्षेत्र के विकन विगहा गांव निवासी नवीन कुमार की मौत हो गई। 26 वर्षीय नवीन उमेश यादव के पुत्र थे। वह एक माह पहले ही रोजगार के लिए अमृतसर गए थे। जानकारी के अनुसार नवीन कंपनी में काम पर जा रहे थे। कंपनी के पास सड़क क्रॉस करते समय एक बाइक सवार ने उन्हें धक्का मार दिया। गंभीर रूप से घायल नवीन को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि शव मंगलवार शाम पैतृक गांव विकन विगहा पहुंचा और उसे दाह संस्कार किया गया। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

## पुरानी पेंशन को लागू करने के लिए शिक्षकों ने काला बिल्ला लगा किया विरोध प्रदर्शन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया जी।** पुरानी पेंशन को लागू करने के लिए आज पूरे देश के कर्मचारी व शिक्षक अपने बाजू पर काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसका आह्वान बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ गोपगुट, अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोपगुट, राष्ट्रीय महिला कर्मचारी व शिक्षक मोर्चा ने किया है जिसके आलोक में आज प्रमंडलीय संयोजक डॉ विनोद कुमार के नेतृत्व में विद्यालय के सभी शिक्षक व कर्मचारी काला बिल्ला लगाकर सरकार से मांग करते हुए कहा कि नई पेंशन योजना को बंद कर जल्द से जल्द पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए। कर्मचारी व शिक्षक खून पसीना बहाकर देश की अर्थव्यवस्था एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाता है, लेकिन जब सेवानिवृत्त होते हैं तो उन्हें सहारा देने वाला पुरानी पेंशन योजना को छीन लिया गया। पेंशन योजना एक लाठी का काम करता था यानी बुढ़ापे में सहारा बनता था जिसे समाप्त कर कर्मचारी व शिक्षकों को दर-दर भटकने पर मजबूर कर दिया गया है। मैं राज्य व देश की सरकार से मांग करते हुए कहना चाहता हूं कि शिक्षकों व कर्मचारियों की जो दर्द है उसे समझें और जल्द से जल्द पुरानी पेंशन योजना लागू करें। मौके पर शिक्षक मोहम्मद हबीबुल्लाह, चांदनी कुमारी, श्वेता कुमारी, दरोंखशा निगार अफसर, प्रवीण तबस्सुम, नाजनी तबस्सुम सभी ने काला बिल्ला लगाकर सरकार से पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने के लिए आग्रह किया।

# इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक ने 9वें स्थापना दिवस पर वित्तीय समावेशन को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया जी।** देश के हर नागरिक तक आसान, सुलभ और भरोसेमंद बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने के अपने संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक ने आज अपना आठवां फाउंडेशन डे स्थापना दिवस बेहद उत्साह के साथ मनाया गया है। इस विशेष अवसर पर बैंक ने देश के दूर-दराज के इलाकों, ग्रामीण क्षेत्रों और समाज के वंचित वर्गों तक वित्तीय सेवाएं पहुंचाने की अपनी यात्रा और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला है। संचार मंत्रालय के तहत डाक विभाग के पूर्ण स्वामित्व वाले इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की स्थापना 1 सितंबर 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'आपका बैंक, आपके द्वार' के मूल मंत्र के साथ की गई थी। पिछले कुछ वर्षों में बैंक ने देश के कोने-कोने में



मौजूद डाकघरों और डाकियों (पोस्टमेन) के विशाल नेटवर्क का उपयोग करके पारंपरिक बैंकिंग व्यवस्था से अछूते करोड़ों नागरिकों को औपचारिक वित्तीय प्रणाली से जोड़ा है। इस अवसर पर अपने संदेश में बैंक के प्रबंधन ने कहा 'हमारा मुख्य उद्देश्य भारत के हर नागरिक के लिए बैंकिंग को सरल, सुरक्षित और किफायती बनाना है। आज जब हम अपने फाउंडेशन डे का जश्न मना रहे हैं, तो यह उन अनगिनत ग्राहकों और हमारे कर्मठ डाकियों के प्रति आभार व्यक्त करने का दिन है, जिन्होंने 'आपके द्वार बैंक' के विजन को जमीन पर उतारा है।'

**मुख्य उपलब्धियां और भविष्य की दिशा:**

डोरस्टेप बैंकिंग क्रांतिः देश भर में लाखों डाकिए माइक्रो-एटीएम और स्मार्टफोन के जरिए घर-घर जाकर खाता खोलने, नकद निकासी और बिल भुगतान जैसी सेवाएं दे रहे हैं। महिला सशक्तिकरणः ग्रामीण महिलाओं विशेषकर ग्रामीण डाक सेवकों और आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं) को वित्तीय साक्षरता और सेवाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण भागीदार बनाया गया है। डिजिटल और डीबीटी सेवाएंः सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं डी बी टी का लाभ सीधे लाभार्थियों के खातों तक पहुंचाने में बैंक ने एक बड़ी भूमिका निभाई है।

फाउंडेशन दिवस के तहत देश भर की विभिन्न शाखाओं और डाकघरों में विशेष ग्राहक जागरूकता शिविर, वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम और खाता खोल अभियान आयोजित किए गए हैं। आने वाले समय में आइ पी पी बी उन्नत डिजिटल भुगतान समाधानों, बीमा, और ऋण सेवाओं को और अधिक सहज बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि देश के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को भी आधुनिक बैंकिंग का पूरा लाभ मिल सके।

## संबल छात्र योजना के तहत 25 दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राई साइकिल की मिली सौगात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** मुख्यमंत्री सशक्तिकरण छात्र योजना संबल के तहत मंगलवार को खिजरसराय स्थित बुनियाद केंद्र में दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। कार्यक्रम में 25 दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी केशव आनंद ने हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया। वाहन मिलते ही लाभुकों के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी। कई लाभुकों ने इसे अपने जीवन में नई उम्मीद और आत्मनिर्भरता की शुरुआत बताया। कार्यक्रम में प्रखंड के संबंधित अधिकारी एवं कर्मियों के साथ बुनियाद केंद्र के केंद्र प्रबंधक नवीन कुमार,



अजहरुद्दीन तथा जिला से पहुंचे अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि संबल योजना के माध्यम से दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इलेक्ट्रिक वाहन मिलने से लाभुकों को रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य जरूरी कार्यों के लिए आवागमन में काफी सुविधा होगी। वाहन प्राप्त करने वाले लाभुकों ने कहा कि पहले कहीं आने-जाने के लिए परिवार के सदस्यों या अन्य लोगों पर निर्भर रहना पड़ता था। कई बार जरूरी काम होने के बावजूद साधन के अभाव में परेशानी उठानी पड़ती थी। अब इलेक्ट्रिक वाहन मिलने से वे अपने जरूरी काम खुद कर सकेंगे। लाभुकों ने सरकार और प्रशासन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह सुविधा उनके लिए सिर्फ वाहन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की नई राह है। बुनियाद केंद्र के कर्मियों ने लाभुकों को इलेक्ट्रिक वाहन के संचालन, चार्जिंग और रखरखाव से संबंधित आवश्यक जानकारी भी दी।

## नेरा नदी में डूबा युवक, एसडीआरएफ की टीम तलाश में जुटी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** कोंच प्रखंड के चिचौरा गांव के पास मंगलवार सुबह नेरा नदी में डूबने से एक युवक लापता हो गया। खबर लिखे जाने तक उसका पता नहीं चल सका है। जानकारी के अनुसार चिचौरा निवासी मुकेश कुमार चंद्रवंशी, 35, पिता कपिल राम सुबह करीब 9 बजे पुल पर बैठा था तभी अचानक पुल से गिरकर नदी में डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर बीडीओ चंदन कुमार और थानाध्यक्ष आलोक रंजन मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने एसडीआरएफ टीम को सूचना दी। एसडीआरएफ के जवान नदी में संभावित स्थानों पर खोजबीन कर रहे हैं। स्थानीय ग्रामीण भी बचाव कार्य में सहयोग कर रहे हैं। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। अधिकारी खुद अभियान की निगरानी कर रहे हैं। युवक के लापता होने से परिजनों और गांव में चिंता का माहौल है।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: 54–एसडीएसटीई–एएसएन–2026–27 के तहत ई–निविदा आमंत्रण, दिनांक 31.08.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थानः** आसनसोल मंडल–(i) "वरिष्ठ डीईएन/III/आसनसोल के खंड में प्रतिस्थापन के आधार पर पराज स्टेशन पर नए फुट ओवर ब्रिज का प्रावधान"। (ii) "वरिष्ठ डीईएन/III/आसनसोल के खंड में प्रतिस्थापन के आधार पर वारिया स्टेशन पर नए फुट ओवर ब्रिज का प्रावधान"। (iii) "वरिष्ठ डीईएन/III/आसनसोल के खंड में प्रतिस्थापन के आधार पर राजबंध स्टेशन पर नए फुट ओवर ब्रिज का प्रावधान"। (iv) "वरिष्ठ डीईएन/III/आसनसोल के खंड में प्रतिस्थापन के आधार पर गलसी स्टेशन पर नए फुट ओवर ब्रिज का प्रावधान"। (v) "वरिष्ठ डीईएन/III/आसनसोल के खंड में प्रतिस्थापन के आधार पर मानकर स्टेशन पर नए फुट ओवर ब्रिज का प्रावधान"। **निविदा मूल्य:** रु. 1,42,46,584.94, **बयाना राशि:** रु. 2,84,900/–, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 24.09.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in

ASN-240/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सहयोग शिविर में ग्रामीणों की उमड़ी भीड़, राशन कार्ड व जमीन की समस्याएं छाईं रही

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** कुड़वा पंचायत के सामुदायिक भवन में मंगलवार को आयोजित किया गया। सहयोग शिविर में ग्रामीणों की भारी भीड़ देखी गयी। शिविर में अनुमंडल पदाधिकारी केशव आनंद, बीडीओ पूजा गहलोत, सीओ केशव किशोर समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अनुपस्थित रहे जबकि पीएचईडी के अधिकारी विलंब से पहुंचे। शिविर में सबसे अधिक शिकायतें राशन कार्ड से जुड़ी रहीं। ग्रामीणों ने नया राशन कार्ड बनाने, परिवार के सदस्यों के नाम जोड़ने और कार्ड में सुधार कराने की मांग की। आवेदन भरने में लापरवाही की शिकायत पर विकास मित्र वीरेंद्र मांझी को अधिकारियों ने फटकार लगाई। पात्र लाभुकों के आवेदन भरकर जमा कराने का निर्देश दिया गया। ग्रामीणों ने जन वितरण प्रणाली दुकानदार पर निर्धारित मात्रा से कम अनाज देने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि उन्हें चार किलो अनाज ही दिया जा रहा है। शिकायत पर एसडीओ ने संबंधित अधिकारी को जांच का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिकायत सही पाए जाने पर डीलर के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। शिविर में दाखिल-खारिज, जमाबंदी, जमीन की मापी और सीमांकन से संबंधित मामले भी पहुंचे। अधिकारियों ने शिकायतें सुनकर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया गया। लड़कियों ने प्राथमिक विद्यालय तक रास्ता नहीं होने की समस्या उठाई और रास्ते की व्यवस्था कराने की मांग की। शिविर के दौरान ग्रामीणों के बीच जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र का वितरण भी किया गया। मुखिया राजबल्लम पासवान, जदयू प्रखंड अध्यक्ष पिंकी देवी, विधायक प्रतिनिधि सच्चिदानंद सिंह, प्रखंड प्रमुख पति मंटू यादव समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बीजहरा में एल.टी लाइन गिरने से 3 लोग झुलसे, एक रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** कोंच थाना क्षेत्र के बीजहरा गांव में मंगलवार शाम एलटी लाइन की चपेट में आने से तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार घर में बिजली का टोका फंसाने के दौरान एल टी लाइन नीचे गिर गई। करंट की चपेट में आने से संजू देवी, 26, पति नागमणि कुमार, भरत दास, 28, पिता वृक्ष दास और नवीन कुमार, 26, पिता दयानंद यादव झुलस गए। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से झुलसे भरत दास को बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज गया रेफर किया गया है।ग्रामीणों ने बताया कि घटनास्थल पर कई टोके फंसे हुए थे और तार काफी जर्जर थे। सामाजिक कार्यकर्ता निरंजन शर्मा ने बिजली विभाग से जर्जर तारों को तुरंत बदलने की मांग की है।

## गया के मानपुर क्षेत्र में भीषण जाम से जनजीवन अस्त-व्यस्त, लोगों ने जताई नाराजगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया जी।** गया के मानपुर सिक्स लेन ब्रिज, जनकपुर, देविस्थान, नॉर्थ लखीबाग, साउथ लखीबाग और राणानगर एवं राजमार्केट जैसे प्रमुख इलाकों में विगत दो दिनों से लगातार घंटों-घंटों तक भीषण जाम लगने के कारण आम जनता और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिससे पूरा जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है ! इस गंभीर समस्या पर गया शहर के समाजसेवी एवं आम युवा पीढ़ी ने कड़ा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि गया जैसे धार्मिक और विश्वप्रसिद्ध शहर में आए दिन आम जनता को इस तरह की विकट जाम की समस्या झेलनी पड़ रही है जिससे तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोगों का आवागमन भी पूरी तरह प्रभावित हो रहा है और प्रशासन को इस ओर तत्काल ठोस कदम उठाने की सख्त आवश्यकता है। वहीं, इस विकट स्थिति को लेकर अपनी पीड़ा साझा करते हुए स्थानीय निवासी सह दूध कारोबारी विकास यादव ने कहा कि यह समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि हम सभी इस गंभीर ट्रैफिक जाम की मार को पिछले कई सालों से निरंतर झेल रहे हैं जिससे न केवल हमारा दैनिक कारोबार बुरी तरह प्रभावित होता है बल्कि आपातकालीन स्थितियों में मरीजों और स्कूली बच्चों को भी अस्पताल या गंतव्य तक पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता के कारण आज तक इस स्थायी समस्या का कोई भी संतोषजनक समाधान नहीं निकल पाया है जिससे स्थानीय लोगों में शासन-प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश व्याप्त होता जा रहा है।

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.: ईएलडी–300–डब्ल्यूसी–19–2026–27, दिनांक 27.08.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कर्षण वितरण, सियालदह, पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग, प्रथम तल, डीआरएम कार्यालय, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **निविदा सं. : ईएलडी–300–डब्ल्यूसी–19–2026–27, कार्य का नाम :** (i) कैनिंग (सीजी) स्टेशन पर अतिरिक्त स्टेबलिंग लाइन के लिए प्रस्ताव और (ii) सोनारपुर से कैनिंग (29.01 किमी) खंड के बीच ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम के लिए प्रस्ताव के संबंध में 25 केवी ओएचई की डिजाइन, ड्रॉइंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं आरंभ तथा संबंधित विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.1,65,93,335.60, **निविदा कागजात का मूल्यः** शून्य। **बयाना राशि :** रु.3,31,900/– **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। **अंतिम तिथि :** दिनांक 29.09.2026 को 15.00 बजे। निविदा सूचना एवं समय–समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

SDAH-207/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## सहयोग शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान, विभिन्न योजनाओं के लिए मिले आवेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** प्रखंड क्षेत्र के कचौड़ी एवं ढाप चिड़ैया पंचायत में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन शेरघाटी प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार, अंचलाधिकारी उषा कुमारी, राजस्व पदाधिकारी अमित कुमार एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमल किशोर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया। शिविर में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे जहां ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित विभागों से जुड़े आवेदन प्राप्त किए गए। जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी उषा कुमारी ने बताया कि कचौड़ी पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान भोजपुरिया निवासी अरविंद कुमार को शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार रुपये की सहयोग राशि का चेक प्रदान किया गया। वहीं, शिविर में जन्म प्रमाण पत्र के लिए दो, मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए एक, कबीर अंत्येष्टि योजना के लिए 12, शौचालय निर्माण के लिए दो तथा जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र आदि दिए गए। अंचलाधिकारी ने बताया कि प्राप्त आवेदनों की जांच कर उनके निष्पादन की प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाएगी, ताकि ग्रामीणों को कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार ने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान करना है।

## कोंच पहुंचे तेजस्वी, सड़क हादसे में मृतक के घर जाकर बंधाया ढाढस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव मंगलवार को गोह में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। गया-गोह मार्ग में कोंच के राजद कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने गाजे-बाजे और फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान तेजस्वी रक्षाबंधन के दिन सड़क हादसे में मारे गए शांतनु चंद्रवंशी के पैतृक गांव चितावन बीघा पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर ढाढस बंधाया। विधायक अजय दांगी से पीड़ित परिवार को शीघ्र सरकारी सहायता



दिलाने की पहल करने को कहा। मौके पर जिला पार्षद शरीफा देवी, दिलीप कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष शिव कुमार चौहान, डॉ. रामाशीष कुमार, मोहन यादव, मंटू कुमार, सुजीत कुमार, पंकज कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**

Electric Supply Area, Medininagar

(CIN:U40108JH2013SGC001702)

Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102

email:-gm_mdnjseb@yahoo.in

Telephone:-06562-295539 Fax No. 06562-235078

**E-TENDER CANCELLATION NOTICE**

E-Tender Notice No. – 101/PR/JBVNL/2026-27 O&M (Regarding Supply of 11KV CT) is hereby cancelled due to unavoidable reason.

Sd/-
GM-cum-CE
ESA, Medeninagar

PR No. 380501

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR.NO.388753 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(26-27):D

## बिजली विभाग की लचर व्यवस्था से दर्जनों घरों में छाया अंधेरा, ग्रामीणों में आक्रोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आमस।** आमस प्रखंड के सुग्गी गांव में सोमवार दोपहर करीब तीन बजे बिजली आपूर्ति बाधित होने से दर्जनों घरों में अंधेरा छा गया। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद विभागीय कर्मियों ने समस्या को गंभीरता से नहीं लिया और पूरी रात बिजली बहाल नहीं हो सकी। ग्रामीणों ने बताया कि चंडीस्थान-सुग्गी जीटी रोड के किनारे कई जगह बिजली के केबल तार झूल रहे हैं तथा पोल और तार जर्जर स्थिति में हैं। हल्की हवा या बारिश में भी बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। ग्रामीणों ने जेई ब्रजराज कुमार व मानव बल अरविंद कुमार समेत अन्य कर्मियों को सूचना दी। मंगलवार सुबह दोबारा शिकायत के बाद फॉल्ट ठीक कर करीब डेढ़ से दो घंटे में बिजली आपूर्ति बहाल की गई।

## भूमि सर्वे को लेकर गौहरपुर पंचायत भवन में लगा शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त को लेकर मंगलवार को पंचायत सरकार भवन गौहरपुर में शिविर लगाया गया। शिविर की अध्यक्षता मुखिया संघ अध्यक्ष सह गौहरपुर मुखिया शिव कुमार चौहान ने की।

## उतरी कोयल नहर पर बना पुल चंद दिनों में ही हुआ जर्जर, दर्जनों गांवों का आवागमन बाधित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरुआ।** गुरुआ प्रखंड क्षेत्र के भरौंधा मुख्य मार्ग से महापुर नेशनल हाईवे को जोड़ने वाली सड़क पर टड़ई में उत्तरी कोयल नहर पर हाल ही में बने पुल की स्थिति पहली ही बारिश में खराब हो गई है। पुल के दोनों ओर आवागमन के लिए भरी गई मिट्टी बारिश के पानी में बह जाने से सड़क और पुल के बीच गहरा अंतर पैदा हो गया है जिससे दर्जनों गांवों के लोगों का आवागमन प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल का निर्माण हुए अभी चंद दिन ही हुए हैं, लेकिन पहली बारिश में ही पुल के आसपास की मिट्टी बह गई। इससे पुल की गुणवत्ता और निर्माण कार्य पर सवाल उठने लगे हैं। पुल के पास सड़क का संपर्क टूटने से लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते पुल के दोनों ओर मिट्टी की भराई और मजबूत तरीके से सड़क का संपर्क नहीं बनाया गया तो पुल को भी नुकसान पहुंच सकता है। वही पुल मे अनियमता पर सवाल उठाते हुए काज मुखिया रितेश कुमार सिंह सरपंच बसंत सिंह, रामसूचित पासवान समेत दर्जनों ग्रामीणों ने पुल निर्माण कार्य अनियमितता को अधिकारियों से मौके का निरीक्षण कर तत्काल मरम्मत कराने तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। वही इस मामले को उतरी कोयल नहर गया डिवीजनल इंजीनियर टेलीफोनिक बात में कहा की मामला संज्ञान आया संवेदक को जल्द मरमत करने का निर्देश दिया गया जल्द की पुल मरमत कर दिया जाएगा

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड, रांची**

**कार्यालय - जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा**

**(आम सूचना)**

गढ़वा जिला के कृषक उत्पादक समूह (FPOs)/PACS/SHGs को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 में Mission for Aatmanirbhata in Pulse योजना अंतर्गत Post- Harvest Infrastructure Pulse Processing, Packaging Units (300 kg per Hour. capacity) का क्रय 33 प्रतिशत अनुदानित दर पर किया जाना है, जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

| क0 | यंत्र की विवरणी | अनुदान की राशि |
|---|---|---|
| 1 | Post- Harvest Infrastructure Pulse Processing, Packaging Units (300 kg per Hour. minimum capacity) | 33% of the Project cost subject to a Maximum Limit of 25 Lakh Per Unit whichever is less. |

नोट :–

➢ गढ़वा जिला के वैसे इच्छुक पैक्स/लैम्पस/FPO/Private Industries जो इस योजना का लाभ लेना चाहते हो वे दिनांक 05.09.2026 से 05.10.2026 तक जिला कृषि कार्यालय, गढ़वा में प्रोजेक्ट बना कर कार्यालय दिवस में जमा कर सकते है।

प्रोजेक्ट के साथ निम्न कागजात संलग्न करना अनिवार्य होगा।

- आवेदक का आधार कार्ड का प्रति अभिप्रमाणित।
- जमीन का अद्यतन रसीद, अभिप्रमाणित।
- आवेदक का दो पासपोर्ट साईज फोटो।
- पास बुक का फोटो कॉपी जिसमें बैंक का नाम एवं लाभुक का नाम तथा आई0एफ0एस0सी0 कोड अनिवार्य रूप से अंकित होना चाहिए अभिप्रमाणित।

जिला कृषि पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 388736 Agriculture (26-27)_D

संपादकीय

# कर्ज माफी या सरकारी धन की लूट?

जिस शख्स पर 22 हजार करोड़ रू. से ज्यादा का कर्ज हो, उसे समझौते के तहत महज साढ़े 6 करोड़ रू. चुकाने पर कर्ज से छुटकारा मिल जाए, यह आजाद भारत का सबसे अनोखा और कई संदेहों को जन्म देने वाला फैसला है। खासकर तब कि जब ज्यादातर कर्जदाता सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां हों। यह फैसला मीडिया कारोबारी और उद्योगपति सुभाष चंद्रा के मामले में बीते मंगलवार देश के राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने सुनाया है। इस फैसले ने समूचे कारपोरेट जगत को हैरान कर दिया है। इस फैसले से यह संदेश गया है कि अगर क़ानूनी प्रक्रिया का पालन किया जाए और कर्जदाताओं का ज़रूरी बहुमत समझौते के पक्ष में हो, तो संभावित रूप से लगभग पूरा कर्ज माफ किया जा सकता है। आम भाषा में इसे सार्वजनिक धन की लूट कहा जा सकता है। इस मामले में सुभाष चंद्रा ने खुद से जुड़ी कंपनियों की ओर से लिए गए कर्ज के लिए व्यक्तिगत गारंटी दी थी। गौरतलब है कि जब इन कंपनियों ने उन क़र्ज़ों को चुकाने में डिफ़ॉल्ट किया तब एक लेनदार इंडियाबुल्स हाउसिंग फ़ाइनेंस ने डॉ. चंद्रा के खिलाफ़ 2022 में इन्सॉल्वेंसी कार्यवाही शुरू की। अगस्त 2022 में डॉ. चंद्रा की एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने एक अंतरिम आदेश के ज़रिए इस कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। दो साल बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिया, जिससे समाधान प्रक्रिया चालू हुई। एनसीएलटी के आदेश के अनुसार क़र्ज़ देने वालों ने उनके खिलाफ़ अपने दावों की कुल राशि 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक बताई थी। लेकिन न्यायाधिकरण ने जिस रीपेमेंट प्लान को मंजूरी दी, उसमें केवल 6.5 करोड़ रुपये वापस करने की पेशकश की गई। इसमें क़र्ज़ देने वालों के लिए 6.25 करोड़ रुपये और दिवालियापन प्रक्रिया (इन्सॉल्वेंसी प्रोसेस) की लागत के लिए 25 लाख रुपये शामिल हैं। यह दावों की कुल राशि का क़रीब 0.03 फ़ीसदी ही है। फ़ाइनेंस की भाषा में इसे 'हेयरकट' कहा जाता है, यानी क़र्ज़दाताओं को वापस की जाने वाली राशि में कमी, जो इस मामले में 99.97 फ़ीसदी है। 25 अगस्त 2026 का हेयरकट का यह फ़ैसला एनसीएलटी के सदस्य नीलेश शर्मा ने सुनाया है।

नीलेश शर्मा के फ़ैसले में इस बात का ज़िक्र है कि फ़ैसला बंटा हुआ था। सवाल यह है कि इतनी बड़ी कर्ज माफी को कानूनी मंजूरी कैसे मिली? दरअसल दिवाला और दिवालियापन संहिता (इन्सॉल्वेंसी और बैंकरप्सी कोड-आईबीसी) के तहत व्यक्तिगत दिवाला समाधान प्रक्रिया में, जब कोई कंपनी क़र्ज़ नहीं चुका पाती है, तो उस क़र्ज़ की व्यक्तिगत गारंटी देने वाले लोगों के खिलाफ़ भी क़ानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इसके तहत दिवालियापन की प्रक्रिया को संभालने के लिए रीपेमेंट प्लान तैयार कर योजना को क़र्ज़दाताओं की समिति के सामने वोटिंग के लिए रखा जाता है। अगर वोटिंग में 75% हिस्सेदारी वाले क़र्जदाता योजना को मंजूरी दे देते हैं, तो अंतिम क़ानूनी मंजूरी के लिए योजना एनसीएलटी के पास भेजी जाती है। आदेश के अनुसार सुभाष चंद्रा के मामले में योजना को 80.81 फ़ीसदी मतों से मंजूरी मिली। हालांकि तीन सार्वजनिक वित्तीय संस्थान-यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया, केनरा बैंक और एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस उन क़र्ज़दाताओं में शामिल थे, जिन्होंने इसका विरोध किया। इन संस्थानों ने यह भी आरोप लगाया कि योजना के पक्ष में मतदान करने वाले क़र्ज़दाता डॉ. चंद्रा के परिवार से जुड़े थे। अब इन संस्थानों ने फैसले के खिलाफ अपीलेट न्यायाधिकरण में जाने की बात कही है। अपीलेट कोर्ट क्या करती है, इस पर पूरे देश की नजर रहेगी। क्योंकि सुभाष चंद्रा के सत्ताधारी भाजपा से करीबी सम्बंध रहे हैं। फैसले पर कहीं इसका असर तो नहीं?

# आरक्षण से बचने का पूंजीवादी रास्ता

**धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे से एक बात मात्र अवश्य सकारात्मक हुई है कि अब भविष्य में भी अगर किसी गंभीर घटना पर दस-बीस हजार लोग इकट्ठे होंगे तो सरकारें उनके साथ समझौते करेंगी। तात्पर्य यह कि, भारत सरकार ने अपनी नीति स्पष्ट कर दी है कि कम संख्या होने पर वह जायज बात भी नहीं मानेगी और कुछ हजार लोग इकट्ठे होने पर वह जायज-नाजायज जरूरी या गैर जरूरी सभी बातें मानेगी। वैसे तो 2023 में भी दिल्ली की सीमाओं पर चल रहे किसानों के लंबे धरने के समय भी ऐसी ही घटना हुई थी और लगभग 1 वर्ष के निरंतर धरने के बाद वही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जो किसानों के आंदोलन को गलत मानते थे, उनके आंख, मुंह, कान किसानों की आवाज के प्रति बंद थे, चुनाव पूर्व रातों-रात किसान समर्थक गये और तीनों बिल वापिस किये।**

देश में आरक्षण समाप्त करने या उसे आर्थिक आधार पर लागू करने की मांग को लेकर एक बार फिर प्रदर्शन तेज हो रहे हैं। युवाओं का एक वर्ग मानता है कि सरकारी नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था खत्म होनी चाहिए और चयन का आधार आर्थिक स्थिति या योग्यता होना चाहिए। लेकिन इस बहस का एक दूसरा पहलू भी है, जो बेहद दिलचस्प है। आरक्षण खत्म करने के लिए उसे सीधे समाप्त करना जरूरी है, या सरकारी नौकरियों का दायरा लगातार छोटा करते जाना ही पर्याप्त है। 1991 के बाद उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण के दौर में भारत की अर्थव्यवस्था में निजी क्षेत्र का विस्तार तेजी से हुआ। यह किसी एक सरकार की नीति नहीं थी। अलग-अलग राजनीतिक दलों की सरकारों ने अपने-अपने तरीके से निजी क्षेत्र की भूमिका बढ़ाई, सार्वजनिक क्षेत्र में विनिवेश किया और अर्थव्यवस्था में बाजार की भूमिका को मजबूत किया। अंतर जरूर यह रहा कि किस सरकार ने निजीकरण की गति कितनी रखी और किस क्षेत्र को कितनी तेजी से निजी पूंजी के लिए खोला, लेकिन व्यापक दिशा में निरंतरता दिखाई देती है।

अब यह प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक व्यापक दिखाई देती है। सार्वजनिक क्षेत्र की भूमिका कम करने और निजी पूंजी की भूमिका बढ़ाने के पीछे आर्थिक दक्षता, प्रतिस्पर्धा, निवेश और राजकोषीय बोझ कम करने जैसे तर्क दिए जाते हैं। इन तर्कों का अपना आर्थिक आधार है। निजी क्षेत्र ने उत्पादन, सेवाओं और रोजगार के नए अवसर पैदा किए है। लेकिन इसी परिवर्तन का दूसरा पहलू आरक्षण की बहस में पर्याप्त ध्यान आकर्षित नहीं करता। निजी रोजगार बढ़ता है तो सरकारी रोजगार का अनुपात घटता है और सरकारी रोजगार घटता है तो आरक्षण के दायरे में आने वाले अवसर भी कम होते जाते है। आरक्षण भारत में सामाजिक न्याय और प्रतिनिधित्व की व्यवस्था है। इसका सबसे प्रभावी क्षेत्र सरकारी रोजगार रहा है। सरकारी नौकरी महज नियमित वेतन का साधन नहीं रही, यह सामाजिक सम्मान, आर्थिक स्थिरता, नौकरी की सुरक्षा और राज्य की संस्थाओं में प्रतिनिधित्व का माध्यम भी बनी। ऐतिहासिक रूप से वंचित समुदायों के लिए सरकारी नौकरी सामाजिक गतिशीलता का महत्वपूर्ण रास्ता रही है। इसलिए सरकारी क्षेत्र का आकार बदलना आरक्षण के प्रभाव को भी प्रभावित करता है। कल्पना कीजिए कि जिस क्षेत्र में पहले बड़ी संख्या में सरकारी नौकरियां थी, वहां अब नई भर्तियां सीमित हो जाएं। सरकारी उपक्रमों का विनिवेश हो, कई सेवाओं में आउटसोर्सिंग बढ़े और नई नौकरियों का बड़ा हिस्सा निजी कंपनियां पैदा करने लगें। ऐसी स्थिति में आरक्षण कानून में मौजूद रह सकता है, लेकिन उसके दायरे में आने वाली नौकरियां लगातार कम होती जाएंगी। आरक्षण समाप्त करने के लिए संसद में आरक्षण खत्म करने वाला कानून लाना जरूरी नहीं पड़ सकता। यदि सरकारी नौकरियां ही कम होती जाएं तो आरक्षण का व्यावहारिक प्रभाव स्वतः सीमित हो सकता है। कानून अपनी जगह बना रहेगा, लेकिन उसके लिए उपलब्ध अवसरों की संख्या घटती जाएगी। इस अर्थ में आरक्षण का भविष्य केवल संविधान और कानून से तय नहीं होगा, यह इस बात से भी तय होगा कि भविष्य की अर्थव्यवस्था में कितनी नौकरियां ऐसी रहेंगी जिन पर आरक्षण लागू होता है।

भारत में आर्थिक उदारीकरण के बाद दूरसंचार, बैंकिंग, बीमा, विमानन, खुदरा, स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, सूचना प्रौद्योगिकी और अनेक अन्य क्षेत्रों में निजी पूंजी की भूमिका बढ़ी। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा हुए और अर्थव्यवस्था का विस्तार हुआ। लेकिन इन अवसरों का बड़ा हिस्सा उस संवैधानिक आरक्षण व्यवस्था के दायरे में नहीं आता, जो सरकारी सेवाओं में लागू है। इसलिए एक महत्वपूर्ण विरोधाभास सामने आता है की रोजगार के अवसर बढ़े हैं, लेकिन आरक्षण के दायरे में आने वाले रोजगार के अवसर उसी अनुपात में नहीं बढ़े। यहीं निजीकरण और आरक्षण के बीच संबंध को समझना जरूरी है। निजीकरण अपने आप आरक्षण समाप्त नहीं करता, लेकिन वह उस क्षेत्र का आकार कम कर सकता है जिसमें आरक्षण लागू होता है। यह अंतर बहुत महत्वपूर्ण है। यदि सरकारी क्षेत्र रोजगार का बड़ा स्रोत नहीं रहेगा और निजी क्षेत्र रोजगार का प्रमुख केंद्र बन जाएगा, तो आरक्षण की पारंपरिक व्यवस्था स्वाभाविक रूप से सीमित प्रभाव वाली होती जाएगी।

इसे पूंजीवादी मॉडल के व्यापक संदर्भ में समझना होगा। पूंजीवादी अर्थव्यवस्था में उत्पादन, निवेश और रोजगार में बाजार तथा निजी पूंजी की भूमिका बढ़ती है, जबकि राज्य प्रत्यक्ष आर्थिक गतिविधियों से पीछे हटकर नियामक और सुविधाकर्ता की भूमिका निभाता है। यह व्यवस्था आर्थिक दक्षता, प्रतिस्पर्धा और निवेश को बढ़ावा दे सकती है। लेकिन सामाजिक न्याय का प्रश्न इससे अलग है। बाजार अपने आप ऐतिहासिक सामाजिक असमानताओं को समाप्त नहीं करता।

सरकारी क्षेत्र में नियुक्ति संवैधानिक व्यवस्था और सामाजिक प्रतिनिधित्व से जुड़ी होती है। निजी क्षेत्र में नियुक्ति मुख्यतः कौशल, उत्पादकता, बाजार की जरूरत और संस्थान की भर्ती नीति से तय होती है। इसलिए जब रोजगार का केंद्र सरकारी क्षेत्र से निजी क्षेत्र की ओर जाता है, तो रोजगार का सामाजिक चरित्र भी बदलता है। यही वह बिंदु है जहां भविष्य की आरक्षण व्यवस्था को लेकर गंभीर प्रश्न खड़ा होता है। यदि निजी क्षेत्र आने वाले समय में रोजगार का सबसे बड़ा स्रोत बनता है, तो क्या सामाजिक प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी भी निजी क्षेत्र तक पहुंचनी चाहिए, समान अवसर की व्यवस्था पर्याप्त होगी, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए सहायता आधारित मॉडल विकसित किया जाएगा या बाजार को ही रोजगार और अवसरों के वितरण का प्रमुख आधार माना जाएगा। ऐसे सवालों के जवाब आसान नहीं है। निजीकरण के समर्थक इसे आर्थिक विकास, दक्षता और प्रतिस्पर्धा की आवश्यकता मानते हैं। दूसरी ओर सामाजिक न्याय के समर्थकों की चिंता यह है कि सार्वजनिक क्षेत्र के सिकुड़ने के साथ उन संवैधानिक अवसरों का दायरा भी सिकुड़ रहा है, जिनके माध्यम से ऐतिहासिक रूप से वंचित वर्गों को राज्य की संस्थाओं में प्रतिनिधित्व मिला।

सरकार आरक्षण समाप्त करने की घोषणा न करें, संविधान में आरक्षण बना रहे और राजनीतिक दल आरक्षण के पक्ष या विपक्ष में अपनी-अपनी राजनीति करते रहें, लेकिन यदि सरकारी रोजगार का क्षेत्र लगातार सिकुड़ता जाएं और रोजगार का बड़ा हिस्सा निजी क्षेत्र में चला जाए, तो आरक्षण का प्रभाव क्षेत्र भी छोटा होता जाएगा। यही आरक्षण समाप्ति का संभावित पूंजीवादी मॉडल है, आरक्षण को सीधे हटाना नहीं, बल्कि उस क्षेत्र को छोटा करते जाना जिसमें आरक्षण लागू होता है। इस मॉडल की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि इसमें कोई बड़ा संवैधानिक संघर्ष दिखाई नहीं देता। न आरक्षण समाप्त करने के लिए कानून लाने की जरूरत पड़ती है और न संविधान संशोधन की। आर्थिक संरचना बदलती है, रोजगार का स्वरूप बदलता है और धीरे-धीरे आरक्षण के लिए उपलब्ध अवसरों का संसार छोटा होता जाता है। इसलिए आने वाले समय में आरक्षण की सबसे बड़ी बहस शायद यह नहीं होगी कि आरक्षण रहेगा या नहीं, बल्कि यह होगी कि आरक्षण किन नौकरियों पर लागू रहेगा। भारत में आरक्षण का मूल संबंध सामाजिक न्याय, समान अवसर और प्रतिनिधित्व से है।

अध्यात्म

# दुखी किसान ने देवी से क्यों नहीं मांगा धन

जो लोग हमेशा असंतुष्ट रहते हैं, उनका मन कभी भी शांत नहीं हो पाता। सुख-शांति केवल धन-संपत्ति से नहीं, बल्कि मन की संतुष्टि से मिलती है। यह बात एक लोक कथा से समझ सकते हैं- पुराने समय में एक किसान गरीबी के कारण बहुत परेशान था। एक दिन उसके गांव में एक संत आए। किसान उनके पास पहुंचा और अपनी परेशानियां बताईं। संत ने उसे एक मंत्र बताया और जप करने की विधि समझाई। किसान पूरी श्रद्धा से मंत्र का जप करने लगा।

कुछ दिनों बाद उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर एक देवी उसके सामने प्रकट हुईं। देवी ने कहा, 'मैं तुम्हारी भक्ति से प्रसन्न हूं। तुम जो चाहो, मुझसे वरदान मांग सकते हो।'

किसान सोच में पड़ गया। उसने कहा, 'देवी, मैं अभी तय नहीं कर पा रहा हूं। क्या मैं कल आपसे वरदान मांग सकता हूं?' देवी ने सहमति दी और अंतर्ध्यान हो गईं।

देवी के जाने के बाद किसान के मन में विचारों का सिलसिला शुरू हो गया। उसने सोचा, 'मेरे पास अच्छा घर नहीं है, मुझे घर मांगना चाहिए।' फिर विचार आया, 'जमींदार के पास बहुत शक्ति होती है, मुझे जमींदार बनने का वरदान मांगना चाहिए।' अगले ही पल उसने सोचा, 'राजा तो जमींदार से भी अधिक शक्तिशाली होता है, मुझे राजा बनने का वरदान मांगना चाहिए।'

इन विचारों में पूरा दिन निकल गया। रात को भी किसान सो नहीं पाया। सुबह देवी फिर प्रकट हुईं और वरदान मांगने को कहा।

इस बार किसान ने कहा, 'देवी, मुझे ऐसा वरदान दीजिए कि मेरा मन हमेशा भगवान की भक्ति में लगा रहे और मैं हर परिस्थिति में संतुष्ट रहूं।'

देवी ने प्रसन्न होकर कहा, 'तथास्तु। 'देवी ने पूछा, 'तुमने धन-दौलत या राज-पाट क्यों नहीं मांगा?' किसान ने उत्तर दिया, 'देवी, मेरे पास धन नहीं था, फिर भी धन मिलने की कल्पना ने ही मेरा मन अशांत कर दिया। मैं दिनभर तनाव में रहा और रात को सो नहीं सका। इसलिए मुझे ऐसा धन नहीं चाहिए, जो मेरे जीवन की सुख-शांति छीन ले।'

कथा का संदेश है- जरूरतें पूरी करें, लेकिन हर इच्छा पूरी करने के लिए बेचैन रहना सही नहीं है। सच्ची समृद्धि वह है, जिसमें उपलब्ध चीजों के प्रति कृतज्ञता का भाव और मन में संतोष हो।

**प्रसंग की सीख :** अपनी जरूरत और इच्छा में अंतर समझें: हर पसंदीदा चीज जरूरी नहीं होती। खरीदने या पाने से पहले खुद से पूछें कि इसकी वास्तव में आवश्यकता है या नहीं।

# क्या एआई छीन लेगा हमारी भाषाओं की आत्मा

**बहुत कुछ तो एआई कर ही रहा है। सीखते हुए बड़ी और समझदार हो रही मशीनें क्या हमें लिखने लायक भी छोड़ेंगी? मशीनों पर बढ़ती निर्भरता क्या हमें मौलिक चिंतन के लायक छोड़ेगी? ये बड़े सवाल हैं। एआई के अनेक टूल्स हिंदी और भारतीय भाषाओं में धाराप्रवाह लिख रहे हैं, कंटेट क्रिएट कर रहे हैं। यह हमारी भाषाई विविधता के लिए बड़ा अवसर है या भाषाई पहचान और भाषा से जुड़े व्यवसाय के लिए संकट के दिन, कहना कठिन है। माना जा रहा है कि ये प्रयोग डिजिटल खाइयों (डिजिटल डिवाइड) को कम करेंगे। अंग्रेजी न लिखने, बोलने और समझने वाले बड़े समाज के लिए बहुत कुछ पहुंच में आ जाएगा। वे सरकारी योजनाओं, सेवाओं, सूचनाओं को अपनी भाषा में ग्रहण कर सकेंगें। भारतीय भाषाओं का 'रीयल टाइम अनुवाद' हमारी भाषाई सद्भावना को बढ़ाने का काम करेगा। हमारा संपूर्ण भारतीय साहित्य और ज्ञान परंपरा सब भाषा-भाषियों तक पहुंच सकेगा।**

अब जब वह जमाना बीत रहा है जिसमें हम अपने पसंदीदा लेखकों को मुग्ध होकर पढ़ते थे, उनकी भाषा, उनकी शैली की दीवानगी हमें उनसे जोड़कर रखती थी। यह ऐसा रिश्ता था जो हमें किसी खास लेखक का पाठक बना देता था। क्या डिजिटल क्रांति के इस दौर में मशीनें जिस तरह लिख-पढ़ रही हैं, लेखकों का वजूद रह जाएगा? जनरेटिव एआई अब केवल तकनीकी टूल न रहकर भाषा, विचार और अभिव्यक्ति का माध्यम बन रही हैं, उससे चिंता की लकीरें गहरी हो गयी हैं। हमें आश्वासन दिए जा रहे हैं कि वे एक मशीनी भाषा लिखेंगीं, पर दिल कहां से लाएंगी? संवेदनाएं कहां से लाएंगीं? लेकिन दिमाग इस तरह से भी सोचता है कि अगर वे दिल और भावनाएं भी ला सकीं, हमारे आपके जैसा ही सोचने और लिखने लगीं तो क्या होगा?

## हमारे लिए क्या छोड़ेंगी मशीनें?

बहुत कुछ तो एआई कर ही रहा है। सीखते हुए बड़ी और समझदार हो रही मशीनें क्या हमें लिखने लायक भी छोंडेंगी? मशीनों पर बढ़ती निर्भरता क्या हमें मौलिक चिंतन के लायक छोड़ेगी? ये बड़े सवाल हैं। एआई के अनेक टूल्स हिंदी और भारतीय भाषाओं में धाराप्रवाह लिख रहे हैं, कंटेट क्रिएट कर रहे हैं। यह हमारी भाषाई विविधता के लिए बड़ा अवसर है या भाषाई पहचान और भाषा से जुड़े व्यवसाय के लिए संकट के दिन, कहना कठिन है। माना जा रहा है



कि ये प्रयोग डिजिटल खाइयों (डिजिटल डिवाइड) को कम करेंगें। अंग्रेजी न लिखने, बोलने और समझने वाले बड़े समाज के लिए बहुत कुछ पहुंच में आ जाएगा। वे सरकारी योजनाओं, सेवाओं, सूचनाओं को अपनी भाषा में ग्रहण कर सकेंगें। भारतीय भाषाओं का 'रीयल टाइम अनुवाद' हमारी भाषाई सद्भावना को बढ़ाने का काम करेगा। हमारा संपूर्ण भारतीय साहित्य और ज्ञान परंपरा सब भाषा भाषियों तक पहुंच सकेगा। इसी के साथ लुप्त हो रही बोलियां, संवाद और लोक परंपराएं और प्रदर्शन कलाएं संरक्षित किए जाने की पहल भी हो सकती है। डिजिटल आकाईव हमें यह सुविधा देगा कि हम अपना बहुत कुछ बचा सकें और अपनी-अपनी भाषाओं में उसे सुन सकें, पढ़ सकें।

## क्या रूप, रस, गंध खो बैठेंगीं भाषाएं?

सबसे बड़ा संकट है भाषाओं की आत्मा का। उसकी चिति का। उसके मुहावरों- लोकोक्तियों का। उसके नाद का। मशीनी अनुवाद,मशीनी लेखन से भाषाएं क्या अपना मूल रस,स्वाद,गंध और भाव खो बैठेंगी। क्या उन्हें संवेदना के तल पर रिक्त छोड़ दिया जाएगा। क्या भाषाएं अब सूचना की वाहक तो होंगीं किंतु भावों का निर्वहन करने लायक नहीं बचेंगीं? हमारे एआई माडल्स मूलतः पश्चिमी या अंग्रेजी डेटासेट पर प्रशिक्षित हैं। वे भारतीय भाषाओं का सुंदर अनुवाद कर रहे हैं। लेकिन उसमें प्रयुक्त मुहावरों, लोकोक्तियों, मानवीय संस्पर्श की कोमल भावनाओं, व्यंग्य और भावनात्मक गहराई को छू नहीं पा रहे हैं। संभावना है कि वे भविष्य में इन्हें छूने और पकड़ने का प्रयास करें।

भाषाई समरूपता कई बार भाषा प्रवाह में ही बाधा बनती है। मशीनी अनुवाद की सीमाएं भी जाहिर ही हैं। इनके कारण लेखन में मशीनीपन और भाषा में भाव की कमी साफ दिखती है। भारतीय भाषाओं की डेटा आज भी बहुत कम है। वे समाज में गहरी पैठी हुई भाषाएं तो हैं किंतु डिजिटल दुनिया में उनकी उपस्थिति अभी सीमित है। ऐसे में स्थानीय डेटासेट बड़ी संभावनाओं के द्वार खोलता है। भारतीय भाषाओं के लिए स्वदेशी टूल्स (एलएलएम्स) का विकास जरुरी है, जिससे हमारी भाषाएं भी अपने सामर्थ्य का प्रदर्शन यहां कर सकें। इससे हमारी संस्कृति, हमारी वाक् परंपरा और व्याकरण का संरक्षण भी होगा। सभी कहते हैं कि एआई को सहायक के रुप में देखें न कि लेखक के रूप में। लेकिन एआई पर बढ़ती निर्भरता क्या लेखक के विचारों और उसकी चिंतन प्रक्रिया को अनुकूलित नहीं करेगी? वह उन्हीं विषयों, विचारों और दायरों में कैद होकर रह जाएगा जहां एआई उसे ले जाएगी। स्वतंत्र चिंतन के लिए एआई का प्रयोग कितना उपयोगी है, यह सोचने की जरुरत है। आज हमारे पास कोई नीतिगत ढांचा और नैतिक निर्देश नहीं हैं। ऐसे में हम अपनी हदों और सरहदों को कैसे तय करें?

## संस्कृति की वाहक है भाषा

इसमें दो राय नहीं कि एआई के पास भाषा आ चुकी है। वह उसे लिखना, बोलना और व्यक्त करना जानता है। कई बार उसकी भाषा परिशुद्ध भी होती है, गलतियों के बिना और व्याकरणपरक भी। बावजूद इसके उसके मशीनीकृत रूप के भी कई रूप रचे जा सकते हैं। वह अनेक शैलियों में पारंगत हो रहा है। अनुवाद कुशल तो वह है ही। ऐसे में भाषा की आत्मा का क्या होगा, यह प्रश्न ज्यों का त्यों सामने खड़ा है। भाषा अकेली नहीं आती, वह किसी संस्कृति की वाहक होती है। स्थानीयता की भी वाहक होती है। संवेदना, विचार, संस्कृति और स्थानीय तत्वों से मिलकर भाषा अपने मुहावरे में ही मुक्ति पाती है। इससे उसकी दुनिया बड़ी होती है। उसका पाठक संसार खड़ा होता है। भारतीय भाषाओं के सामने सबसे बड़ा संकट यही है क्या वे अपनी मूल चेतना और रस-गंध को खो बैठेंगीं? वे सूचनाएं देंगी पर पर कुछ कहेंगीं नहीं। बतियाएंगी नहीं। उनमें बातें कहने की क्षमता हो सकती है पर वे संवाद नहीं कर पाएंगी।

## सूचना का सुपर हाइवे मौलिकता की बलि न ले

तकनीक की तेज रफ्तार के बीच में हमें भाषाई मौलिकता,मानवीय संस्पर्श को बचाए और बनाए रखने के सचेतन प्रयास करने होगें। डिजिटल क्रांति से भाषाओं का विस्तार तो हो किंतु उनकी मूल संवेदना, मुहावरे, लोकोक्तियां और संस्कृति न छूटें इसका प्रयास हम भाषाप्रेमियों को ही करना होगा। भाषाई दीवारें गिराने पर आमादा एआई हमारे लिए एक अवसर है, किंतु यह अवसर आत्मसमर्पण का कारण नहीं बने, इसके लिए हमें सोचना होगा। शब्द इंसान के हों किंतु भाषा मशीनी हो ऐसा तो हममें से कोई नहीं चाहेगा। सूचना का यह सुपर हाइवे हमारी मौलिकता की बलि न ले ले, इसकी जिम्मेदारी हर उस व्यक्ति की है जो अपनी भाषा से प्यार करता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज खर्चों की देखरेख और दफ्तर में नई पहल करना होगा। पैसों की स्थिति संभली रहेगी। बिना सोचे खरीदारी से बचें। छोटे-छोटे खर्चों की जांच करें, नहीं तो बचत पर असर पड़ सकता है।

**वृषभ**
आज बचत का सही नियोजन और काम में स्थिरता आएगी। पैसों की प्राथमिकताओं को जांचने के लिए अच्छा दिन है। सिर्फ सुंदर दिखने पर चीजें न खरीदें।

**मिथुन**
आज समझदारी से बचत और काम में तेजी आएगी। कमाई बढ़ाने की इच्छा तेज रहेगी। नए तरीके खोजने का मन करेगा। जल्दबाजी में फैसले न लें।

**कर्क**
आज धन की मजबूती और दफ्तर में निरंतरता बनाए रखनी पड़ेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। भविष्य को लेकर भरोसा बढ़ेगा। कुछ फैसलों से मन का जुड़ाव रहेगा।

**सिंह**
आज समझदारी से खर्च और दफ्तर में पहचान मिलेगी। पैसों के फैसलों में भरोसा रहेगा। खुद को बेहतर बनाने या पढ़ाई पर खर्च करना सही रहेगा।

**कन्या**
आज बजट पर ध्यान और काम में निखार आएगा। हर बात पर बहुत ज्यादा न सोचें। अपने बजट को देखें और फालतू खर्च हटाएं। बिना साफ शर्तों के किसी को पैसा उधार न दें।

**तुला**
आज संतुलित खर्च और बेहतर तालमेल रखेंगे। पैसों के नियोजन पर ध्यान देना होगा। छोटे-छोटे खर्च धीरे-धीरे बढ़ सकते हैं। दोस्तों को खुश करने के लिए फालतू खर्च न करें।

**वृश्चिक**
आज भविष्य की योजना के लिए धीरज से काम लेंगे। सोच-समझकर बनाई योजना से धन की स्थिति सुधरेगी। परिवार या घर के कामों पर खर्च हो सकता है।

**धनु**
आज बचत में संतुलन और काम में साझेदारी दिखाना होगी। कमाई के नए रास्ते खोजने का मन करेगा। पढ़ाई, यात्रा या निवेश पर खर्च हो सकता है। पूरी जानकारी जुटाकर ही फैसला लें।

**मकर**
आज रुके काम निपटाना और काम में अनुशासन रखना होगा। पैसों की जिम्मेदारियों पर ध्यान देना होगा। काम या परिवार से जुड़े कुछ खर्च जरूरी हो सकते हैं।

**कुंभ**
आज सोच-समझकर निवेश और नई सोच रखे। जल्दी कमाई बढ़ाने का मन करेगा। जल्दबाजी और तुरंत फायदे वाली योजनाओं से दूर रहें।

**मीन**
आज शांत मन से फैसले और पेंडिंग काम का निपटाएँ पुराने फैसलों पर ध्यान जाएगा। पुरानी गलतियों से सीख लें। शांत मन से अपनी बचत और खर्चों की योजना बनाएं और एक समय में एक कदम उठाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यालय में चोरी, 250 किलो चावल ले गए चोर

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन प्रखंड के घरारा स्थित प्राथमिक विद्यालय में अज्ञात चोरों ने ताला काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर मध्याह्न भोजन का करीब 250 किलो चावल चोरी कर ले गए।प्राथमिक विद्यालय घरारा की शिक्षिका सुषमा प्रसाद, पति जितेंद्र सिंह, ग्राम बरबरा, ने केवड़ा ओपी प्रभारी को दिए आवेदन में बताया कि वे वर्तमान में जयपाल बैंड, बेली रोड, आईएएस कॉलोनी, थाना रूपसपुर, पटना में रहती हैं और शिक्षिका के पद पर प्राथमिक विद्यालय घरारा में पदस्थापित हैं। इस विद्यालय भवन में दो विद्यालय संयुक्त रूप से संचालित होते हैं - प्राथमिक विद्यालय घरारा और नवसृजित माध्यमिक विद्यालय चंदन नगर। उन्होंने बताया कि 29 अगस्त 2026 को सुबह 9:15 बजे जब वे विद्यालय पहुंची तो देखा कि विद्यालय के मेन गेट का ताला कटा हुआ है। अंदर प्रवेश करने पर पाया कि चावल के बर्तन में से लगभग 250 किलो चावल और अन्य बक्से का ढक्कन खोलकर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। बक्से खुले पड़े थे।घटना की सूचना के बाद केवड़ा ओपी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की। इस संबंध में पुनपुन थाना कांड संख्या 291/26 के तहत अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

### सोने की चेन लूटने का आरोप, 9 के खिलाफ प्राथमिकी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन थाना क्षेत्र के मरांची गांव में घर में घुसकर मारपीट और लूटपाट का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने 9 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पीड़ित धीरज कुमार, साकिन मरांची वार्ड नं० 14, थाना पुनपुन ने पुलिस को बताया कि शाम करीब 5 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल से घर आ रहा था। रास्ते में कुछ लोगों ने गाड़ी लगा रखी थी, इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। पीड़ित का आरोप है कि सभी उसके घर में घुस गए और उसकी बहन नीशा देवी के साथ भी मारपीट की, बाल पकड़ कर पटक दिया और गले से करीब 10 ग्राम सोने की चेन छीन ली। शोर मचाने पर ग्रामीणों को आते देख सभी भागते हुए 10 दिन के अंदर जान से मारने की धमकी देने लगे।इस संबंध में पुनपुन थाना कांड संख्या 291/26 प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है

### किराना दुकान पर 5 रुपये की उधारी को लेकर नाबालिग से मारपीट

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन थाना क्षेत्र के मरांची गांव में महज 5 रुपये के चना की उधारी को लेकर एक किराना दुकान चला रही नाबालिग लड़की के साथ मारपीट और लूटपाट की घटना सामने आई है। घटना के संबंध में लालती देवी ने थाना पुनपुन ने पुलिस को आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि शाम करीब 7 बजे उनकी 15 वर्षीय नतनी रानी कुमारी घर की किराना दुकान पर बैठी थी।उसी समय गांव के ही धनंजय कुमार, 5 रुपये का चना मांगा। जब नतनी ने पैसे मांगे तो उसने पैसा देने से इनकार कर दिया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने नतनी के साथ मारपीट शुरू कर दी और गल्ले में रखे 2300 रुपये निकाल लिए। लड़की के चिल्लाने पर छोटू कुमार, पंकज कुमार दोनों वहां पहुंचे और सभी मिलकर दुकान का सामान तोड़-फोड़ कर फेंकने लगे। आरोप है कि धनंजय कुमार ने हाथ में लिए लोहे के रॉड से नतनी के सिर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ी।परिजन उसे उठाकर लाए और पुलिस की मदद से पुनपुन पीएचसी में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद परिजनों ने थाने में लिखित शिकायत दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बंद घर से लाखों के जेवर और नकदी चोरी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन थाना क्षेत्र के घोपतपुर जट-डुमरी गांव में बंद घर में अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। परिवार दो महीने से गुजरात के सूरत में रह रहा था। पीड़ित विजय चौधरी ने केवड़ा ओपी प्रभारी को दिए आवेदन में बताया कि करीब दो महीने पहले वे पूरा परिवार घर के मुख्य दरवाजे और अंदर के कमरों में ताला लगाकर सूरत (गुजरात) चले गए थे। की सुबह उनके पड़ोसी ने मोबाइल पर सूचना दी कि रात में उनके घर में चोरी हो गई है। सूचना मिलते ही वे सूरत से ट्रेन पकड़कर अपने घर आए तो देखा कि चोरों ने घर का ताला तोड़कर चोरी कर ली है।चोरी गए सामानों में सोने के चार जोड़ा झुमका, तीन लरिया कान में पहनने वाली दो जोड़ा, मंतिका, दो मंगलसूत्र, एक नथिया, एक अंगूठी, चांदी के चार जोड़ा पायल, दो चेन और नकद 50,000 रुपये शामिल हैं।पीड़ित की शिकायत पर पुनपुन थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। चोरी की घटना के बाद पूरे मोहल्ले में दहशत का माहौल है स्थानीय लोगों ने पुलिस से पेट्रोलिंग तेज करने की मांग की है।

### जमीन के कागज को लेकर मारपीट, पति-पत्नी घायल

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छाता ओपी क्षेत्र के बेगमचक गांव में जमीन के डीड पेपर को लेकर हुए विवाद में एक दंपती के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। पीड़ित बंगाली ठाकुर, उम्र 37 वर्ष, पिता स्व० भगवान ठाकुर, साकिन बेगमचक, थाना छाता ओपी ने पुलिस को बताया कि 30 अगस्त 2026 की दोपहर करीब 1 बजे वह देवी मंदिर के पास बैंगन के खेत में पाइप पूछने गए थे। इसी दौरान गांव के ही मुंपुन कुमार पिता विजय ठाकुर से बात हो रही थी कि तभी अभिनाश कुमार (22) पिता अरुण ठाकुर, अरविंद कुमार (27) पिता अरुण ठाकुर, अमन कुमार (20) पिता अनुज ठाकुर और रीता देवी (45) पति अरुण ठाकुर सभी साकिन बेगमचक वहां आ गए और उनसे जमीन का डीड पेपर मांगने लगे।बंगाली ठाकुर ने कहा कि पहले उसका रुपया लौटाओ, फिर डीड पेपर दूंगा। इसी बात पर सभी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। मना करने पर सभी ने लाठी-डंडा, ईंट-पत्थर से एकजुट होकर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान घसीट कर पटक दिया। बीच-बचाव करने आई उसकी पत्नी के साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि मारपीट के बाद सभी ने दोनों को जान से मारने की धमकी दी।पीड़ित की शिकायत पर छाता ओपी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वजन को नियंत्रित करने के लिए बढ़े इलाज के विकल्प

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार और झारखंड, सितंबर 2026: वजन बढ़ना आज सिर्फ महानगरों की चिंता नहीं रह गया है। छोटे शहरों और दूसरे राज्यों में भी लोग अब वजन और उससे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर पहले से ज्यादा जागरूक हो रहे हैं। बिहार और झारखंड में भी लोग वजन को नियंत्रित करने और बेहतर स्वास्थ्य के लिए डॉक्टर की सलाह से इलाज और दूसरे उपाय अपना रहे हैं। इसी बदलाव के बीच, सिप्ला के टिरजेपाटाइड ब्रांड युरपीक ने बिहार और झारखंड में महीने-दर-महीने 20.8% की बढ़ोतरी दर्ज की है। यह दशार्ता है कि इन राज्यों में वजन प्रबंधन से जुड़े इलाज की मांग बढ़ रही है। डायबिटीज और ओबेसिटी केयर सेंटर के एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. सुभाष कुमार ने कहा, लोग अब सिर्फ जल्दी वजन कम करने पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### धोरैया प्रखंड के सैनचक पंचायत सरकार भवन परिसर में सहयोग शिविर का आयोजन

**धोरैया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनों तक पहुंचाने और उनकी समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए मंगलवार को धोरैया प्रखंड के सैनचक पंचायत सरकार भवन परिसर में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया. जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने खुद इस शिविर में शिरकत कर लोगों की समस्याएं सुनी और निष्पादित मामलों के लाभुकों को अपने हाथों से प्रमाण पत्र सौंपा. जिलाधिकारी ने शिविर में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का निदान करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने नागरिकों को आश्वासन दिया कि किसी भी व्यक्ति की परेशानी को अधिकतम 30 दिनों के अंदर दूर किया जाएगा. इसके साथ ही उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को



सख्त निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त जो भी आवेदन शेष रह गए हैं ,उनके शीघ्र निष्पादन कर सेवा संवाद समाधान पोर्टल पर अपडेट किया जाए. डीएम ने कहा कि यहां आने के दौरान रास्ते में प्राकृतिक सुंदरता को देखकर काफी प्रसन्न हुए. उन्होंने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र लाभुकों तक पहुंचाना है. इसके तहत जिले के 182 पंचायत में से 80 पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण हो चुका है .इन पंचायत सरकार भवनों को क्रियाशील किए जाने की दिशा में आवश्यक निर्देश स्थानीय पदाधिकारी को दिया गया. डीएम ने कहा कि पंचायत में हाई मास्क लाइट का निर्माण कराया जाएगा. वहीं उच्च विद्यालय में खुले जिम का निर्माण होगा .शिविर में पहुंचे डीएम ने यहां लाइब्रेरी का भी उद्घाटन किया.

# लगातार बारिश से पुनपुन नदी उफान पर

## खतरे के निशान से 2 मीटर ऊपर, तटवर्ती गांवों में अलर्ट



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण पुनपुन नदी उफान पर है। नदी का जलस्तर खतरे के निशान से करीब दो मीटर ऊपर बह रहा है, जिससे मसौढ़ी अनुमंडल के तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। जानकारी के अनुसार, पुनपुन नदी का खतरे का निशान 50.60 मीटर है, जबकि वर्तमान में नदी 52.14 मीटर के जलस्तर पर बह रही है। जलस्तर में प्रति घंटे ढाई से 3 सेंटीमीटर की तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। यदि बारिश का यही सिलसिला जारी रहा तो स्थिति और भयावह हो सकती है। जिला प्रशासन ने बढ़ते जलस्तर को देखते हुए अलर्ट जारी कर दिया है। पुनपुन नदी के किनारे बसे गांवों - मसौढ़ी, धनरूआ, पुनपुन और नौबतपुर प्रखंड के ग्रामीणों को सावधान रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने की हिदायत दी गई है। प्रशासन ने स्थानीय अंचलाधिकारी और थाना प्रभारियों को लगातार जलस्तर की मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया है। सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। साथ ही कटाव निरोधी कार्य, बाढ़ राहत शिविर, नाव, पॉलीथीन शीट, दवा और सूखे राशन की व्यवस्था को लेकर मिशन मोड में तैयारी करने का आदेश दिया गया है।अंचल प्रशासन द्वारा लाउडस्पीकर से भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन नदी के रौद्र रूप को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन को तुरंत सूचना दें।

# सहयोग शिविर में नहीं दिखा उत्साह, तीन नगर वार्डों से सिर्फ छह आवेदन

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड और नगर क्षेत्र में मंगलवार को आयोजित 'सहयोग से समाधान योजना' के तहत सहयोग शिविर 2.0 में फरियादियों की संख्या बेहद कम रही। अधिकांश शिविरों में दिनभर कर्मी फरियादियों का इंतजार करते नजर आए। नगर परिषद के वार्ड संख्या 21, 22 और 23 से महज छह लोगों ने जलजमाव की शिकायत दर्ज कराई। वहीं ग्रामीण क्षेत्र की औंटा और रामपुर-डूमरा पंचायत में कुल 20 लोगों ने अपनी समस्याओं के समाधान की गुहार लगाई।औंटा पंचायत सरकार भवन में आयोजित शिविर में दिनभर इंतजार के बाद मात्र सात आवेदन प्राप्त हुए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पूर्व में सहयोग शिविर में दिए गए आवेदनों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। औंटा निवासी बुजुर्ग रमेश सिन्हा ने बताया कि कई मामलों में ऑनलाइन दस्तावेजों में समस्या का समाधान दिखा दिया जाता है, लेकिन जमीनी स्तर पर समस्या जस की तस बनी रहती है।रामपुर-डूमरा पंचायत के ग्राम कचहरी भवन में आयोजित शिविर में 13 आवेदन प्राप्त हुए। यहां भी ग्रामीणों में खासा उत्साह नहीं दिखा। आवेदन काउंटर पर भी दिनभर फरियादियों की संख्या बेहद कम रही।नगर क्षेत्र में वार्ड 21, 22 और 23 के लोगों ने मुख्य रूप से जलजमाव की समस्या को लेकर शिकायत की। महिलाओं का एक समूह नल-जल योजना से जुड़ी शिकायत लेकर शिविर पहुंचा, लेकिन संबंधित पीएचईडी विभाग का कोई अधिकारी या प्रतिनिधि मौजूद नहीं रहने से उनकी समस्या सुनने वाला कोई नहीं मिला।ग्रामीणों और नगरवासियों का कहना है कि मोकामा में सबसे अधिक शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित हैं।

# चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दुल्हीन बाजार थाना पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान गुप्त सूचना पर छापेमारी कर चोरी की संदिग्ध मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बरामद बाइक को जब्त कर गिरफ्तार युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 30 अगस्त की रात करीब 10 बजे पुलिस टीम क्षेत्र में गश्ती एवं छापेमारी कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि सुल्तानपुर/जबारपुर कौरैया गांव में एक व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल छिपाकर रखा हुआ है। सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष विकास कुमार के निर्देश पर विशेष टीम गठित कर जबारपुर कौरैया गांव स्थित एक घर में छापेमारी की गई। पुलिस को देखते ही एक युवक भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। वाहन के चेचिस एवं इंजन नंबर के साथ वास्तविक रजिस्ट्रेशन नंबर का मिलान करने के बाद पुलिस ने मोटरसाइकिल को जब्ती सूची बनाकर जब्त कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान सोनू कुमार (19), पिता संजय यादव, निवासी जबारपुर, थाना दुल्हीन बाजार, जिला पटना के रूप में हुई है। इस संबंध में दुल्हीन बाजार थाना में मामला दर्ज कर अग्रतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष विकास कुमार, पुअनि कुमारी किरण, बिट्टू कुमार, सअनि संतोष कुमार समेत अन्य सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक की उंगली काटी, घर में तोड़फोड़

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केवड़ा ओपी क्षेत्र के पोठही गांव में गाली-गलौज का विरोध करने पर एक व्यक्ति के साथ बेरहमी से मारपीट करने और घर में तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित सूरज कुमार, उम्र 35 वर्ष, पिता बैजनाथ सिंह, ग्राम पोठही, थाना केवड़ा ओपी ने पुलिस को बताया कि शाम करीब 7 बजे गांव के ही मंटू कुमार, पिता बैंजू सिंह, नशे की हालत में उसके घर के पास आकर गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर मंटू कुमार ने ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। एक ईंट पैर में लगने से सूरज गिर पड़ा, जिसके बाद आरोपी छाती पर चढ़कर लात-मुक्कों से पीटने लगा। बीच-बचाव करने आई उसकी पत्नी के साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि आरोपी ने पीड़ित के दाहिने हाथ की उंगली को दांत से काट लिया, जिससे खून बहने लगा।इतना ही नहीं, आरोपी ने घर पर भी ईंट-पत्थर फेंके, जिससे उसका खपड़ैल घर क्षतिग्रस्त हो गया।

# दस सूत्री मांगों को लेकर मसौढ़ी के सभी प्रखंडों मे ऐपवा का विरोध प्रदर्शन

## केंद्र एवं राज्य सरकार को गरीब-महिला विरोधी बताया




**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन के बैनर तले सोमवार को मसौढ़ी अनुमंडल के तीनों प्रखंड मुख्यालयों - मसौढ़ी, धनरूआ और पुनपुन में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। ऐपवा नेताओं ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार महिला व गरीब विरोधी नीतियों पर काम कर रही है। शिक्षा, राशन, आवास और महिला अधिकारों को लेकर सरकार उदासीन है। धरने का नेतृत्व पुनपुन में ऐपवा की जिला संयोजक नसरीन बानो व रेखा देवी, धनरूआ में रिंकू देवी व कमला देवी और मसौढ़ी में धर्मशीला देवी व उमा यादव ने किया। प्रमुख 10 मांगों में मुफ्त राशन योजना से नाम हटाना बंद हो, परिवार के सभी सदस्यों का नाम जोड़ा जाए।स्कूलों में शिक्षक, मध्यान्ह भोजन, शौचालय और सैनिटरी पैड की व्यवस्था दुरुस्त हो। इंटर और डिग्री कॉलेजों में योग्य शिक्षकों की पर्याप्त नियुक्ति हो। लड़कियों और महिलाओं के लिए बसों में मुफ्त टिकट की व्यवस्था हो।. विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई खत्म करने की कोशिश बंद हो।आवास योजना का लाभ सभी जरूरतमंदों को मिले। माइक्रो फाइनेंस कंपनियों द्वारा कर्ज वसूली के नाम पर उत्पीड़न पर रोक लगे और महिलाओं का 1 लाख तक का कर्ज माफ हो। स्वयं सहायता समूह की प्रत्येक महिला को रोजगार के लिए 2 लाख रुपये दिए जाएं।.इस मौके पर सावित्री देवी, मीना देवी, सुनैना देवी, मंजू देवी, आशा देवी, किरण देवी, चित्रा देवी, कौशल्या देवी, पिंकी देवी सहित भाकपा माले नेता अकलू पासवान, मोहन प्रसाद, मिथिलेश, विद्या, निरंजन वर्मा समेत सैकड़ों महिलाएं मौजूद थीं।

# प्रदीप कुमार महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के उपसचिव पद पर निर्वाचित



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर ऐतिहासिक सूर्य मंदिर तालाब के परिसर के समीप सरस्वती के मंदिर श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा के नॉन-टीचिंग संघ के 4 सालों से खाली पड़े उपसचिव पद पर निर्वाचित घोषित किये गए।संघ के 16 अवकाश प्राप्त कर्मचारियों के विदाई सह सम्मान समारोह में आये बिहार राज्य विश्वविद्यालय व महाविद्यालय महासंघ के सर्वोच्च पदाधिकारियों की मौजूदगी में उनका सर्वसम्मति से निर्वाचन हुआ।महासंघ के संरक्षक गंगा प्रसाद झा,महामंत्री रोहित कुमार व महासंघ के अध्यक्ष वैंकटेश कुमार, प्रभाग अध्यक्ष त्रिपुरारी प्रसाद यादव,मंत्री दीपक कुमार सिंह ने उनके निर्वाचन पत्र पर हस्ताक्षर कर उनका लेटर जारी कर दिया। श्री प्रदीप को मंगलवार को सेमिनार हॉल में स्थानीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. राजीव नयन सिंह, कोषाध्यक्ष रोनित रॉय, उपाध्यक्ष जलेंद्र कुमार,कार्यकारी प्रधान सहायिका सुभद्रा सिन्हा, पूर्व जिलासचिव आलोक कुमार सिंह की उपस्थिति में अंगवस्त्र, फूलमाला और महाविद्यालय पत्रिका प्रज्ञा व डॉ. ए के सेन की प्रतिमा का मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।निर्वाचित होने पर प्रदीप कुमार ने इस कार्य के लिए संघ और पुण्यश्लोक श्री श्री 108 बाबा विष्णु प्रकाश उदासीन उर्फ झक्कड़ बाबा को नमन किया।उपसचिव बनने से पहले प्रदीप सरदार पटेल मेमोरियल कॉलेज,उदंतपुरी, बिहारशरीफ में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।उनके साथ कार्य कर चुके पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी के प्रभाग उपाध्यक्ष मंगलमूर्ति ने बताया कि वे मिलनसार,हँसमुख और कर्तव्यों के प्रति वफादार हैं।मौके पर कार्यकरणी सदस्य कुमार पवन,वजरंगी लाल वर्मा, गुड्डु,मधुसूदन, राजा,बीरेंद्र कुमार,चिंटू, सुजीत,मुनील पटेल,अनिल मिस्त्री,शांति व रेखा व अन्य उपस्थित रहे और उन्हें बधाई दी।

### 117 बोतल विदेशी शराब बरामद

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बीच पुनपुन पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से 53.55 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। पुलिस को देख तस्कर अंधेरे और कीचड़ का फायदा उठाकर खेत के रास्ते भागने में सफल रहा। पुनपुन थाना के पु०अ०नि० हरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि 31 अगस्त की संध्या गश्ती पर श्रीपालपुर में गश्ती के दौरान रात करीब 8:20 बजे सूचना मिली कि पोठही निवासी प्रिंस कुमार उर्फ भीम, पिता संजय सिंह, थाना केवड़ा ओपी, अपनी चारपहिया गाड़ी से शराब लेकर नदवां की तरफ से आ रहा है।सूचना पर वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए पुलिस ने ग्राम डुमरी पुल के पास बिहटा-सरमेरा पुल के नीचे एनएच-22 पर वाहन चेकिंग शुरू की। इसी दौरान नदवों की ओर से आ रही एक सफेद रंग की कार को रोकने का इशारा किया गया तो चालक तेजी से भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो चालक गाड़ी सड़क पर खड़ी कर उतर कर भागने लगा।

# वैश्विक संकटों के बीच मोदी के नेतृत्व में भारत ने दिखाई आर्थिक ताकत : संजय सरावगी

## 7.8 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि नए भारत के आत्मविश्वास और आर्थिक ताकत का प्रमाण : संजय सरावगी

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की मजबूत आर्थिक बुनियाद, प्रभावी नीतियों और बढ़ते वैश्विक विश्वास का प्रमाण बताया है। उन्होंने कहा कि जब दुनिया युद्ध, भू-राजनीतिक तनाव, ऊर्जा संकट, आपूर्ति-श्रृंखला में व्यवधान और आर्थिक अनिश्चितता से जूझ रही है, तब भारत की अर्थव्यवस्था का 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ना नए भारत की ताकत और आत्मविश्वास को दशार्ता है। सरावगी ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की औसत वृद्धि करीब 3 प्रतिशत के आसपास रहने के बीच भारत ने 7.8 प्रतिशत की विकास दर हासिल की है। पिछले वर्ष इसी तिमाही में विकास दर 6.9 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष, ऊर्जा कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक व्यापारिक तनाव जैसी चुनौतियों के बावजूद भारत न रुका और न झुका। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी कहा है कि निराशा फैलाने वाले हार गए और भारत फिर खिल उठा। यह उपलब्धि देश की सामूहिक शक्ति का परिणाम है।



**सेवा, विनिर्माण और निवेश ने अर्थव्यवस्था को दी नई गति**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारत की आर्थिक मजबूती किसी एक क्षेत्र पर निर्भर नहीं है। सेवा क्षेत्र में 10 प्रतिशत, विनिर्माण क्षेत्र में 9.2 प्रतिशत और द्वितीयक क्षेत्र में 8.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सकल स्थायी पूंजी निर्माण में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि भविष्य की उत्पादन क्षमता के मजबूत होने का संकेत है। निजी खपत में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि से घरेलू मांग की मजबूती स्पष्ट होती है। सेवा क्षेत्र के भीतर सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय और पेशेवर सेवाओं का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सरावगी ने जोर देकर कहा कि भारत की विशाल घरेलू मांग, बढ़ता निवेश, मजबूत विनिर्माण और डिजिटल अर्थव्यवस्था वैश्विक झटकों के खिलाफ देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में 3.6 प्रतिशत की स्थिर वृद्धि किसानों की मेहनत और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि आर्थिक विविधता ने भारत को किसी एक बाजार या क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भर होने से बचाया है। बुनियादी ढांचे का विस्तार और निवेश के अनुकूल वातावरण ने अर्थव्यवस्था को नई मजबूती दी है।

# शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ ने 16 सेवानिवृत्त कर्मियों को सम्मानित कर दी भावभीनी विदाई



**दनियावां/हिलसा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां हिलसा मार्ग पर सूर्यमंदिर तालाब के खूबसूरत लोकेशन पर बसे श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा, नालंदा के सभागार में सोमवार को महाविद्यालय के शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ द्वारा सेवानिवृत्त हुए 16 कर्मियों के सम्मान-सह-भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महासंघ के मुख्य संरक्षक गंगा प्रसाद झा,अध्यक्ष वैंकटेश कुमार,राज्य महामंत्री रोहित कुमार, प्रभाग अध्यक्ष त्रिपुरारी प्रसाद यादव, मंत्री दीपक कुमार सिंह, राज्य कोषाध्यक्ष विनोद कुमार,मृत्युंजय सिंह ने संघ के आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तय किया और अपनी गरिमापूर्ण उपस्थित से माहौल को सुखद अनुभूति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शिवचन्द्र सिंह एवं मुख्य अतिथि हिलसा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

# २.६२ करोड़ से अधिक प्लॉट का हो रहा डिजिटल क्रॉप सर्वे

## 30 सितंबर तक सर्वे पूरा करने का लक्ष्य, फसलों की होगी रियल-टाइम मॉनिटरिंग : विजय कुमार सिन्हा



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार की कृषि व्यवस्था को डेटा-आधारित, पारदर्शी एवं आधुनिक बनाने की दिशा में कृषि विभाग द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य तेजी से किया जा रहा है। राज्य के सभी 38 जिलों में शारदीय (खरीफ) 2026 के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे जारी है। कृषि विभाग द्वारा इस वर्ष खरीफ मौसम में कुल 2 करोड़ 62 लाख 84 हजार 716 प्लॉट के सर्वे का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक करीब 41 लाख प्लॉट का डिजिटल सर्वे पूरा किया जा चुका है। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य 13 अगस्त 2026 से प्रारंभ हुआ है और इसे 30 सितंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सर्वे के माध्यम से खेत में बोई गई फसल का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। इससे आने वाले समय में किसानों एवं कृषि विभाग को मोबाइल के माध्यम से फसल संबंधी अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए खेत, फसल तथा उसकी जियो-टैग्ड तस्वीर सहित आवश्यक विवरण मोबाइल ऐप के माध्यम से दर्ज किए जा रहे हैं। इससे यह सटीक जानकारी प्राप्त हो सकेगी कि राज्य के किस क्षेत्र में, किस किसान के किस प्लॉट में कौन-सी फसल बोई गई है। सर्वे में धान सहित खरीफ की प्रमुख फसलों, बागवानी फसलों तथा एक माह से अधिक समय पूर्व रोपी गई फसलों को भी शामिल किया गया है। श्री सिन्हा ने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे से फसल आच्छादन का अधिक सटीक एवं व्यवस्थित आंकड़ा उपलब्ध हो सकेगा। इसके माध्यम से मौसमवार एवं फसलवार आच्छादन का आकलन करने के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में उत्पादन एवं उत्पादकता के पूर्वानुमान में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के लिए राज्य के सभी जिलों में कृषि समन्वयक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं किसान सलाहकार सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। सर्वे की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यालय स्तर के पदाधिकारियों द्वारा नियमित निगरानी की जा रही है। जिलों में आकस्मिक क्षेत्र भ्रमण के साथ-साथ दैनिक एवं साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट के माध्यम से सर्वे कार्य की लगातार समीक्षा की जा रही है। श्री सिन्हा ने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए मास्टर ट्रेनर्स को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जमीनी स्तर पर सर्वे से जुड़े कर्मियों को तकनीकी मार्गदर्शन दिया जा रहा है, ताकि सर्वे का कार्य सटीक, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके।

**कृषि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में मिलेगी मदद**

उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे से प्राप्त आंकड़े बिहार के कृषि क्षेत्र के लिए विश्वसनीय डेटाबेस तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इन आंकड़ों का उपयोग फसल बीमा, कृषि इनपुट की आवश्यकता के आकलन, फसल विपणन एवं भंडारण प्रबंधन तथा किसानों तक सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं को अधिक लक्षित एवं प्रभावी तरीके से पहुंचाने में किया जा सकेगा। श्री सिन्हा ने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे कृषि क्षेत्र में निर्णय लेने की प्रक्रिया को अधिक डेटा-आधारित एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। डिजिटल डेटा के आधार पर कृषि योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन में जमीनी वास्तविकताओं को बेहतर ढंग से शामिल किया जा सकेगा तथा उपलब्ध संसाधनों का अधिक प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से उपलब्ध होने वाले सटीक एवं विश्वसनीय आंकड़े कृषि विभाग को फसलों की स्थिति की बेहतर निगरानी तथा कृषि क्षेत्र से संबंधित योजनाओं के अधिक प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता करेंगे। विभाग का लक्ष्य आधुनिक तकनीक के माध्यम से बिहार की कृषि व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, तकनीक-सक्षम एवं किसान-केंद्रित बनाना है।

## संक्षिप्त समाचार

### रसूलपुर की बहु शिल्पी बनी असिस्टेंट प्रोफेसर



**रसूलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र स्थित स्थानीय रसूलपुर चट्टी की बहु शिल्पी कुमारी असिस्टेंट प्रोफेसर बनकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। शिल्पी अररिया जिले के नरपतगंज प्रखंड में खुले राजकीय डिग्री कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में योगदान दिया है।उनकी इस सफलता से घर परिवार एवं क्षेत्र के लोगों में काफी खुशी है। दिसंबर 2024 में उसकी शादी रसूलपुर के चन्द्रकांत द्विवेदी उर्फ बब्लू दुबे के पुत्र हर्ष भारद्वाज के साथ हुई है। शिल्पी की इस सफलता पर रसूलपुर के मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश प्रसाद, उपमुखिया मनोज सोनी 'नन्हे' , सरपंच प्रतिनिधि विकास कुमार, बल्टु दुबे सहित शुभचिंतको ने अपनी शुभकामना व्यक्त की है।

### टिकट जांच अभियान में 2,881 यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोनपुर मंडल में यात्रियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं नियमसम्मत यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने तथा रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मेगा टिकट जांच अभियान निरंतर प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। मंगलवार को मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री धीरज कुमार के निर्देशन में सोनपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों जैसे सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, मानसी, खगड़िया,नवगछिया एवं ट्रेनों में विशेष मेगा टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान में टिकट जांच कर्मियों, रेलवे सुरक्षा बल तथा वाणिज्य विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से सघन जांच की। इस अभियान के दौरान बिना टिकट, अनियमित टिकट एवं बिना उचित प्राधिकरण के यात्रा करने वाले 2,881 यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिससे 28,08,158 का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे सदैव वैध टिकट के साथ ही यात्रा करें तथा यात्रा के दौरान रेलवे के नियमों का पालन करें। बिना टिकट अथवा अनियमित टिकट से यात्रा करने पर रेलवे अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाती है। सोनपुर मंडल यात्रियों को बेहतर एवं सुरक्षित रेल सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ रेलवे राजस्व की सुरक्षा हेतु मंडल में विशेष टिकट जांच अभियान जारी रखेगा।

### करंट से युवक की मौत

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र के माने गांव में करंट लगने से 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान माने गांव निवासी स्वामीनाथ साह के पुत्र राजू कुमार साह के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई, वहीं गांव में मातम पसर गया। बताया गया कि राजू कुमार घर की गैलरी में स्टैंड पंखा लगाकर सो रहा था। पंखा घुमाने के दौरान उसमें अचानक बिजली का करंट प्रवाहित हो गया, जिसकी चपेट में आने से राजू गंभीर रूप से झुलस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एकमा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, छपरा भेज दिया। मृतक की 10 वर्षीय छोटी बहन चांदनी कुमारी ने बताया कि घटना के समय उसका भाई घर में अकेले सो रहा था। उसके पिता स्वामीनाथ प्रसाद और मां मुन्ना देवी करीब एक सप्ताह पूर्व इलाज के लिए दिल्ली गए हैं। वहीं छोटा भाई सुमित कुमार (20) गुजरात में रहकर एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। राजू चार बहनों के बीच सबसे बड़े भाई थे। उनकी बहनों में सलौनी कुमारी, चांदनी कुमारी, नंदनी कुमारी और अंजनी कुमारी शामिल हैं। युवक की अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### पोखर में डूबने से अधेड़ की मौत

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र के पारसगढ़ बाजार में मंगलवार को पोखर में डूबने से 56 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान पारसगढ़ बाजार निवासी स्व. चंडी साह के पुत्र कृष्णा प्रसाद के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। बताया गया कि कृष्णा प्रसाद शौच के बाद परसा स्थित महंत जी के पोखरा के किनारे हाथ-पैर साफ कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चले गए। आसपास के लोगों को घटना की जानकारी होने पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही एकमा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को पोखर से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया। थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार कृष्णा प्रसाद मानसिक रूप से अस्वस्थ थे। घटना के बाद मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है।

### केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में हिन्दी माह-2026 का शुभारंभ

**पटना/नई दिल्ली/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में मंगलवार को हिन्दी माह-2026 का शुभारंभ सामूहिक मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में



प्रकाशन विभाग के निदेशक प्रो. काशीनाथ न्योपाने, अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, पूर्व कुलपति प्रो. सुकान्त कुमार सेनापति, कुलपति के विशेष कार्याधिकारी प्रो. मधुकेश्वर भट्ट एवं राजभाषा प्रभारी अधिकारी प्रो. अजय कुमार मिश्रा सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। वरिष्ठ परामर्शदाता (राजभाषा एवं विधि) अरुण कुमार विद्यार्थी ने हिन्दी माह के दौरान आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी। वक्ताओं ने हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग के साथ क्षेत्रीय भाषाओं के विकास पर भी जोर दिया। कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी एवं कुलसचिव प्रो. रा.गा. मुरली कृष्ण ने अपने संदेश में हिन्दी माह की शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेने तथा सरकारी कार्यों में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग का आह्वान किया।

### नशे में बाजार में उत्पात मचा रहा युवक गिरफ्तार

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र के बिंदाताल के रामपुर बाजार में मंगलवार को शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान बनियापुर थाना क्षेत्र के छतवां मठिया गांव निवासी मिंटू गिरी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि एक युवक शराब के नशे में बाजार में हंगामा कर उत्पात मचा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार युवक के खिलाफ आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में छपरा भेज दिया।

# एकमा प्रखंड कार्यालय व सीएचसी के सामने बना वन विभाग का पार्क बदहाल

## साफ-सफाई व प्रकाश व्यवस्था के अभाव में आमलोगों को नहीं मिल रहा पार्क का लाभ



**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा प्रखंड एवं नगर मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्रखंड सह अंचल कार्यालय के ठीक सामने नगर पंचायत एकमा बाजार क्षेत्र में वन विभाग की देखरेख में स्थित पार्क इन दिनों बदहाली का शिकार है। नियमित साफ-सफाई और रखरखाव के अभाव में पार्क परिसर में जगह-जगह बड़े-बड़े घास-फूस और झाड़-झंखाड़ उग आए हैं। इससे पार्क का अधिकांश हिस्सा जंगल में तब्दील हो गया है और यह आमलोगों के उपयोग से बाहर होता जा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह पार्क और सीमेंटेड बेंचें बच्चों, बुजुर्गों और अन्य लोगों के सुबह-शाम बैठने के लिए बनाई गई हैं। पार्क का निर्माण जिस उद्देश्य से कराया गया था, वह वर्तमान स्थिति में पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। झाड़-झंखाड़ के कारण लोग यहां बैठने से भी कतराते हैं। वहीं, साफ-सफाई के अभाव में मच्छरों, कीट-पतंगों और जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा भी बना रहता है। प्रखंड मुख्यालय में प्रतिदिन दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में लोग अपने सरकारी कार्यों को लेकर पहुंचते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्रखंड कार्यालय और अंचल कार्यालय में अपने काम के लिए इंतजार करने वाले लोगों के लिए यह पार्क बेहतर सुविधा उपलब्ध करा सकता है। यदि पार्क की नियमित सफाई कराई जाए, झाड़-झंखाड़ हटाए जाएं और पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था की जाए तो लोगों को कुछ देर बैठने और आराम करने के लिए एक बेहतर स्थान मिल सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी कार्यालयों के ठीक सामने स्थित होने के कारण इस पार्क का महत्व और भी बढ़ जाता है। इसके बावजूद लंबे समय से इसकी समुचित देखरेख नहीं होने से पार्क अपनी उपयोगिता खोता जा रहा है। लोगों ने नगर पंचायत एवं संबंधित अधिकारियों से पार्क की तत्काल साफ-सफाई कराने, नियमित रखरखाव की व्यवस्था करने तथा पर्याप्त रोशनी की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। इस संबंध में नगर पंचायत एकमा बाजार की मुख्य पार्षद श्वेता रानी का कहना है कि यह पार्क वन विभाग के अधीन है। उन्होंने कहा कि प्रखंड मुख्यालय और नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित इस पार्क की समुचित देखरेख के लिए विभागीय पत्राचार किया गया है कि इस पर को नगर पंचायत एकमा बाजार के लिए स्थानांतरित कर दिया जाए। यह स्थानांतरण की प्रक्रिया अभी विभागीय स्तर पर लिखा गया है। साथ ही जिला पदाधिकारी को भी इस आशय का पत्र भेजने के लिए तैयार कर लिया गया है। बहरहाल, लोगों को उम्मीद है कि समाचार प्रकाशित होने के बाद नगर पंचायत और संबंधित अधिकारियों का ध्यान इस बदहाल पार्क की ओर जाएगा और इसे आमलोगों के उपयोग लायक बनाया जाएगा। लेकिन अब सवाल यह है कि लोगों की सुविधा के लिए बनाया गया यह पार्क आखिय कब तक झाड़-झंखाड़ से मुक्त होकर फिर से गुलजार होगा?

# डीएम ने बुजुर्ग लाभुकों के घर पहुंचकर स्वयं वितरित किया खाद्यान्न

## 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को अब घर पर ही मिल रहा राशन



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुजुर्ग एवं असहाय लाभुकों को जन वितरण प्रणाली की दुकान तक राशन लेने के लिए होने वाली परेशानी से राहत दिलाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, वैशाली द्वारा शुरू की गई घर तक खाद्यान्न पहुंचाने की पहल को जिलाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने स्वयं मौके पर पहुंचकर गति और संवेदनशीलता प्रदान की।इसी क्रम में आज जिलाधिकारी वर्षा सिंह . हाजीपुर सदर प्रखंड की एक पंचायत में पहुंचीं और 80 वर्ष से अधिक आयु के चार बुजुर्ग लाभुकों के घर जाकर स्वयं अपने हाथों से उन्हें खाद्यान्न प्रदान किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बुजुर्ग लाभुकों से आत्मीयतापूर्वक बातचीत कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा उन्हें मिल रहे खाद्यान्न एवं जन वितरण प्रणाली से संबंधित जानकारी भी प्राप्त की।इस अवसर पर जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उम्रदराज एवं असहाय लाभुकों को राशन प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो, इसके लिए प्रशासन द्वारा संवेदनशीलता के साथ आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को उनके घर तक खाद्यान्न उपलब्ध कराने की यह पहल प्रशासन की जनसेवा और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। प्रशासन का प्रयास है कि पात्र लाभुकों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए अनावश्यक रूप से कहीं आने-जाने की आवश्यकता न पड़े। जिला प्रशासन द्वारा जुलाई माह से हाजीपुर सदर प्रखंड में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 80 वर्ष से अधिक आयु के चिन्हित बुजुर्ग लाभुकों के घर तक खाद्यान्न पहुंचाने की व्यवस्था प्रारंभ की गई है। इसके तहत जन वितरण प्रणाली के माध्यम से पात्र बुजुर्ग लाभुकों को उनके घर पर ही निर्धारित खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। इस व्यवस्था से बुजुर्ग लाभुकों को राशन लेने के लिए जन वितरण प्रणाली की दुकान तक जाने की कठिनाई से राहत मिल रही है। खाद्यान्न घर तक पहुंचने से बुजुर्ग लाभुकों एवं उनके परिजनों में विशेष खुशी और संतोष देखा जा रहा है।

## प्रेमचंद सिंह ने संभाला छपरा सदर-2 एकमा एसडीपीओ का पदभार

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गृह विभाग के द्वारा स्थानांतरण के बाद छपरा सदर-2, एकमा के नए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) के रूप में प्रेमचंद सिंह ने पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने क्षेत्र में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण को अपनी प्राथमिकता बताया। एसडीपीओ प्रेमचंद सिंह ने कहा कि आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास कायम करना और उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना पुलिस की जिम्मेदारी है। क्षेत्र में कानून का राज कायम रखने के लिए पुलिस पूरी तत्परता के साथ कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पदाधिकारियों को पूरी गंभीरता के साथ कार्य करने का संदेश दिया। एसडीपीओ कार्यालय पहुंचने पर निवर्तमान एसडीपीओ राजकुमार ने प्रेमचंद सिंह का स्वागत किया। इस दौरान कार्यालय में मौजूद पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी नए एसडीपीओ का स्वागत किया।

# पचुआ पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में आए 16 आवेदन, एक का भी नहीं हुआ निदान

## सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को कार्रवाई के लिए किया गया अग्रसारित



**एकमा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के पचुआ पंचायत भवन परिसर में मंगलवार को पंचायत सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए, लेकिन इनमें से किसी भी आवेदन का मौके पर निदान नहीं हो सका। सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के साथ-साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित शिकायतों एवं आवेदनों का निष्पादन करना था। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) डॉ. अरुण कुमार, सीडीपीओ रीना कुमारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं मुखिया प्रतिनिधि शिवशंकर महतो, सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। शिविर में बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण पहुंचे और अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन अधिकारियों को सौंपे। प्राप्त आवेदनों में भूमि विवाद, शौचालय, सामाजिक सुरक्षा पेंशन तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े मामले प्रमुख रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रसारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। हालांकि, शिविर में एक भी आवेदन का तत्काल निदान नहीं होने से ग्रामीणों को समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों की कार्रवाई का इंतजार करना पड़ेगा।

# आंगनबाड़ी सेविकाओं की शिकायत पर विधायक का औचक निरीक्षण

## सेविकाओं को परेशान करने की शिकायत पर सीडीपीओ कार्यालय पहुंचे एकमा विधायक

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आंगनबाड़ी सेविकाओं को पर्यवेक्षिकाओं द्वारा कथित रूप से परेशान किए जाने की शिकायत पर एकमा विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह ने मंगलवार को सीडीपीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। विधायक ने कार्यालय पहुंचकर आंगनबाड़ी सेविकाओं से सीधे बातचीत की और उनकी समस्याओं तथा केंद्रों के संचालन की स्थिति की जानकारी ली। बताया गया कि विधायक को शिकायत मिली थी कि कुछ पर्यवेक्षिकाएं आंगनबाड़ी केंद्रों पर जाकर सेविकाओं को अनावश्यक रूप से परेशान करती हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने सेविकाओं से उनकी समस्याएं सुनीं और मामले की जानकारी ली। इसके बाद विधायक ने कार्यालय में मौजूद पर्यवेक्षिकाओं को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार या उन्हें धमकाने की शिकायत दोबारा मिली तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सेविकाओं को बेवजह परेशान नहीं किया जाना चाहिए और सभी कर्मी अपने दायित्वों का सही तरीके से निर्वहन करें। निरीक्षण के दौरान विधायक ने सीडीपीओ के बारे में भी जानकारी ली। बताया गया कि सीडीपीओ पचुआ पंचायत में आयोजित पंचायत सहयोग शिविर में गई हुई हैं। इसके बाद विधायक ने मौजूद पर्यवेक्षिकाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि भविष्य में इस तरह की शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। विधायक के औचक निरीक्षण के दौरान सीडीपीओ कार्यालय में कुछ देर तक चर्चा का माहौल बना रहा।

**पर्यवेक्षिकाओं को दी सख्त चेतावनी, कहा- दुर्व्यवहार की शिकायत मिली तो होगी कार्रवाई**

## टेंटा की बेटी ने हासिल की पीएचडी की उपाधि



**जपला (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्रामीण परिवेश में पली-बढ़ी टेंटा गांव की बेटी संचिता गौड़ ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने पटना विवि से गृह विज्ञान विषय में पीएचडी (डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी) की उपाधि प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि हुसैनाबाद और टेंटा गांव का नाम भी गौरवान्वित किया है। पटना में आयोजित दीक्षांत समारोह में बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने उन्हें पीएचडी की उपाधि प्रदान की। संचिता गौड़ हुसैनाबाद प्रखंड के टेंटा गांव निवासी पत्रकार एवं व्यवसायी शालिग्राम तिवारी की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि की खबर मिलते ही टेंटा गांव सहित पूरे हुसैनाबाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। परिवार के लोगों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। संचिता के पिता शालिग्राम तिवारी एवं माता नीता तिवारी लंबे समय से पत्रकारिता एवं व्यवसाय के क्षेत्र से जुड़े हैं और फिलहाल उत्तर प्रदेश के वाराणसी में रहते हैं।

# 7 वें वेतन आयोग के अनुरूप पूर्ण वेतनमान और ओपीएस बहाली को लेकर गोपगुट का आर-पार का ऐलान

## जिले के शिक्षकों ने काली पट्टी बांध कार्य करते हुए आंदोलन का किया आगाज



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के लाखों शिक्षकों के साथ जारी आर्थिक व प्रशासनिक शोषण के खिलाफ बिहार स्टेट टीचर्स एसोसिएशन (BSTA) गोपगुट ने निर्णायक जंग का ऐलान कर दिया है। राज्य के सभी शिक्षकों को 7वें वेतन आयोग की अनुशंसाओं के अनुसार पूर्ण वेतनमान और सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देने वाली पुरानी पेंशन योजना (OPS) लागू करने की मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन का शंखनाद किया गया है। इसका आगाज आज जिले के शिक्षकों ने काली पट्टी बांध कर कार्य करते किया। संगठन के जिला अध्यक्ष प्रियरंजन सिंह एवं प्रधान शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रवीण पांडे ने कहा कि सरकार शिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार बंद करे। राष्ट्र निर्माण की नींव रखने वाले शिक्षकों को 7वें पे कमीशन के अनुसार पूर्ण वेतनमान और बुढ़ापे की लाठी से वंचित रखना घोर अन्याय है। वर्षों से शिक्षक केवल कोरे आश्वासनों की मार झेल रहे हैं। अब आर-पार की लड़ाई होगी। यदि सरकार ने अविलंब हमारी जायज मांगें नहीं मानीं, तो 2 अक्टूबर से पटना की धरती ऐतिहासिक अनिश्चितकालीन अनशन की गवाह बनेगी। हक छीनने तक यह संघर्ष नहीं थमेगा। संगठन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सह जिला उपाध्यक्ष रूमित रौशन एवं प्रधान शिक्षक प्रकोष्ठ के संरक्षक विभाष चंद्र ने कहा कि नीति और नीयत दोनों में खोट रखकर बिहार की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का ढोंग रचा जा रहा है। समान काम के बावजूद शिक्षकों को उनके संवैधानिक अधिकारों से महरूम रखा गया है। आज विद्यालयों में काला बिल्ला लगाकर कार्य करते हुए सरकार की हठधर्मिता और शोषणकारी नीतियों के खिलाफ शिक्षकों के आक्रोश का पहला ट्रेलर दिखाया । यह आंदोलन केवल वेतन का नहीं, शिक्षकों के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा का संकल्प है।

**चरणबद्ध आंदोलन का विस्तृत कार्यक्रमः**

5 सितंबर (शिक्षक दिवस)ः सभी जिला मुख्यालयों पर सरकार की शिक्षक-विरोधी नीतियों के विरुद्ध विशाल सत्याग्रह आंदोलन।

30 सितंबरः राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में सरकार के विरोध में शाम को जोरदार मशाल जुलूस।

2 अक्टूबर (गांधी जयंती)ः मांगों की पूर्ति तक राजधानी पटना में अनिश्चितकालीन आमरण अनशन।

## मादक पदार्थों के अवैध व्यापार, भंडारण के विरुद्ध नियमित छापामारी करें : डीएम

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में नार्को-कोऑर्डिनेशन की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार में किया गया जिसमें जिलाधिकारी ने कहा कि मादक पदार्थों के अवैध व्यापार, इसके भंडारण एवं परिवहन तथा मादक पदार्थों के सेवन के विरुद्ध प्रभावी नियंत्रण हेतु आपसी समन्वय स्थापित कर नियमित कार्रवाई की जाए एवं पकड़े गए लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक पूर्वी चंपारण श्री स्वर्ण प्रभात भी उपस्थित थे। विगत एक माह में जिला पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के विषय में बताया गया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत कल 29 कांड दर्ज किए गए हैं जिनमें कुल 35 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

# एमजीसीयू में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी माह के उद्घाटन समारोह का किया गया आयोजन

## राजभाषा हिंदी की व्यवहारिक स्थिति पर विमर्श





**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के राजभाषा प्रकोष्ठ एवं हिंदी विभाग द्वारा हिंदी माह के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया, जिसका विषय 'राजभाषा हिंदी की व्यावहारिक स्थिति' था। कार्यक्रम के संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने इस अवसर पर सभी शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं गैर शैक्षणिक सदस्यों को हिंदी के निरंतर प्रयोग के लिए आह्वान किया । कार्यक्रम की शुरूआत अध्यक्ष व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन तथा परास्नातक द्वितीय वर्ष के छात्र मनोज द्वारा सरस्वती वंदना के साथ हुई। विश्वविद्यालय के राजभाषा हिंदी अधिकारी डॉ. गोविन्द प्रसाद वर्मा द्वारा पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र से प्रो. राजेन्द्र सिंह का स्वागत किया गया। जनसंपर्क प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. श्यामनंदन ने प्रो. अतुल कुमार शरण का स्वागत किया। वही प्रो. सुजीत कुमार चौधरी का स्वागत संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. बबलू पाल द्वारा किया गया। हिंदी विभाग के सहायक आचार्य तथा राजभाषा हिंदी अधिकारी डॉ. गोविन्द प्रसाद वर्मा ने अपना स्वागत वक्तव्य दिया। जिसमें उन्होंने हिंदी की संवैधानिक स्थिति व वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला और हिंदी माह में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। परास्नातक के छात्र रिशु तथा हिंदी विभाग के शोधार्थी सोनू गौतम ने हिंदी की व्यावहारिक स्थिति पर चर्चा की ' सामाजिक विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सुजीत कुमार चौधरी ने हिंदी की वर्तमान और उसकी व्यावहारिक स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा कि पहले की तुलना में व्यवहार में हिंदी की वर्तमान स्थिति में क्षरण हो रहा है। जहाँ पहले प्राथमिक व माध्यमिक कक्षाओं के छात्रों की हिंदी अच्छी होती थी वहीं आज हिंदी के शोधार्थियों की स्थिति भी कई बार दयनीय होती है। उन्होंने आगे कहा कि इसमें हमें हिंदी की इस स्थिति सुधार लाने की आवश्यकता है। मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. अतुल कुमार शरण, अध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग, महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय ने कहा कि हमने अंग्रेजी को हिंदी से अधिक महत्व देना शुरू किया जबकि चीन व जापान आदि देशों में अंग्रेजी को इतना महत्व नहीं मिलता जितना कि उनके स्थानीय भाषा को। उन्होंने कहा कि भाषा व्यवहार का विषय है। हिंदी में गहनता है, सौंदर्य है, मयार्दा और अनुशासन है। इस पंक्ति के साथ कि अंग्रेजी हमारे लिए रोजगार का विषय है तो हिंदी अभिमान का। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हिंदी विभाग के अध्यक्ष तथा मानविकी एवं भाषा संकाय के अधिष्ठाता प्रो. राजेन्द्र सिंह ने कहा कि यह आवश्यक है कि हम हिंदी में अन्य भाषाओं के आवश्यक शब्दों को आत्मसात करें और हिंदीमय जीवन जीने की कोशिश करें। उन्होंने आजादी के पहले हिंदी की भूमिका पर बात करते हुए बताया कि वही भाषा समृद्ध है जो सामाजिक रूढ़ियों और कुरीतियों को दूर करने में सक्षम हो। उन्होंने कहा कि हिंदी दिवस पर हमें अन्य भाषाओं की आलोचना नहीं करनी चाहिए ।

## एक नजर

### 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत, 5600 वाद चिन्हित

**बिहारशरीफ**। नालंदा में 12 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर न्यायिक प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बिहारशरीफ में आयोजित होने वाली लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का त्वरित एवं आपसी समझौते के आधार पर निष्पादन कराने की तैयारी की जा रही है। राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नालंदा की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुलदीप, रोहन रंजन, एसीजेएम द्वितीय प्रमोद कुमार शर्मा, एसडीजेएम प्रियांशु शर्मा समेत सभी न्यायिक दंडाधिकारी मौजूद रहे।बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए कुल 5600 वाद चिन्हित किए गए हैं। इनमें अब तक 11,112 नोटिस जारी किए जा चुके हैं। वहीं 651 मामलों में प्री-सिटिंग की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, जबकि 117 मामलों के अवार्ड भी तैयार किए जा चुके हैं।जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार गौरव तैयारियों की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सभी न्यायालयों से प्रतिदिन चिन्हित मामलों, नोटिस जारी करने और प्री-सिटिंग की प्रगति रिपोर्ट ली जा रही है।बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सभी न्यायिक पदाधिकारियों को पूरी तत्परता से कार्य करते हुए अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट सचिव को उपलब्ध कराने को कहा गया। जिला विधिक सेवा प्रधिकार के सचिव राजेश कुमार गौरव ने बताया कि 12 सितंबर को आयोजित लोक अदालत में ट्राफिक चालान के मामले को प्राथमिकता देते हुए जायदा से जायदा निपटारा किया जायेगा। इसके लिए परिवहन कार्यालय को अधिक से अधिक पक्षकारों को सूचना देने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि 90 दिन पुराने मामले को सरकार के नियमो अनुसार 50 फिशदी छूट दिया जाएगा।

### सड़क पर बह रहा नाले का गंदा पानी, स्कूली छात्र-छात्राओं और राहगीरों की बढ़ी परेशानी

**हरनौत**। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या-13 स्थित आदर्श नगर मोहल्ले में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। मुख्य सड़क पर नाले का गंदा पानी बहने के कारण राहगीरों, स्कूली छात्र-छात्राओं और स्थानीय लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है। मंगलवार को हुई बारिश के बाद स्थिति और गंभीर हो गई। लोगों को गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क की मरम्मत एवं ढलाई का कार्य करीब 64 लाख रुपये की लागत से कराया जा रहा है, लेकिन कई स्थानों पर निर्माण अधूरा पड़ा है। सड़क पर बने ऊंचे-नीचे हिस्सों और अवरोधों के कारण बाइक, निजी वाहन और स्कूली वाहनों के परिचालन में भी परेशानी हो रही है।इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय तथा विभिन्न कोचिंग संस्थानों में जाती हैं। लोगों का कहना है कि गंदे पानी के कारण कई छात्राओं के कपड़े खराब हो जाते हैं और उन्हें वापस घर लौटना पड़ता है। कोचिंग संचालक सहदेव कुमार पटेल ने बताया कि अधूरी सड़क और जलजमाव से विद्यार्थियों के साथ आसपास के ग्रामीणों को भी परेशानी हो रही है।मोहल्लेवासी संजय सिंह ने आरोप लगाया कि आसपास के करीब 500 घरों का गंदा पानी आदर्श नगर की ओर आकर जमा हो रहा है। इससे दुर्गंध, मच्छरों के प्रकोप और जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। अवधेश कुमार, अजय कुमार, नरेंद्र प्रसाद और अमन कुमार ने भी समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की।स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत एवं संबंधित विभाग से उचित नाला और आउटलेट बनाकर जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था करने तथा अधूरी सड़क की ढलाई जल्द पूरा कराने की मांग की है।

### सोशल मीडिया पर कमेंट से बचने की सलाह

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । भगवान प्रसाद शिवनाथ प्रसाद बीएड कॉलेज में सोमवार को आयोजित यदुवंशी संवाद कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने लोगों को सलाह दी। अपील की कि अनावश्यक लिखापढ़ी सोशल मीडिया पर न करें। मालूम हो कि सोशल मीडिया पर अनावश्यक बातें लिखने से सामाजिक, राजनीतिक व वैयक्तिक शत्रुता बढ़ रही है। दाउदनगर में इस कारण माहौल गंदा हो गया है। अनावश्यक टीका टिप्पणी से विवाद गंभीर हो जा रहा और कई बार हिंसक स्थिति बन जाती है। ऐसे में मंच से भी चुनकर बात रखना खासा महत्वपूर्ण है। पूर्व मुखिया व जिप सदस्य राधेश्याम सिंह ने लोगों से विशेषतः यादवों से आग्रह किया कि वे अपशब्द, अनावश्यक न लिखें। लिखना पढ़ना है तो बीपीएससी के लिए लिखिए, पढ़िए। इसी मंच से हेलीकॉप्टर हाउस के अजीत सिंह ने विधायक डॉ. प्रकाशचंद्र और उनके लोगों को सलाह दिया कि अनावश्यक विवाद से बचना चाहिए। मामूली विवाद को विस्तार देना उचित नहीं है। माफी मांग कर विवाद को खत्म करना महत्वपूर्ण है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर थानाध्यक्षों की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय, नवादा परिसर स्थित लाइब्रेरी हॉल में जिले के विभिन्न थानों के थाना अध्यक्षों/प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 सितम्बर 2026 को किया जाना है। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा द्वारा की गई। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का सुलह एवं समझौते के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित थानों को निर्गत नोटिसों की तामिला की समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिले के विभिन्न थानों को कुल 4080 नोटिस तामिला हेतु भेजे गए हैं, जिनमें से अब तक 1934 नोटिसों की तामिला कराई जा चुकी है। जिन थानों में नोटिसों की तामिला अपेक्षाकृत कम हुई है, उनके थाना अध्यक्षों/प्रभारियों को शत-प्रतिशत नोटिसों की तामिला सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। प्रभारी सचिव द्वारा निर्देश दिया गया कि निर्गत नोटिसों की अधिक से अधिक तामिला कराई जाए ताकि पक्षकारों को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व एवं इसके माध्यम से मामलों के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान के संबंध में जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता काफी हद तक नोटिसों की तामिला पर निर्भर करती है। इसलिए सभी संबंधित पदाधिकारी तामिला कार्य में विशेष रुचि लेते हुए ग्राम स्तर तक पहल करें। साथ ही, जिन मामलों में नोटिसों की तामिला हो चुकी है, उनमें अधिक से अधिक पक्षकारों को राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित कराने तथा सुलह-समझौते के आधार पर मामलों के निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। संबंधित थानों को तामिला से संबंधित प्रतिवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा गया। बैठक में संबंधित थाना अध्यक्ष/थाना प्रभारी उपस्थित रहे तथा उन्हें आगामी 12 सितम्बर 2026 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## बिहार महोत्सव पुरुष सम्मान से नवाजे गए सिद्धेश्वर विद्यार्थी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद**। महात्मा गांधी को चंपारण आमंत्रित करने वाले स्वतंत्रता सेनानी राजकुमार शुक्ल की स्मृति में पटना में आयोजित सम्मान समारोह में औरंगाबाद के समाजसेवी एवं 'महोत्सव पुरुष' सिद्धेश्वर विद्यार्थी को बिहार महोत्सव पुरुष सम्मान से सम्मानित किया गया। कानून मंत्री संजय टाइगर ने उन्हें सम्मान प्रदान किया। धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण और महोत्सवों के माध्यम से उन्हें पहचान दिलाने के लिए यह सम्मान दिया गया। सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने वर्ष 1992 में देव महोत्सव की शुरुआत की थी। उनके प्रयासों से आज औरंगाबाद जिले में करीब 28 महोत्सव आयोजित हो रहे हैं। सम्मान मिलने पर जिले के साहित्यकारों, कलाकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और महोत्सव समितियों ने उन्हें बधाई दी।

# सहयोग शिविर में ग्रामीणों को अपने गांव में मिला योजनाओं का लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद**। जिला में कुल 38 ग्राम पंचायतों में सहयोग शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की गई। साथ ही पूर्व से लंबित अनेक मामलों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की गई। इस पहल से आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रखंड एवं जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ी तथा उन्हें पंचायत स्तर पर ही सरकारी सेवाओं का लाभ प्राप्त हुआ। सहयोग शिविरों में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, बिजली, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, मनरेगा, भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांगजन सहायता, कृषि, छात्रवृत्ति सहित विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा पात्र लाभुकों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिला उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी सहित जिले के सभी जिलास्तरीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न पंचायतों में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा शिविरों के प्रभावी एवं सुचारु संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक सहयोग शिविर के लिए वरीय पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं सहयोगी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों को शिविर के सफल संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सहयोग शिविरों का आयोजन सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुखी तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिकाधिक नागरिकों को इसका लाभ प्राप्त हो सके। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे अपने पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करें तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

## एलआइसी रफीगंज शाखा में धूमधाम से मना 70वां स्थापना दिवस




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। स्थानीय थाना के समीप स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की रफीगंज शाखा में 70वां स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा प्रबंधक मनीष गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर एवं केक काटकर किया। प्रबंधक मनीष गुप्ता ने बताया कि आज पूरे देश में एलआईसी का 70वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निगम आने वाले समय में नई तकनीक के साथ ग्राहकों को और बेहतर सेवाएं प्रदान करेगा। एलआईसी का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक का बीमा कर उनके भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित व मजबूत बनाना है। समारोह के दौरान केक काटकर सभी कर्मियों एवं उपस्थित लोगों के बीच बांटा गया। मौके पर प्रशासनिक अधिकारी हरेन्द्र कुमार सिंह, सीएलआईए ओम प्रकाश सिंह, अभिकर्ता संजय शर्मा, नीरज कुमार, गोपाल कुमार, बाल गोविंद कुमार, नीरज सिंह, प्रियंका कुमारी और ऋषभ कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## मदार नदी उफान पर, पौथू पंचायत के कई गांव जलमग्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पौथू**। लगातार बारिश के बाद मदार नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने से पौथू पंचायत के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। बरपा, सीमा, बेल्हड़िया, बांस बिगहा, मिश्रबिगहा, अनच्छा और पौथू समेत कई गांवों के खेतों में नदी का पानी प्रवेश कर गया है। इससे ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है और सामान्य जनजीवन प्रभावित होने लगा है। सबसे गंभीर स्थिति बरपा गांव की बनी हुई है, जहां मदार नदी का पानी गांव के अंदर तक पहुंच गया है। पानी का बहाव बढ़ने के कारण ग्रामीणों के लिए गांव से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। वहीं, पौथू-बरपा मुख्य मार्ग पर भी बारिश और नदी का पानी सड़क के ऊपर से बह रहा है। सड़क पर पानी का तेज बहाव होने के कारण पैदल राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दोपहिया वाहनों के लिए भी यह मार्ग जोखिम भरा हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, बाढ़ के पानी से खेतों में लगी धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। यदि जलस्तर में जल्द कमी नहीं आई तो फसल को और अधिक नुकसान होने की आशंका है, जिससे किसानों की परेशानी बढ़ सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षेत्र की स्थिति का तत्काल जायजा लेने, जल निकासी की व्यवस्था कराने तथा प्रभावित गांवों और मुख्य मार्ग पर आवश्यक सुरक्षा एवं राहत व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

## केशहर नदी का जलस्तर बढ़ने से मंजखड़ गांव में घुसा पानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित होने लगा है। केशहर नदी का जलस्तर बढ़ने से मंजखड़ गांव में पानी प्रवेश कर गया है। गांव की सड़क पर भी जलजमाव होने से आवागमन बाधित हो गया है। सड़क पर पानी जमा होने के कारण ग्रामीणों को जरूरी कार्यों के लिए आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, स्कूली बच्चों और मरीजों के आवागमन को लेकर भी ग्रामीण चिंतित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार बारिश और नदी का जलस्तर बढ़ने से गांव की स्थिति बिगड़ती जा रही है। ग्रामीणों से सूचना मिलने के बाद रफीगंज थाना प्रभारी शंभू कुमार एवं रफीगंज अंचल अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है और जरूरत पड़ने पर हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से जलजमाव की समस्या से निजात दिलाने तथा आवागमन सुचारु कराने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

## अवैध उर्वरक के भंडारण व बिक्री के आरोप में दुकान सील, 92 क्विंटल खाद जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा**। प्रखंड के कोईलवा गांव में अवैध रूप से उर्वरक का भंडारण और बिक्री करने के आरोप में कृषि विभाग की टीम ने एक दुकान को सील कर दिया। जांच के दौरान दुकान से करीब 92 क्विंटल उर्वरक जब्त किया गया। मामले में दुकानदार मारुतिनन्दन सिंह उर्फ बाबू सिंह, पिता उदय प्रताप सिंह, ग्राम कोईलवा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए हसपुरा थाना में आवेदन दिया गया है।प्रखंड कृषि पदाधिकारी रंजीत कुमार द्वारा थानाध्यक्ष को दिए आवेदन के अनुसार, उर्वरक की कथित कालाबाजारी और अवैध बिक्री की शिकायत लगातार मिल रही थी। वरीय पदाधिकारी से प्राप्त सूचना के आधार पर 22 अगस्त को करीब 12:30 बजे कृषि विभाग की टीम कोईलवा स्थित बिरला सीमेंट थोक विक्रेता की दुकान पर जांच के लिए पहुंची। अधिकारियों के पहुंचते ही दुकानदार दुकान छोड़कर फरार हो गया।इसके बाद हसपुरा थाना के गश्ती दल को मौके पर बुलाया गया और खुली दुकान की जांच की गई। जांच के दौरान बिना प्राधिकार पत्र के विभिन्न कंपनियों के उर्वरक का भंडारण और बिक्री किए जाने की बात सामने आई।विभाग के अनुसार दुकान से इफ्को कंपनी का डीएपी के 21 बैग, एमओपी के 19 बैग, उमा सुपर के 38 बैग, खेतान एसएसपी के 18 बैग, उमा मिनार एसएसपी के 7 बैग, आईपीएल एसएसपी के 27 बैग तथा 45 किलोग्राम वजन वाले यूरिया के 60 बैग बरामद किए गए। जब्त उर्वरक की जप्ती सूची तैयार की गई।अधिकारियों के मुताबिक, जब्त उर्वरक को विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में सुरक्षित करते हुए दुकान को सील कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी रजनीकांत भारती, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रंजीत कुमार, कृषि समन्वयक अखिलेश कुमार और किसान सलाहकार बिनोद कुमार मौजूद थे। जिला कृषि पदाधिकारी के 23 अगस्त के पत्र के आधार पर दुकानदार के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। विभागीय कार्यों में व्यस्त रहने के कारण प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने 30 अगस्त को हसपुरा थाना में प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया। कृषि विभाग की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध उर्वरक बिक्री और कथित कालाबाजारी को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। हसपुरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया प्राप्त आवेदन के आधार पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## आपके द्वार के तहत लगा सहयोग शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड के अमझरशरीफ पंचायत के हसपुरा ब्लॉक परिसर स्थित गौतम बुद्ध नगर व सोनहथु पंचायत में हाईस्कूल तिलकपुरा परिसर में मंगलवार को प्रशासन पहुंचा आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। सहयोग शिविर में सभी विभाग पदाधिकारी व सबंधित कर्मी उपस्थित थे। ग्रामीण जनता को किसी तरह की परेशानी नहीं हो जिसे लेकर अगल - अलग टेबल लगाया गया था। सहयोग शिविर के प्रभारी भूमि सुधार उप समाहर्ता प्रणव कुमार, बीडीओ पंकज कुमार, एलइओ धीरज कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष गोपाल सिंह, मुखिया पम्मी कुमारी, प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौधरी, विद्युत जेई प्रकाश कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने सभी टेबल पर काम काज का जायजा लिया। इस दौरान उप समाहर्ता प्रणव कुमार ने आंन द स्पांट निष्पादन किया गया प्रमाण पत्र को वितरित किया। सहयोग शिविर को सफल बनाने में उप मुखिया ताहिर कुरैशी, उदय कुमार, अयोध्या राजवंशी, हर्ष कुमार, पंचायत सचिव अविनाश कुमार कार्यपालक सहायक राजू कुमार, मो. शाह फैशल, पपु कुमार, फरहान, अकबर, नीरज सहित अन्य कर्मियों ने सहयोग किया।

## अपनी प्रतिभा और क्षमता पहचान कर निरंतर आगे बढ़ें छात्र : डॉ सुधीर मिश्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद**। सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय, औरंगाबाद में बीबीएम सत्र 2025–28 और एमबीए सत्र 2025–27 के नये छात्र-छात्राओं के स्वागत में फ्रेशर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा और शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर किया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, मनोरंजक गतिविधियों और विभिन्न कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने नये विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय में प्रवेश उनके जीवन के नए अध्याय की शुरुआत है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित कक्षाओं में उपस्थित रहने, अनुशासन बनाए रखने तथा पढ़ाई के साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा और क्षमता पहचानकर निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। सफलता केवल अच्छे अंक हासिल करने से नहीं, बल्कि ज्ञान, अनुशासन, सकारात्मक सोच और अच्छे व्यक्तित्व के निर्माण से मिलती है। उन्होंने महाविद्यालय की गरिमा बनाए रखने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम का खास आकर्षण शिक्षकों के लिए आयोजित खेल प्रतियोगिताएं रही। शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ खेल गतिविधियों में भाग लेकर माहौल को और जीवंत बना दिया। प्रतियोगिताओं में सुशोभन आनंद, भीम बहादुर और डॉ. निहारिका कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने विजेताओं का उत्साहपूर्वक अभिनंदन किया। कार्यक्रम में बहादुर भीम कुमार सिंह, डॉ. सचिन कुमार, अवधेश कुमार, अनिल कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, सुमित कुमार सिंह, सूशोभन आनंद, डॉली सिंह, गामिनी सिंह, पूर्णिमा सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, शिक्षकेत्तर कर्मी मनीष कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, अशोक कुमार सहित शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। अंत में आयोजकों ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश अरूण कुमार, जिला जज विश्व विभूति गुप्ता, अनंदिता सिंह, अशोक कुमार गुप्ता, दिव्या वशिष्ठ, जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के सचिव तान्या पटेल, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लाल बिहारी पासवान, जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय महासचिव जगनरायण सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

## तेज बारिश से पुश्तैनी मकान ढहा, विकलांग दंपति बेघर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड के लोहरा पंचायत अंतर्गत गम्हरिया गांव में मंगलवार की अहले सुबह तेज बारिश के दौरान एक पुश्तैनी मिट्टी का मकान अचानक भरभरा कर ढह गया। मकान के गिरने से घर में रखा घरेलू सामान, बर्तन, कपड़े समेत कई जरूरी सामग्री मलबे में दबकर बर्बाद हो गई। हादसे के बाद परिवार के सामने रहने और खाने-पीने की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। बताया जाता है कि अजय यादव और उनकी पत्नी अनीता देवी अपने दो छोटे बच्चों के साथ इसी जर्जर मकान में रह रहे थे। घटना के समय अजय यादव, अनीता देवी, उनकी आठ वर्षीय पुत्री अंशिका कुमारी और पांच वर्षीय पुत्र पीयूष कुमार घर में सोए हुए थे। बारिश के बीच अचानक मकान में हलचल और गिरने की आवाज सुनकर परिजनों की नींद खुल गई। सभी लोग आनन-फानन में घर से बाहर निकल गए। इसके कुछ ही देर बाद मकान का बड़ा हिस्सा भरभरा कर गिर पड़ा। समय रहते परिवार के बाहर निकल जाने के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों के अनुसार, मकान काफी पुराना और मिट्टी का बना हुआ था। लगातार हो रही बारिश के कारण इसकी दीवारें कमजोर हो गई थीं। मंगलवार की अहले सुबह तेज बारिश के दौरान मकान की दीवारें बारिश का दबाव नहीं सह सकीं और पूरा मकान ढह गया। मकान गिरने के बाद परिवार के पास सिर छिपाने के लिए सुरक्षित जगह भी नहीं बची है। पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर बताई जा रही है। अजय यादव और उनकी पत्नी अनीता देवी दोनों दिव्यांग हैं, जिसके कारण परिवार के सामने पहले से ही आर्थिक परेशानियां बनी हुई हैं। मकान ढह जाने के बाद परिवार की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। मलबे में घरेलू उपयोग का सामान दबने से उन्हें काफी नुकसान हुआ है। वहीं, अंचलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित परिवार के लिए तत्काल त्रिपाल की व्यवस्था कराई जाएगी। प्रशासन की ओर से नुकसान का जायजा लेकर नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी की जाएगी।

## रामबिलास सिंह की प्रतिमा लगाने का एमएलए ने दिया भरोसा

**दाउदनगर (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। भगवान प्रसाद शिवनाथ प्रसाद बीएड कॉलेज में सोमवार को आयोजित यदुवंशी संवाद कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने पूर्व मंत्री रहे रामबिलास सिंह की प्रतिमा जिला मुख्यालय में लगाने की मांग की। कहा गया कि उनकी प्रतिमा 'कारा में बंद' कर रखा जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसी मांगों पर विधायक डॉ. प्रकाशचंद्र ने आश्वस्त किया कि प्रतिमा पुनर्स्थापित की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह ने इस मुद्दे को उठाते हुए विधायक के इशारे पर कहा कि प्रतिमा स्थापित होगी। हम डॉ. प्रकाशचंद्र की ताकत जानते हैं। पीछे हम खड़ा हैं ही। पूर्व अध्यक्ष राजद ओबरा इंदल यादव व पूर्व जिप सदस्य संजय सिंह सोम ने जिला मुख्यालय में रामबिलास सिंह की प्रतिमा न लग सकने का मुद्दा उठाया। श्री सोम ने कहा कि बड़े जलसा के साथ उनकी प्रतिमा लगेगी। यह दुर्भाग्य है कि कारा मंत्री रहे रामबिलास बाबू की प्रतिमा कारा में बंद है। कहा गया कि सर्वाधिक संख्या में यादव समाज के जिला परिषद के सदस्य हैं, इसके बावजूद ऐसी स्थिति होना दुर्भाग्यपूर्ण है।


बिहार सरकार

**जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, औरंगाबाद।**
**DISTRICT RURAL DEVELOPMENT AGENCY, AURANGABAD**
विकास भवन, समाहरणालय परिसर, औरंगाबाद – 824101

**विकसित भारत– जी राम जी के तहत सामाजिक वानिकी/वृक्षारोपण संबंधी साम्री की आपूर्ति के निमित्त आपूर्तिकर्ता के Empanelment हेतु अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

**सूचना**

ग्रामीण विकास विभाग संकल्प ज्ञापांक–5736787, दिनांक–09.06.2026 के माध्यम से दिनांक–01.07.2026 से राज्य VB-G RAM G योजना लागू करन की स्वीकृति प्रदान की गयी है। VB-G RAM G अंतर्गत विभागीय पत्रांक–1005 दिनांक 26.06.2026 के द्वारा सामाजिक वानिकी कार्य हेतु पौधारोपण करान का लक्ष्य पाप्त हुआ है। पौधारोपण योजनाओं में प्रयुक्त होने वाली सामग्रियों की ससमय उपलब्धता सुनिश्चित कराना आवश्यक है VB-G RAM G अंतर्गत सामग्री क्रय करने के संदर्भ में दिशा निदेश अप्राप्त है। पौधारोपण योजना की समयबद्धता को दृष्टिगत करते हुए गा०वि०वि०(BRDS) के पत्रांक–232, दिनांक–04.02.2020 के माध्यम से पाप्त दिशा निदेश के आलाक में वृक्षारोपण योजना से संबंधित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु वितीय वर्ष 2026–27 के पौधारोपण/सामाजिक वाणिकी कार्य के लिए अति–अल्पकालीन निविदा का प्रकाशन किया जाता है। अतएव पूर्व के क्रम में प्राकाशित निविदा के आपेक्ष में चयनित आपूर्तिकताओं की अवधि विस्तार को तत्काल प्रभाव से समाप्त करते हुए एक वर्ष हेतु (वित्तीय वर्ष 2026–27) VB-G RAM G योजना में ग़ाम पंचायतवार सामाजिक वानिकी के तहत लगाये जाने वाले वृक्षारोपण योजना में पयुक्त होने वाली सामग्री यथा–पौध, बांस गैबियन, चापाकल, फंन्सिग वायर, फर्टीलाइजर आदि सामग्री का याजना स्थल पर आपूर्ति/अधिष्ठापन हतु इच्छुक प्रतिष्ठित निबंधित एवं सक्षम प्रतिष्ठानां से अल्पकालीन निविदा का आमत्रंण किया जाता है। सामग्रियों की आपूर्ति हेतु पर्याप्त आपूर्तिकर्ता को सूचीवद्ध (Empanelment) करने हेतु निविदा का प्रकाशन निम्न शर्ता के अधीन किया जाता है:–

| क्र०सं० | विज्ञापनदाता का पदनाम | जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद। |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 08.09.2026 तक एवं पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराह्न. 05:00 बजे तक |
| 2 | निविदा जमा करने का स्थान | कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, औरंगाबाद वरीय लेखा पदाधिकारी, डी0आर0डी0ए0 औरंगाबाद के कार्यालय कक्ष मं अधिष्ठापित Drop Box। |
| 3 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | दिनांक–10.09.2026 समय पूर्वाहन 11:00 बजे से । |
| 4 | तकनीकी मुल्यांकन के विरूद्ध दावा/आपत्ति प्राप्त करने की तिथि | दिनांक–11.09.2026 अपराहन 03:30 बजे तक। |

1. विकसित भारत–जी राम जी अंतर्गत तकनीकी एवं वित्तीय निविदा का विस्तृत जानकारी एवं विहित पपत्र क लिए जिला के वेबसाईट www.aurangabad.nic.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

**विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।**

PR- 010892 ( B & C ) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

जिला पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक,
विकसित भारत–जी राम जी, औरंगाबाद।

# पिपरपांती में गंगा नदी के कटाव से मची अफरातफरी, घर छोड़ने को मजबूर हैं ग्रामीण

## दो घर नदी में समाए, मुखिया ने दस घरों को समाहित होने का किया दावा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बड़हरा (भोजपुर)।** प्रखंड अंतर्गत पिपरपांती गांव में मंगलवार को गंगा नदी के तेज कटाव से अफरातफरी मच गई। करीब 11:30 बजे कटाव की रफ्तार तेज होने के बाद नदी किनारे बसे ग्रामीण अपने घरों से सामान निकालकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। कटाव की चपेट में अब तक करीब दो घरों के गंगा में समा जाने की बात सामने आई है। वहीं, पंचायत के मुखिया राहुल पाण्डेय ने बताया कि अब तक करीब 10 घर गंगा नदी में समाहित हो चुके हैं। कटाव के भय से सौ से अधिक ग्रामीण गांव छोड़कर पलायन कर चुके हैं। कटाव की सूचना मिलते ही जिला और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रभावित



परिवारों के लिए स्थानीय विद्यालय में आश्रय स्थल बनाया गया है। यहां उनके रहने, खाने और पीने की व्यवस्था की गई है। कटाव की भयावह स्थिति को देखते हुए एसडीआरएफ की टीम को भी मौके पर तैनात किया गया है।

**सामान लेकर सुरक्षित ठिकानों की ओर भागे लोग**

कटाव तेज होने के बाद ग्रामीण अपने घरों का सामान बचाने में जुट गए। कई परिवार वाहन पर चारपाई, बर्तन, कपड़े, अनाज सहित अन्य घरेलू सामान लादकर रिश्तेदारों के यहां जाने लगे। महिलाएं और बच्चे भी सामान समेटते नजर आए। अचानक घर छोड़ने की मजबूरी के कारण ग्रामीणों में भय और मायूसी का माहौल बना रहा।

अपने पुश्तैनी घरों को छोड़ते समय कई ग्रामीणों की आंखों में आंसू थे। वर्षों से जिस घर में परिवार की कई पीढ़ियां रहती आई थीं, उसे नदी की धारा में समाते देखने का दर्द लोगों के चेहरों पर साफ नजर आया। ग्रामीणों का कहना था कि नदी की कटाव ने उन्हें अपना घर और गांव छोड़ने को मजबूर कर दिया है।

अधिकारियों ने मौके पर डाला डेरा कटाव की गंभीरता को देखते हुए एडीएम आपदा कमर आलम, एसडीओ अंशु कुमारी और सीओ अंशु प्रसुमन समेत अन्य अधिकारी मौके पर कैंप करते देखे गए। अधिकारियों ने कटाव स्थल का निरीक्षण किया और प्रभावित लोगों से जानकारी ली। प्रशासन की ओर से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है।

**टहनियां और झाड़ियों से कटावरोधी कार्य शुरू**

बाढ़ नियंत्रण विभाग के मुख्य अभियंता अभिषेक कुमार ने बताया कि पिपरपांती में गंगा का कटाव तेजी से हो रहा है। फिलहाल कटाव को नियंत्रित करने के लिए पेड़ की टहनियां, झाड़ियां आदि डालकर कटावरोधी कार्य शुरू किया गया है। विभाग की टीम स्थिति पर नजर रख रही है।

**2016 में भी दो दर्जन से अधिक घर हुए थे विलीन**

पिपरपांती गांव में गंगा नदी के कटाव का पुराना इतिहास रहा है। वर्ष 2016 में भी यहां भीषण कटाव हुआ था। उस दौरान दो दर्जन से अधिक घर गंगा नदी में विलीन हो गए थे। इसके बाद कटावरोधी कार्य भी कराया गया था। ग्रामीणों का कहना है कि इस बार फिर तेज कटाव से गांव पर संकट मंडरा रहा है। लोगों ने प्रशासन से तत्काल प्रभावी और स्थायी कटावरोधी कार्य कराने की मांग की है।

# काजीकोरेया-राघोपुर मार्जिनल बांध पर जारी कटाव को देखते हुए अलर्ट जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले के खरीक अंचल में गंगा के पानी के तेज प्रवाह से काजीकोरेया राघोपुर मार्जिनल बाँध पर लगातार कटाव होने के कारण जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग अलर्ट हो गया है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि खरीक अंचल के राघोपुर गांव के पास गंगा के किनारे बांयी ओर अवस्थित काजीकोरैया - राघोपुर मार्जिनल बांध पर विगत एक महीने से अधिक समय से गंगा के पानी के तेज प्रवाह से हो रहे भीषण कटाव को नियंत्रित करने एवं बांध की सुरक्षा के लिए युद्धस्तर पर सुरक्षात्मक कार्य किए जा रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि गंगा के मुख्य चैनल में भारी मात्रा में गाद (सिल्ट) जमा होने के कारण नदी की तेज धारा के बायें किनारे के इस बांध पर पानी के दबाव से विगत दिनों उक्त बांध क्षतिग्रस्त हो गया था और राघोपुर गांव के पांच वार्डो में पानी घुस चुका था। पानी का दबाव अब बांध की दूसरी सुरक्षा पंक्ति यानी कि रिंग बाँध, पर भी बना हुआ है। जिससे गंगा के पानी का प्रवाह आबादी के




निकटवर्ती क्षेत्र की ओर दबाव बना रहा है। सूत्रों ने बताया कि जल संसाधन विभाग द्वारा उक्त बांध की सुरक्षा एवं आगे के कटाव को नियंत्रित करने के लिए सभी आवश्यक एवं संभावित उपाय किए जा रहे हैं। कार्यस्थल पर पर्याप्त संख्या में अभियंताओं के साथ 450 से अधिक श्रमिकों की तैनाती की गई है। साथ ही, 200 से अधिक ट्रैक्टर, जेसीबी सहित अन्य आवश्यक मशीनरी तथा 2,800 से अधिक मेगा जियोबैग्स की सहायता से युद्धस्तर पर अहर्निश बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराया जा रहा है। विभागीय वरीय पदाधिकारियों द्वारा स्थल पर किए जा रहे कार्यों का सतत एवं सूक्ष्म पर्यवेक्षण किया जा रहा है तथा स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि गंगा के पानी के तेज प्रवाह से कटाव की चपेट में आने के चलते राघोपुर गांव के काफी पुराने दुर्गा मंदिर ध्वस्त होकर गंगा में समा गया है। वहीं बांध के निरंतर कटाव जारी रहने की स्थिति के मद्देनजर जिला प्रशासन की ओर से राघोपुर गांव की जनता को विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई है।

# बाढ़ से निपटने की तैयारियों का अधिकारियों ने लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में विगत कुछ दिनों से हो रही भारी वर्षा एवं मौसम विभाग द्वारा जारी संभावित बाढ़ की चेतावनी के मद्देनजर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ एवं जलजमाव की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन उपेंद्र पंडित एवं सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह द्वारा संयुक्त रूप से देव, रफीगंज एवं मदनपुर प्रखंड के विभिन्न निचले इलाकों, नदियों एवं तटबंधों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा प्रभावित एवं संभावित संवेदनशील क्षेत्रों का पैदल भ्रमण कर टूटे अथवा



क्षतिग्रस्त तटबंधों, जलजमाव वाले क्षेत्रों, नदियों के जलस्तर तथा फसलों की स्थिति का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने स्थानीय परिस्थितियों एवं संभावित जोखिमों का आकलन करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। इस दौरान संबंधित अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जल संसाधन विभाग के अभियंताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने तथा स्थिति पर लगातार निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। क्षतिग्रस्त तटबंधों की तत्काल मरम्मती एवं सुदृढ़ीकरण हेतु बालू भरी बोरियों एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित कार्यपालक अभियंता को दिया गया। जिले के सभी निचले एवं संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए जागरूक एवं निर्देशित किया गया है। साथ ही, सभी अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहते हुए स्थिति की निगरानी करने तथा प्रत्येक 08 घंटे पर जलस्तर एवं क्षेत्र की स्थिति से संबंधित प्रतिवेदन अनुमंडल नियंत्रण कक्ष को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सामुदायिक रसोई, नाव, पॉलिथीन शीट्स, पशुचारा, आवश्यक दवाओं एवं अन्य राहत सामग्रियों की अग्रिम रूप से पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया है।

# दिवालिया होने के कगार पर बिहार सरकार : तेजस्वी यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि राज्य की सम्राट सरकार की कथनी एवं करनी में फर्क है और इनके कार्यकाल में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला है। श्री यादव ने आज औरंगाबाद जिले के गोह में श्री कृष्ण सेवा कल्याण संस्थान के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार सरकार की वित्तीय स्थिति खास्ता है और विकास के सारे कार्य रुके हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उधार पर चल रही है और प्रत्येक बिहारी पर 27000 रुपए का कर्ज़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि हम भगवान श्रीकृष्ण से प्रार्थना करेंगे कि राज्य की जनता को इस सरकार से मुक्ति दिलाएं। अब



समय आ गया है कि इस सरकार के खिलाफ एकजुट होकर हम सभी को लड़ना होगा। श्री यादव ने बिहार में पुलिसिया अत्याचार बढ़ने और आरक्षण के मुद्दे पर पिछड़े, दलित एवं वंचित वर्गों के साथ न्याय नहीं करने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि बिहार इस वक्त वित्तीय संकट से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार में बिहार दिवालिया होने के कगार पर है। उन्होंने कहा कि बिहार को पुलिस राज्य बनाने की कोशिश की जा रही है, जिसे राजद किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय केवल चुनावी मुद्दा नहीं होना चाहिए जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी के सिद्धांत के आधार पर आरक्षण और अवसरों का विस्तार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आरक्षण को लेकर दिखावटी और अवसरवादी राजनीति अब नहीं चलेगी।समारोह में सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव, काराकाट सांसद राजाराम सिंह, विधायक अमरेंद्र कुशवाहा, टिकारी विधायक अजय दांगी, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांति सिंह, पूर्व विधायक बिरेन्द्र सिन्हा, गुरुआ के पूर्व विधायक विनय यादव, श्री कृष्ण सेवा कल्याण संस्थान के अध्यक्ष अजय यादव, आमोद चन्द्रवंशी, शंकर यादव, कौलेश्वर यादव, नन्दलाल यादव, ललन चन्द्रवंशी, मंटू सिंह, शम्भू यादव, अनुपम सिन्हा, अरुण यादव, पूजा यादव, राजा मंडल गायक समेत कई राजद नेता उपस्थित थे।

# समस्तीपुर मंडल के 21 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के लिए 233 करोड़ की स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** भारतीय रेलवे ने पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल के 21 स्टेशनों पर 233 करोड़ रुपये की कुल लागत से इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की व्यवस्था को स्वीकृति दे दी है। मधुबनी, अंगार घाट, बदला घाट, धमारा घाट, रुसेरा घाट, रामगढ़वा, भगवानपुर देसुआ, नरहन, नया नगर, राजनगर, सलौना, इमली, ओलापुर, कोपरिया, सिमरी बख्तियारपुर, सोनबरसा कचहरी, पंडौल, डॉ. श्रीकृष्ण सिंह नगर गढ़पुरा, बैजनाथपुर, बुधमा एवं मुरलीगंज सहित कुल 21 स्टेशनों पर सिग्नलिंग बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण किया जाएगा। स्वीकृत कार्य के अंतर्गत समस्तीपुर डिवीजन के 21 स्टेशनों पर वर्तमान पैनल इंटरलॉकिंग को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से बदला जाएगा। यह आधुनिक सिग्नलिंग प्रणाली पूरे डिवीजन में रेलवे सिग्नलिंग बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी और स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच के कार्यान्वयन को सुगम बनाएगी। इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की व्यवस्था से चिन्हित स्टेशनों पर सिग्नलिंग व्यवस्था का आधुनिकीकरण होगा और कवच कार्यों के संबंध में अधिक उन्नत सिग्नलिंग व्यवस्था उपलब्ध होगी। इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग एक आधुनिक सिग्नलिंग तकनीक है जो पुरानी रिले-आधारित प्रणालियों को कंप्यूटर-आधारित इंटरलॉकिंग से बदल देती है, जिससे उच्च विश्वसनीयता, त्वरित कमी को दूर करने, आसान रखरखाव और बेहतर परिचालन सुविधा सुनिश्चित होती है। यह पहल भारतीय रेलवे द्वारा अपने पूरे नेटवर्क में सिग्नलिंग सिस्टम के आधुनिकीकरण, रेलवे सुरक्षा को मजबूत करने और परिचालन दक्षता बढ़ाने की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।

# स्मार्ट मीटर से बिजली चोरी पर लगेगा अंकुश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/नई दिल्ली।** बिहार के ऊर्ज़ा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने निवेशकों से बिहार में निवेश के साथ राज्य के विकास में भागीदार बनने का आह्वान किया है। नई दिल्ली में आयोजित भारत इलेक्ट्रिसिटी 2026 के उद्घाटन सत्र में उन्होंने कहा कि 2026 का बिहार तेजी से बदल रहा है और ऊर्ज़ा क्षेत्र में आधुनिक तकनीक को अपनाते हुए भविष्य की जरूरतों के लिए तैयार हो रहा है। देश-विदेश के निवेशकों को बिहार में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि 2026 का बिहार अब पहले जैसा नहीं रहा है। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में



तेजी से बदलाव हो रहे हैं और विकास की नई संभावनाएं तैयार हो रही है। उन्होंने निवेशकों से केवल निवेश करने के लिए नहीं, बल्कि बिहार के विकास में भागीदार बनने के लिए आने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऊर्ज़ा मंत्री ने कहा कि ऊर्ज़ा आत्मनिर्भरता के लिए सुरक्षित, सस्ती और गुर्णवत्तापूर्ण बिजली व्यवस्था जरूरी है। बढ़ती मांग को देखते हुए बिहार अपने बिजली ढांचे को लगातार मजबूत कर रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में 94 लाख से अधिक स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं। इससे बिलिंग और बिजली खपत की निगरानी में सुधार हुआ है। इसके चलते लॉस 59-60% से घटकर 11.54% से नीचे आ गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। बढ़ती आबादी, शहरीकरण, औद्योगिक गतिविधियों और आर्थिक विकास के कारण बिजली की जरूरत बढ़ी है। बिहार ने अब तक 9,475 मेगावाट की रिकॉर्ड पीक डिमांड को सफलतापूर्वक पूरा किया है। आने वाले वर्षों में बिजली की मांग में और वृद्धि की संभावना है और वित्तीय वर्ष 2037 तक इसके करीब 19,033 मेगावाट पहुंचने का अनुमान है।

## अंग्रेजी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** तेयाय ओपी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। तेयाय ओपी प्रभारी कुमारी निकिता भारती के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ओपी क्षेत्र के चौधराईन पोखर के पास छापेमारी की। इस दौरान दो बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को रंगेहाथ पकड़ा गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान भगवानपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी तुफानी पासवान के पुत्र अंकेश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने गिरफ्तार युवक के विरुद्ध बिहार मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में बेगूसराय जेल भेज दिया है।

# सहयोग शिविर में जन शिकायतों का समाधान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा एवं अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत महाराजगंज पंचायत में जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से 'सहयोग शिविर' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान के सामूहिक गायन से हुआ। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक एवं अपर समाहर्ता को पौधा एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में अपर समाहर्ता ने उपस्थित ग्रामीणों का स्वागत करते हुए कहा कि सहयोग शिविर'' का उद्देश्य प्रशासन को जनता के द्वार तक पहुँचाना है, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं



का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी एवं सम्मानजनक तरीके से पहुँचे और इसी उद्देश्य से जिले के सभी पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, आय एवं आवासीय प्रमाण-पत्र, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा, विद्युत, पेयजल, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य अथवा किसी भी सरकारी योजना से संबंधित शिकायत या आवेदन इस शिविर के माध्यम से प्रस्तुत किए जा सकते हैं। अपर समाहर्ता ने कहा कि औरंगाबाद जिला सहयोग अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निष्पादन में राज्य के अग्रणी जिलों में शामिल है। जिले में लगभग 99 प्रतिशत आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन का लक्ष्य केवल आवेदनों का निष्पादन करना नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करना है। इसके लिए सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी नियमित रूप से अनुश्रवण कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि नाली, गली, पेयजल, बिजली अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक समस्या के संबंध में बिना संकोच आवेदन प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर केवल एक दिवसीय कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह एक सतत व्यवस्था है, जिसके माध्यम से नागरिक भविष्य में भी अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, कुटुंबा, अंचल अधिकारी कुटुंबा, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, कुटुंबा, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

# छात्र जदयू की 'संवाद-सह-समीक्षा बैठक' आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले के गोराडीह प्रखंड के काशील गांव स्थित डिग्री कॉलेज परिसर में मंगलवार को जिला छात्र जदयू द्वारा 'छात्र संवाद -सह- समीक्षा बैठक' का आयोजन किया गया। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों द्वारा छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए संगठन की गतिविधियों, छात्र हित से जुड़े मुद्दों एवं आगामी कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। मौके पर मुख्य अतिथि रुप में जदयू विधायक सह छात्र जदयू के प्रदेश प्रभारी रुहैल रंजन एवं प्रदेश अध्यक्ष धीरज कुमार थे। जबकि कहलगांव क्षेत्र के जदयू विधायक




शुभानंद मुकेश की उपस्थिति विशिष्ट अतिथि के रुप में रही। बैठक में उपस्थित पाटी के छात्र कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जदयू छात्र के प्रदेश प्रभारी सह विधायक रुहैल रंजन ने कहा कि बिहार में छात्र और युवा शक्ति को सशक्त बनाना सरकार एवं संगठन दोनों की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जदयू छात्र के प्रदेश अध्यक्ष धीरज कुमार ने कहा कि राजनीति केवल पद प्राप्त करने का माध्यम नहीं है। राजनीति सेवा का माध्यम है। छात्र जीवन से ही अगर हम समाज और प्रदेश के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझेंगे, तो भविष्य में एक बेहतर नेतृत्व तैयार होगा। कहलगांव क्षेत्र के विधायक शुभानंद मुकेश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा वर्ग समाज और राष्ट्र के भविष्य की महत्वपूर्ण कड़ी है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए। जिला जदयू अध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी संगठन और समाज की सबसे बड़ी ताकत होती है। छात्र जदयू का उद्देश्य विद्यार्थियों को संगठन से जोड़ने के साथ-साथ उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करना और उन्हें सामाजिक सरोकारों से जोड़ना है। कार्यक्रम में शाबान खान, शैलेन्द्र तोमर, मु हासिब,यास्मीन परवीन, अशोक सिन्हा, संजीत राय, ओम प्रकाश भ्रमर, छोटन मंडल, राजकुमार सिंह, संदीप कुमार, राहुल कुमार विक्की कुमार, वसीम अकरम, अमन कुमार, सिट्टू राजभर, आयुष आनंद, ज्योतिष सिंह, सानू सिंह, अक्षत चौधरी, आरव राज, विक्की कुमार कुमार के साथ साथ काफी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बरहरा प्रखंड की बलुआ पंचायत के पीपरपांती में कटावरोधी कार्य जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बरहरा।** प्रखंड के बलुआ पंचायत अंतर्गत पीपरपांती में हो रहे कटाव की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन, आरा सदर अनुमंडल पदाधिकारी एवं आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, भोजपुर द्वारा संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया गया। अधिकारियों द्वारा मौके पर कटाव की स्थिति, प्रभावित क्षेत्र एवं आमजन की सुरक्षा के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता को कटावरोधी कार्य में तेजी लाने एवं आवश्यकतानुसार प्रभावी निरोधात्मक कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। निर्देश के अनुरूप पीपरपांती में कटावरोधी कार्य कराया जा रहा है तथा स्थिति के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई लगातार सुनिश्चित की जा रही है। कटाव की स्थिति को देखते हुए प्रभावित एवं आसपास के क्षेत्रों में माइकिंग के माध्यम से लोगों को सतर्क एवं सुरक्षित रहने की अपील की जा रही है। लोगों से नदी के किनारे एवं प्रभावित क्षेत्र में अनावश्यक रूप से नहीं जाने तथा प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करने का अनुरोध किया जा रहा है। नेकनाम टोला में आवागमन की सुविधा के लिए नाव का परिचालन किया जा रहा है, ताकि स्थानीय लोगों को आवागमन में आवश्यक सुविधा मिलती रहे। आवश्यकतानुसार प्रभावित क्षेत्रों में पशुपालन विभाग द्वारा पशु चिकित्सा कैंप लगाए जा रहे हैं तथा पशुओं के लिए आवश्यक दवाओं का वितरण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, पीपरपांती में जरूरतमंद परिवारों के बीच पॉलिथीन शीट का वितरण भी किया गया है, ताकि उन्हें तत्काल आवश्यक सहायता उपलब्ध हो सके। स्थिति पर स्थानीय स्तर से सतत निगरानी बनाए रखने के लिए राजस्व कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही, जिला नियंत्रण कक्ष चौबिस सक्रिय है और इसके माध्यम से क्षेत्र की स्थिति पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। संबंधित विभागों एवं स्थानीय पदाधिकारियों के साथ लगातार समन्वय स्थापित कर आवश्यकता के अनुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# भगवानपुर बाजार में बनेगा 40 फीट ऊंचा पंडाल

## 4 सितंबर की रात मनाया जाएगा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 5 से 9 सितंबर तक सजेगा पांच दिवसीय मेला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भगवानपुर।** भगवानपुर बाजार एक बार फिर भक्ति और उल्लास के रंग में सराबोर होने को तैयार है। यहां पिछले 12 वर्षों से आयोजित हो रहे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूजनोत्सव सह पांच दिवसीय मेले की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई है। पिछले करीब एक महीने से पूजा समिति और बाजार के दुकानदार आयोजन को भव्य बनाने में जुटे हैं। भगवानपुर बाजार स्थित रसलपुर पंचायत भवन के समीप मुख्य श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूजा पंडाल बनाया जा रहा है। इसके अलावा मेंहदौली चौक स्थित दूध समिति के पास और पुराने थाना परिसर में भी पूजा पंडाल सजाए जा रहे हैं। वहीं, सहिलोरी गांव में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन होगा। मुख्य पूजा पंडाल को इस बार विशाल भवन का स्वरूप दिया जा रहा है। इसकी ऊंचाई करीब 40 फीट होगी। पिछले लगभग 20 दिनों से कारीगर पंडाल निर्माण में जुटे हैं और अब इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। पंडाल का निर्माण राजा टेंट हाउस, मेंहदौली द्वारा किया जा रहा है। मंदिर के मुख्य द्वार को भी आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा। रात होते ही रंग-बिरंगी झालरों और रोशनी से पूरा बाजार जगमगा उठेगा। भव्य पंडाल और विद्युत सज्जा श्रद्धालुओं के लिए खास आकर्षण का केंद्र होगी। वर्ष 2014 में बाजार के दुकानदारों की बैठक में सर्वसम्मति से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया था। इसके लिए एक पूजा समिति का गठन किया गया। तब से लगातार हर वर्ष यहां धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। जन्माष्टमी के अवसर पर पांच दिवसीय मेले का आयोजन भी इस परंपरा को और खास बनाता है। पूजा समिति के अध्यक्ष आदित्य कांत शर्मा, सचिव बलवीर कुमार और कोषाध्यक्ष संजय कुमार राय समेत समिति के सदस्य दिन-रात तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं।

### जन्माष्टमी मेले की सुरक्षा का जायजा लेने पहुंचे एसडीएम और एसडीपीओ

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड मुख्यालय बाजार में आयोजित होने वाले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मेला की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने मंगलवार को प्रशासनिक अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची। तेघड़ा अनुमंडल पदाधिकारी नीरज कुमार सिन्हा, एसडीपीओ कृष्ण कुमार और अंचलाधिकारी रानू कुमार ने मेले में लगाए गए आकाशी झूला, ब्रेक डांस सहित अन्य झूलों का निरीक्षण किया।इस दौरान अधिकारियों ने मौके पर मौजूद झूला संचालकों और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पूजा समिति के सचिव बलवीर कुमार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम नीरज कुमार सिन्हा ने झूला संचालकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि झूले के सभी नट-बोल्ट पूरी तरह टाइट रखें। कंटीले तार और बिजली के खुले तारों से दर्शकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें, मेला अवधि के दौरान किसी भी तरह की दुर्घटना नहीं होगी, इस आशय का शपथ-पत्र जमा कराएं। वहीं पूजा समिति के सचिव बलवीर कुमार को भी मेला को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पूजा समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

# खेलो इंडिया कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं बिहार सरकार के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय डिग्री महाविद्यालय, नावकोठी, अध्ययन केंद्र अकहा, ररिऔना में 29 अगस्त से चल रहे 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाने तथा स्वस्थ जीवनशैली और खेल भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंजनी कुमार ने किया था। समापन अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. भावना, डॉ. ज्योति, डॉ. प्रियांशु कुमार, डॉ. शिवम तिवारी, अमितेश प्रकाश, नंदिता एवं सुमन कुमार सहित कार्यालय सहायक गिरीश कश्यप, यूजी प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं तथा ग्रामीणों में सुनील कुमार एवं कौशल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं समापन पर महाविद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना करते हुए उन्हें नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# बच्चों की संख्या देखकर विद्यालय भवन की हुई मांग

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के पर्रा पंचायत में छात्र छात्राओं की अत्यधिक संख्या और स्कूलों की कमी को लेकर मंगलवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी बेगूसराय को छात्र प्रतिनिधिमंडल ऋषभ कुमार, अम्बेडकर कुमार और कृष्ण कुमार के नेतृत्व में मिलकर विद्यालय निर्माण की मांग पत्र सौंपा। विस्तृत जानकारी देते हुए ऋषभ कुमार ने बताया कि पर्रा पंचायत चार गाँवों-सरौंजा, लक्ष्मीपुर, पर्रा और फुलकारी से मिलकर बना है। जिसमें सरौंजा में 3 सरकारी विद्यालय हैं, जबकि पर्रा, लक्ष्मीपुर और फुलकारी की लगभग 22,000 की आबादी के लिए सिर्फ 2 विद्यालय हैं। बच्चे विद्यालय के क्षमता से अधिक हैं, शिक्षक को वर्ग संचालन में बहुत कठिनाई होती है। नामांकन का दबाव लगातार बढ़ रहा है। इसलिए जिला शिक्षा पदाधिकारी, बेगूसराय से पर्रा-फुलकारी टोला में, पछियारी लक्ष्मीपुर और पर्रा मंठ टोला के बीच दो नए सरकारी विद्यालय (प्राथमिक या मिडिल) की स्थापना की जाए। फिलहाल संत कबीर पुस्तकालय भवन खाली पड़ा है यदि अनुमति मिले तो वहां भी फिलहाल पढ़ाई शुरू हो सकती है। बाद में अपना भवन बन जाएगा तो नए भवन में शिफ्ट हो जाएगा।

# शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर किया शिक्षण कार्य

विरोध-प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** एनपीएस के विरोध एवं पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग को लेकर मंगलवार को प्रखंड के सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों के शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालय में काला बिल्ला लगाकर शिक्षण कार्य किया। बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के आह्वान पर आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षकों ने सरकार के प्रति शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया। प्रखंड सचिव साकेत कुमार ने कहा कि शिक्षकों की प्रमुख मांग एनपीएस को समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू करना है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से शिक्षक पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार इस दिशा में अपेक्षित पहल नहीं कर रही है। एनपीएस के कारण शिक्षकों के भविष्य की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। उन्होंने कहा कि जब तक एनपीएस के स्थान पर ओपीएस लागू नहीं किया जाता है, तब तक शिक्षक लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध जारी रखेंगे। काला बिल्ला लगाकर शिक्षण कार्य करना भी इसी विरोध कार्यक्रम का हिस्सा है। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों में प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर अपनी मांग के समर्थन में एकजुटता दिखाई। कार्यक्रम में हेडमास्टर इंदु कुमार, प्रवीण कुमार, माधव आनंद सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए।

# जर्जर पीएचसी भवन व जलजमाव से मरीज परेशान

## नए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को अविलंब शुरू करने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नावकोठी के पुराने भवन की जर्जर स्थिति एवं नए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने चिंता जताई है। इस संबंध में स्थानीय मुखिया राष्ट्रपति कुमार सहित अन्य ने बताया कि 3 साल से ऊपर होने के बावजूद भी अभी तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन पूर्ण रूप से तैयार नहीं हुआ। जिसके कारण पुराने जर्जर स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को बैठने की जगह नहीं मिल पाती है। न हीं डॉक्टरों को ओपीडी के लिए स्वच्छ जगह ही मिल पाता है। प्रसव कक्ष के लिए पर्याप्त कमरे भी नहीं हैं। न हीं दवा का रखरखाव कमरे का अभाव के कारण ठीक से हो पा रहा है तो कमरे के अभाव के कारण एक्स-रे मशीन अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र देवपुरा में चल रहा है। जिससे मरीजों को 4 किलोमीटर दूर आने जाने में कठिनाई हो रही है। ना ही कर्मियों के लिए हर विभाग का अलग-अलग कमरा मिल पाता है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग भी नये भवन को लेकर दिलचस्पी नहीं दिखा रही है। इधर एक महीना पहले नावकोठी वार्ड सदस्य सलमान खान ने पत्र द्वारा स्वास्थ्य विभाग, बिहार पटना से लेकर जिलाधिकारी, बेगूसराय सहित चिकित्सा प्रभारी, नावकोठी तक को पत्र के द्वारा नए भवन जल्द तैयार कर देने के बारे में आवेदन दिया था। आवेदन में कहा गया है कि अप्रैल 2023 में तत्कालीन विधायक सूर्यकांत पासवान द्वारा नए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास किया गया था। निर्माण कार्य की निर्धारित अवधि समाप्त होने के बावजूद भवन आज तक स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित नहीं किया गया है। इसके कारण मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों को पुराने एवं जर्जर भवन में ही कार्य करना पड़ रहा है। वार्ड सदस्य ने बताया प्रतिदिन इलाज के लिए आने वाले सैकड़ों मरीजों, गर्भवती महिलाओं, एंबुलेंस, दोपहिया वाहनों तथा पैदल आने-जाने वालों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पुराने भवन में मरीजों के बैठने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। विशेषकर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दौरान बड़ी संख्या में आने वाली गर्भवती महिलाओं को बैठाने तक की समुचित व्यवस्था नहीं हो पाती, जिससे काफी परेशानी होती है।इस मामले में वार्ड सदस्य शत्रुघ्न कुमार, सुधीर रजक, राहुल शर्मा, उपमुखिया विजय सहनी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी जिला प्रशासन से नए भवन का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कर उसे स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित कराने की मांग की है। उनका कहना है कि नए भवन के चालू होने से क्षेत्र की हजारों आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी तथा मरीजों को जर्जर भवन और जलजमाव जैसी समस्याओं से निजात मिलेगी। इस मुद्दे पर चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर राजीव रंजन चौधरी ने बताया कि मै कई बार सिविल सर्जन, बेगूसराय को नए भवन स्थानांतरित करने एवं उससे हो रही कठिनाइयों से अवगत करा चुका हूं।

# संगठन को मजबूत करना प्राथमिकता : सुरेंद्र विवेक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** लोजपा (रा) के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार सरकार के उप मंत्री सुरेंद्र कुमार उर्फ सुरेंद्र विवेक के मंगलवार को बलिया पहुंचने पर एनडीए कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया. लोजपा (रा) भाजपा एवं जदयू के सैकड़ों कार्यकर्ता एनएच-31 स्थित राहतपुर ढाला पर घंटों अपने नेता के स्वागत के लिये मौजूद रहे। सुरेंद्र विवेक का काफिला जैसे ही राहतपुर ढाला पहुंचा, कार्यकर्ताओं ने फूल-माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। राहतपुर ढाला से लेकर बलिया तक जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने काफिले को रोककर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। काफिला एनएच-31 के रास्ते बड़ी बलिया होते हुये लखमिनियां स्टेशन चौक पहुंचा. इसके बाद प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थापित संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर सुरेंद्र विवेक ने माल्यार्पण किया। इसके बाद बलिया बाजार स्थित पटेल चौक पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में सुरेंद्र विवेक ने कहा कि पार्टी हाईकमान ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उस पर वे पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। पार्टी और संगठन को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता होगी. मौके पर लोजपा (रामविलास) जिलाध्यक्ष प्रेम कुमार पासवान, प्रखंड अध्यक्ष सच्चिदानंद पासवान, भोला पासवान, रूपनारायण पासवान, भाजपा नेता राकेश रोशन मुन्ना, नितेश कुमार उर्फ जितेंद्र साहू, कुमार गौरव पांडे, शिवनंदन कुमार, जदयू नेता मृत्युंजय कुमार सहित सैकड़ों एनडीए कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एनपीएस के विरोध में शिक्षकों ने बांधी काली पट्टी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मनीगाछी (दरभंगा)।** मनीगाछी बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ (गोप गुट) के शिक्षकों द्वारा बांह पर पर काली पट्टी बांधकर मंगलवार को एनपीएस (नई पेंशन स्कीम) का विरोध किया गया. शिक्षक सुरेश साफी के नेतृत्व में शिक्षकों द्वारा ओपीएस (ओल्ड पेंशन स्कीम) लागू करने की मांग सरकार से की है। उन्होंने बताया यह काला स्कीम 1 सितंबर 2005 को लागू किया गया था। शिक्षकों ने जल्द से जल्द को ओ पी एस लागू करने की मांग की। मौके पर भोगेंद्र राम, नवनीत कुमार झा, अर्जुन कुमार सहित कई अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं इस मुहिम में शामिल थीं।


# शराब के साथ चार कारोबारी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए महेशवाड़ा से 64 बोतल विदेशी शराब बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने चार कथित शराब कारोबारियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष मो. फिरदौस ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि महेशवाड़ा गैस एजेंसी से करीब 50 मीटर की दूरी पर स्थित गाछी में विदेशी शराब की खेप उतारी जा रही है। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए गश्ती दल के पदाधिकारी मो. इसमाइल को सशस्त्र बल के जवानों के साथ मौके पर भेजा गया। पुलिस टीम के पहुंचते ही वहां मौजूद कुछ कारोबारी मौके से फरार हो गए। इसी दौरान पुलिस ने एक हीरो स्प्लेंडर बाइक को जब्त किया। बाइक पर लदी सफ़ेद रंग की प्लास्टिक बोरी की तलाशी लेने पर हरियाणा निर्मित ओल्ड हैबिट व्हिस्की की 750 एमएल की 30 बोतल एवं 375 एमएल की 34 बोतल बरामद हुई।

# मिनी कंटेनर से 876 लीटर विदेशी शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दरभंगा।** जिले में अवैध शराब के कारोबार एवं परिवहन के विरुद्ध मद्यनिषेध विभाग द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मद्यनिषेध टीम, दरभंगा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि विशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भरौल में एक मिनी कंटेनर के माध्यम से भारी मात्रा में विदेशी शराब का परिवहन किया जा रहा है। प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर मद्यनिषेध टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए रात्रि में भरौल क्षेत्र में वाहन की जाँच की गई, जाँच के दौरान एक मिनी कंटेनर से ढककर लायी जा रही करीब 10 लाख रुपये की 876.960 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। सहायक आयुक्त, मद्यनिषेध प्रदीप कुमार ने बताया कि मद्यनिषेध टीम द्वारा शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त मिनी कंटेनर को विधिवत जब्त कर लिया गया। साथ ही मौके से वाहन चालक को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार चालक के विरुद्ध मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही अवैध शराब के स्रोत एवं इसके परिवहन से जुड़े अन्य व्यक्तियों के संबंध में भी जांच की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कि जिले में मद्यनिषेध कानून के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अवैध शराब के कारोबार पर पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# हत्याकांड का वांछित आरोपित गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र से पुलिस ने थाना कांड संख्या 146/26 के वांछित आरोपित को शंकर चौक, नावकोठी से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान रजाकपुर पंचायत के चक्का गांव निवासी रूपेश कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष मो. फिरदौस ने बताया कि मृतका सोनी देवी की मां गायत्री देवी ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी थी। आवेदन के आधार पर दर्ज प्राथमिकी में दामाद रूपेश कुमार समेत 11 लोगों को आरोपित किया गया था।

# मनीगाछी प्रखंड की दो पंचायतों में लगाए गए सहयोग शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मनीगाछी (दरभंगा)।** प्रखंड के दो पंचायतों नेहरा पूर्वी एवं पैठान कवई पंचायत में मंगलवार को आयोजित सहयोग शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों को प्रक्रियाधीन में रखा गया है जिसे एक माह के भीतर निष्पादित किया जाएगा। आम लोगों के समस्याओं के निदान के लिए मंगलवार को पैठान कवई पंचायत सरकार भवन पर आयोजित शिविर में राजस्व विभाग से एक ग्रामीण विकास विभाग से 10 आईसीडीएस से 6 सहित कुल 26 आवेदन प्राप्त हुए जबकि नेहरा पूर्वी में ग्रामीण विभाग में एक मनरेगा एवं एलएसबीए में 10 आईसीडीएस में 10 सहित कुल 30 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में विधायक राजेश कुमार मंडल उर्फ ईश्वर मंडल, बीडीओ संदीप कुमार पाण्डेय, सीओ भाग्यश्री राज सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। शिविर में उपस्थित लोगों को बीडीओ ने सहयोग शिविर के महत्वाकांक्षी उद्देश्यों की चर्चा करते हुए आम लोगों से शिविर के माध्यम से अपनी समस्याओं के स्थानीय स्तर पर निदान कराने की सलाह दी। विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस शिविर के माध्यम से लोगों की मौलिक समस्याओं का निदान आसानी से हो रहा है। उन्होंने इसका लाभ उठाने की सलाह लोगों को दिया।

# कलाकार कल्याण कोष से बिहार के कलाकारों को मिलेगी सहायता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा कलाकार कल्याण कोष के तहत वित्तीय सहायता के नियम तय किए गए हैं। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी ने बताया कि सहायता केवल बिहार के पात्र कलाकारों को दी जाएगी। चिकित्सा एवं इलाज के लिए वास्तविक खर्च या अधिकतम 2 लाख रुपये, प्रदर्शन एवं दृश्य कला के लिए अधिकतम 2 लाख रुपये और उपकरण, वाद्ययंत्र व कला सामग्री खरीद के लिए अधिकतम 50 हजार रुपये तक की सहायता का प्रावधान है। एक वित्तीय वर्ष में एक ही बार लाभ मिलेगा। गंभीर बीमारी या घायल होने पर चिकित्सा प्रमाण-पत्र, बीमा योजना से आच्छादित नहीं होने का शपथ-पत्र, अंतरराष्ट्रीय/ राष्ट्रीय कार्यक्रमों में आमंत्रण पर यात्रा व्यय, तथा उच्च शिक्षा, शोध के लिए भी सहायता दी जाएगी।इसके लिए 9 सदस्यीय समिति गठित है, जिसके अध्यक्ष विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव होंगे। लाभ के लिए निर्धारित प्रपत्र में आवेदन, उपलब्धियों के प्रमाण, अद्यतन आय प्रमाण-पत्र (मासिक आय 30 हजार से अधिक नहीं) जरूरी है। सरकारी कर्मियों को लाभ नहीं मिलेगा। सभी विधाओं के कलाकारों को विभागीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए कलाकार पंजीकरण पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए गांधी स्टेडियम स्थित अटल खेल भवन कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# पांच दिव्यांगों को मिली बैट्री ट्राईसाइकिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना के तहत दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आज दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, बेगूसराय ने पात्र लाभुकों के बीच बैटरी चालित ट्राईसाइकिल का वितरण किया। कुल 5 पात्र चलंत दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल दी गई। लाभुकों में बेगूसराय एवं बरौनी प्रखंड क्षेत्र के चांदनी देवी, दिनेश दास, हकीम मियां, मो. जुबेर आलम और कश्मीर पासवान शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि बैटरी ट्राईसाइकिल से दिव्यांगजनों का आवागमन सुगम होगा और दैनिक कार्य आसान होंगे। इससे वे अधिक स्वतंत्रता के साथ कार्य कर सकेंगे। ट्राईसाइकिल पाकर सभी लाभुक खुश नजर आए। इस अवसर पर सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग अभिजीत सोनल और सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नेहा कुमारी मौजूद रहीं और उन्होंने लाभुकों को ट्राईसाइकिल सौंपी। जिला प्रशासन द्वारा पात्र दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।

# भोजपुर डीएम मनेश कुमार मीणा आज करेंगे कोइलवर का दौरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोइलवर।** कोईलवर प्रखंड में भोजपुर डीएम मनेश कुमार मीणा बुधवार यानी आज दौरा करेंगे। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा क्षेत्र की यातायात व्यवस्था का जायजा लेने के साथ-साथ आरा-छपरा पथ एवं आरा शहर के अन्य महत्वपूर्ण मार्गों का निरीक्षण किया जाएगा। जिलाधिकारी के दौरे को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मिली जानकारी के अनुसार, जिलाधिकारी सबसे पहले आरा-छपरा पथ पर यातायात व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान सड़क पर लगने वाले जाम, वाहनों के परिचालन, प्रमुख चौक-चौराहों एवं यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए किए गए इंतजामों का जायजा लिया जाएगा। आरा शहर के अन्य महत्वपूर्ण पथों का भी निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था में सुधार को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाने की संभावना है। इसके बाद जिलाधिकारी कोईलवर अंचल-सह-प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण करेंगे। कार्यालय में विभिन्न विभागों के कामकाज, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, अभिलेखों के रख-रखाव तथा आम लोगों को उपलब्ध कराई जा रही प्रशासनिक सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। दौरे के दौरान जिलाधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद भी करेंगे। इस दौरान क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं, विकास कार्यों, सड़क, यातायात, जल निकासी, जन सुविधाओं समेत स्थानीय स्तर के विभिन्न मुद्दों पर जनप्रतिनिधियों से जानकारी ली जा सकती है। जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र की समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा जाएगा, जिस पर प्रशासनिक स्तर से आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाने की उम्मीद है। जिलाधिकारी के इस दौरे को लेकर स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों में भी उम्मीद जगी है। खासकर कोईलवर में लगातार सामने आने वाली यातायात संबंधी समस्याओं और विभिन्न विकास कार्यों से जुड़े मुद्दों को लेकर लोगों की निगाहें प्रशासनिक निरीक्षण पर टिकी हैं।

पूर्व रेलवे

**निविदा सं. ईएल–एमएलडीटी–टीआरडी–ई–निविदा–087, दिनांक 28.08.2026,** वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता/टीआरडी, **पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.–झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल)** द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. ईएल–एमएलडीटी–टीआरडी–ई–निविदा–087, कार्य का नाम :** "पूर्व रेलवे के मालदा मंडल में 2 वर्ष की अवधि के लिए पूरे टीआरडी/मालदा संगठन (मालदा टाउन, जंगीपुर रोड, बड़हरवा, साहिबगंज, सबौर, बाराहाट और जमालपुर में ओएचई सह पीएसआई डिपो के अंतर्गत) के लिए टीआरडी रखरखाव एवं ब्रेकडाउन गतिविधियों (ओएचई कार्य) की आउटसोर्सिंग"। **निविदा मूल्य :** रु. 5,08,53,034/–, **बयाना राशि:** रु. 10,17,100/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **ई–निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 08.09.2026 से 22.09.2026 को 15.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : वेबसाइट: www.ireps.gov.in सूचना पट:** वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (टीआरडी), **पूर्व रेलवे,** मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-184/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# नदियों के बढ़ते जलस्तर को लेकर औरंगाबाद जिला प्रशासन अलर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में लगातार हो रही बारिश, विभिन्न नदियों के बढ़ते जलस्तर एवं कई क्षेत्रों में उत्पन्न जलजमाव की स्थिति को लेकर अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभा कक्ष में आपदा प्रबंधन संबंधी की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं अंचलों में उत्पन्न जलजमाव की स्थिति, संभावित बाढ़ के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों, जल निकासी की व्यवस्था, उपलब्ध संसाधनों तथा संबंधित विभागों द्वारा की जा रही कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान अपर



समाहर्ता द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वर्षा एवं नदियों के जलस्तर की स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए रखते हुए जलजमाव एवं संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने हेतु आवश्यक कार्रवाई तत्परता के साथ सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विशेष रूप से जलजमाव वाले क्षेत्रों में जल निकासी की व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर संचालित करने तथा आवश्यकता के अनुरूप पंप सेट, पोकलेन, नाव सहित अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में सदर डीएसएलआर श्वेतांक लाल, सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संभावित बाढ़ के मद्देनजर अनुमंडल एवं प्रखंडस्तरीय पदाधिकारियों-कर्मचारियों का अवकाश रद्द

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** भारी वर्षा एवं संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह द्वारा क्षेत्र में प्रशासनिक तैयारियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आवश्यक आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के तहत सदर अनुमंडल के अंतर्गत कार्यरत सभी अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों का अवकाश तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक रद्द कर दिया गया है। सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने मुख्यालय में ही रहना सुनिश्चित करने तथा सक्षम पदाधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ने का निर्देश दिया गया है। पूर्व में स्वीकृत अवकाश पर गए पदाधिकारियों एवं कर्मियों को भी तत्काल अपने कर्तव्य पर योगदान करने का निर्देश दिया गया है। सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने मोबाइल फोन सदैव चालू रखने तथा बाढ़ एवं आपदा से संबंधित किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही सभी अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के निचले इलाकों, तटबंधों एवं नदियों के जलस्तर पर सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है।

## जल-जमाव वाले क्षेत्रों में किये जा रहे सुरक्षात्मक कार्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिले में विगत कुछ दिनों से हो रही भारी वर्षा एवं मौसम विभाग द्वारा जारी संभावित बाढ़ की चेतावनी के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा बाढ़, जल-जमाव एवं उससे उत्पन्न संभावित परिस्थितियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। आमजन की सुरक्षा एवं आवश्यक सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों एवं स्थानीय निकायों को सतर्क एवं सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया है। जिले में वर्षा के कारण उत्पन्न जलजमाव वाले क्षेत्रों में



त्वरित जल निकासी, नालियों की सफाई एवं अवरोधों को हटाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। औरंगाबाद नगर परिषद क्षेत्र में जलजमाव वाले स्थानों से पानी की निकासी के लिए पंप सेट लगाए गए हैं तथा आवश्यकतानुसार पंप सेट के माध्यम से लगातार जल निकासी की जा रही है। जल निकासी की सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पोकलेन एवं जेसीबी मशीनों का उपयोग करते हुए जल निकासी मार्ग में मौजूद अतिरिक्त मिट्टी, मलबा एवं अन्य अवरोधों को हटाने का कार्य भी कराया जा रहा है। प्रशासन द्वारा ऐसे स्थलों को चिन्हित कर आवश्यकतानुसार तत्काल निरोधात्मक एवं सुरक्षात्मक कार्रवाई की जा रही है। अधिक जलजमाव वाले एवं संभावित रूप से जोखिमपूर्ण क्षेत्रों में 'डेंजर जोन' संबंधी साइन बोर्ड लगाए जा रहे हैं, ताकि आमजन को खतरे वाले स्थानों की जानकारी मिल सके और वे अनावश्यक रूप से ऐसे क्षेत्रों में प्रवेश न करें।

## ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बालू लदे ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार एक अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। घटना दाउदनगर थाना क्षेत्र के नहर रोड में शमशेर नगर पंचायत के नान्हु बिगहा के समीप की है। मृतक की पहचान नान्हु बिगहा निवासी 46 वर्षीय सत्येंद्र यादव के रूप में हुई है। हादसे के बाद घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीण मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर शांत कराया। जानकारी के अनुसार सत्येंद्र यादव शमशेर नगर बाजार से गेहूं पिसवाकर और जानवरों का चारा लेकर साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान नहर रोड में नान्हु बिगहा के समीप दो नंबर घाट से निकलने वाली सड़क की ओर बने लोहे के पुल के पास वह बालू लदे ट्रक की चपेट में आ गए। हादसे की सूचना मिलते ही दाउदनगर थानाध्यक्ष विकास कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद अंचल अधिकारी सतीश कुमार सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मृतक के आश्रितों को चार लाख रुपये की मुआवजा राशि का चेक प्रदान किया।

## सोन जल समझौता बिहार के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि : सुशील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार और झारखंड के बीच सोन नदी के जल बंटवारे को लेकर हुए ऐतिहासिक समझौते का औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने स्वागत करते हुए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रति हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से बिहार को 5.75 एमएएफ जल प्राप्त होगा, जिससे राज्य में सिंचाई और जल संसाधनों को मजबूती मिलेगी तथा किसानों को इसका बड़ा लाभ मिलेगा। सुशील कुमार सिंह ने कहा कि



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बिहार के विकास की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। सोन नदी जल समझौता बिहार के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे किसानों के लिए सिंचाई के पानी की उपलब्धता बढ़ेगी, कृषि क्षेत्र मजबूत होगा और राज्य के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह समझौता बिहार के हित में बड़ी उपलब्धि है, लेकिन इसका लाभ केवल बिहार तक सीमित नहीं रहेगा। झारखंड के लोगों को भी इससे फायदा मिलेगा। दोनों राज्यों के बीच जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और आपसी सहयोग से पूरे क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। पूर्व सांसद ने कहा कि जल संसाधनों से जुड़े इस समझौते से किसानों और आम जनता के हितों की पूर्ति होगी तथा आने वाले समय में कृषि, सिंचाई और जल प्रबंधन के क्षेत्र में इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे।

## बिजली करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खैरा बिंद पंचायत में मंगलवार सुबह बिजली करंट की चपेट में आने से मिठाई और पकौड़ी की दुकान चलाने वाले मिथिलेश चौरसिया की मौत हो गई। घटना के बाद बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बताया गया कि मिथिलेश बेहद गरीब परिवार से थे और सिंघाड़ा व पकौड़ी बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। पिछले वर्ष ही उनके एक बच्चे की नदी में डूबने से मौत हो गई थी। उनकी पत्नी का नाम चिंता देवी है। अब उनके 10 वर्ष के मासूम बच्चे के सिर से भी पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया। घटना के बाद बिजली विभाग और ठेकेदार की कथित लापरवाही को लेकर स्थानीय स्तर पर कार्रवाई की मांग उठी है।

## सामूहिक दुष्कर्म के दोषियों को मिले कठोरतम सजा : डॉ. सुरेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा(औरंगाबाद)।** कुटुम्बा थाना क्षेत्र में इलाज कराने जा रही नाबालिग के साथ तीन युवकों द्वारा कथित सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. सुरेश पासवान ने कड़ा आक्रोश जताया है। उन्होंने घटना को मानवता को शर्मसार करने वाला बताते हुए सभी दोषियों को कठोरतम सजा दिलाने की मांग की है। डॉ. पासवान ने पुलिस द्वारा दो आरोपितों की त्वरित गिरफ्तारी की सराहना करते हुए फरार तीसरे आरोपित को भी शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की। पूर्व मंत्री ने सरकार और जिला प्रशासन से मामले की सुनवाई स्पीडी ट्रायल के तहत कराकर निर्धारित समय सीमा में दोषियों को सजा दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि कठोर कार्रवाई से ही अपराधियों में कानून का भय पैदा होगा। डॉ. पासवान ने कहा कि पीड़िता गरीब और दलित परिवार से है। ऐसे में सरकार को उसके इलाज और परिवार की सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी उठानी चाहिए। उन्होंने विशेषज्ञ चिकित्सकीय उपचार के साथ पीड़िता व उसके परिजनों को पुख्ता सुरक्षा देने की मांग की। साथ ही पीड़िता का आवासीय विद्यालय में नामांकन कराकर उसकी आगे की पढ़ाई का पूरा खर्च सरकार द्वारा वहन करने की बात कही। उन्होंने सरकारी प्रावधानों के तहत मिलने वाली मुआवजा राशि का भी बिना विलंब भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की।

## हत्यारोपित भाई को उम्रकैद और 50 हजार जुर्माना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय के तृतीय जिला जज अशोक कुमार गुप्ता ने दाउदनगर थाना में दर्ज एक कांड में सज़ा की बिंदु पर सुनवाई करते हुए एकमात्र काराधीन अभियुक्त को सज़ा सुनाई है। एपीपी परशुराम सिंह ने कहा कि अभियुक्त दाउदनगर थाना क्षेत्र के अरई गांव निवासी अजय पांडेय को भादंवि धारा - 302 में उम्रकैद और 50 हजार रूपये का जुर्माना की सजा सुनायी गयी है। जुर्माना नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त कारावास होगा। वहीं आर्म्स एक्ट की धारा 27 में तीन साल की सजा और 10 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर दो माह अतिरिक्त कारावास होगी। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेगी। कारा में बिताए अवधि सज़ा में समाहित कर दिया जाएगा। अधिवक्ता ने बताया कि दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात न्यायधीश ने यह सज़ा सुनाई है। अभियुक्त को उल्लेखित धाराओं में 24 अगस्त को दोषी ठहराया गया था। अरई गांव निवासी वाद सूचिका गुड्डी देवी ने 13 मई 2020 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि उनके जेठ उन्हें डांट-फटकार रहे थे तो उसके पति कुंज बिहारी पांडेय ने ऐसा करने से मना किया। इसके बाद दोनों के बीच मारपीट होने लगी। इस दौरान जेठ ने पूजाघर से देसी पिस्तौल निकाल कर फायर कर दिया जो उसके पति के गर्दन में लगी और मौके पर गिर पड़े। परिजनों ने तुरंत इलाज के लिए पति को सदर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## विभिन्न मामलों में 44 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में सोमवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई के फलस्वरूप 44 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 20 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार हत्या के शीर्ष में एक, डकैती के कांड में एक, बलातकार के कांड में दो, एसटी-एससी एक्ट में एक, रंगादारी में तीन, हत्या के प्रयास में पांच, मद्य निषेध अधिनियम के तहत छह तथा अन्य मामलों में 25 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान 45.90 लीटर देसी शराब, एक बाइक एवं एक साइकिल जब्त किया गया है। वहीं जांच अभियान के तहत 1147 वाहनों की जांच कर उनसे 52500 रूपये की राशि वसूली की गई।

## संकट की घड़ी में लोगों की सुरक्षा और उनकी समस्याओं का समाधान करना सर्वोच्च प्राथमिकता : त्रिविक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** लगातार हो रही बारिश से औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों में बाढ़ और जलजमाव की स्थिति को देखते हुए विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर जमीनी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने देव, शाहपुर ठाकुरबाड़ी रोड, कामा बिगहा मोड़, हसौली मोड़, चतुर बिगहा, बाला पोखर, चौरसिया नगर और सुदी बिगहा सहित कई स्थानों पर पहुंचकर जलजमाव और लोगों की समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी आवश्यकताओं और परेशानियों को जाना। विधायक ने संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर प्रभावित इलाकों में जल निकासी, आवागमन तथा राहत और बचाव



कार्य को प्राथमिकता के आधार पर संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में प्रशासन और जनप्रतिनिधि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनता के साथ खड़े हैं। प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए आवश्यक सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराने को कहा गया। श्री सिंह ने कहा कि जनता की सुरक्षा और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## 24 घंटे बाद मिला लापता किशोर का शव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** फ़ेसर थाना क्षेत्र के मोलानगर के समीप सोन कैनाल में डूबकर लापता किशोर का शव एनडीआरफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 24 घंटे बाद बरामद कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह औरंगाबाद शहर के कर्मा रोड स्थित चिरकुटिया बाबा मंदिर के समीप रहने वाले सुशील चतुर्वेदी के पुत्र 16 वर्षीय पुत्र शुभम श्री एवं पुलिस केंद्र के समीप रहने वाले सुशील पांडे के पुत्र यक्ष पांडे कार से किसी कार्य को लेकर मौलानगर की ओर निकले थे। इसी क्रम में उनका कार अनियंत्रित होकर सोन कैनाल में जा गिरी। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से शुभम श्री को किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाला गया जबकि यक्ष पांडे पानी की तेज बहाव में लापता हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची एनडीआरफ और स्थानीय पुलिस की मदद से खोजबीन की जा रही थी। इसी क्रम में मंगलवार की दोपहर बाकन मोड़ के समीप से उसका शव बरामद किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

